CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 335 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 30 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2.00 रुपए पृष्ठ : 8+st

## अरावली को लेकर वर्तमान और अगली शताब्दी के भविष्य को देखते हुए ही निर्णय लें : अशोक गहलोत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर (कासं.)**।पूरे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सुप्रीम कोर्ट के अरावली पर्वतमाला को लेकर दिए गए ताजा निर्णय पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यह एक संवेदनशील विषय है और इस विषय पर वर्तमान हालातो के मध्य नजर ही नहीं बल्कि अगली शताब्दी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ही निर्णय लिया जाना चाहिए उन्होंने कहा कि अरावली को लेकर पिछले दिनों राजस्थान और देश के अन्य राज्यों में जिस तरह से बड़े पैमाने पर आंदोलन हुए कांग्रेस पार्टी जोर-जोर से सड़कों पर उतरी इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग और बड़ी संख्या में आम जन भी सरकार और सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर नाराजी जताई लोगों की यह नाराजगी बिल्कुल सही थी और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी कहीं ना कहीं इस विषय को लेकर लोगों की जन भावनाओं को महसूस किया उन्होंने कहा कि इस मामले में केंद्रीय वन मंत्री के बयान गुमराह करने वाले रहे उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से भी जो रवैया और नीति अपनाई गई वह ठीक नहीं थी उन्होंने कहा कि पहले जो हाई लेवल की कमेटी बनी हुई थी वह कमेटी सिर्फ सुप्रीम कोर्ट को अपनी रिपोर्ट देती थी लेकिन इस कमेटी को केंद्र सरकार ने रद्द किया और फिर सरकार ने अपने स्तर पर नई कमेटी का गठन किया यह नई कमेटी सिर्फ सरकार को रिपोर्ट और रिपोर्टिंग देती है इसलिए सरकार के इस तरह के फैसले अपने आप ही लोगों को गुमराह कर रहे हैं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव का यह बयान की 0.19 प्रतिशत क्षेत्र में ही खनन होगा उनके इस बयान से भी कई तरह के सवाल खड़े होते हैं उन्होंने कहा कि अरावली पर्वतमाला को लेकर काफी गंभीरता पूर्वक सोच समझ कर ही निर्णय लेना चाहिए क्योंकि यह न केवल वर्तमान हालातो और परिस्थितियों से जुड़ा हुआ विषय है बल्कि इस निर्णय से हमारी आने वाली पीढ़ियां और आने वाली शताब्दी में जीने वाले लोगों का और वन्य जीवों का भी जीवन सीधा जुड़ा हुआ है इसलिए इस विषय पर हवा में बातें करने की वजह है बहुत ही सावधानी पूर्वक निर्णय लेने की जरूरत है ताकि लोगों में जो गुस्सा छाया हुआ है वह गुस्सा शांत हो सके।

## असम ही नहीं पूरे देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों की करेंगे पहचानः शाह

**गुवाहाटी(निसं.)**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को असम के एक दिन के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले असम के नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान बटाद्रवा का उद्घाटन किया। बटाद्रवा को 227 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और पवित्र मार्गेरिटा और राज्य के संस्कृति मंत्री बिमल बोरा मौजूद रहे। अमित शाह पहले रविवार रात को अहमदाबाद से गुवाहाटी आने वाले थे, लेकिन कोहरे के कारण उनकी फ्लाइट उड़ान नहीं भर पाई और उनका दौरा सोमवार तक के लिए टाल दिया गया। गृह मंत्री ने असम दौरे की शुरुआत गुवाहाटी में 'शहीद स्मारक क्षेत्र' में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की। इसके बाद बटाद्रवा पहुंचने पर गृह मंत्री का 'गायन-बयान' (गायक और ढोल वादक) द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। शाह ने संत शंकरदेव के जन्मस्थल के केंद्रीय भवन में भी गए जहां 'गुरु आसन' (पूजनीय संत की सीट) रखी है। 'महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव आविर्भाव क्षेत्र' नाम की इस जगह को फिर से विकसित करने का फैसला सबसे पहले 2021-22 के राज्य बजट में प्रस्तावित किया गया था। इस परियोजना को न केवल ऐतिहासिक स्थल बल्कि एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लिए भी डिजाइन किया गया है। यहां महापुरुष शंकरदेव से जुड़े जीवन, आदर्शों और कलात्मक विरासत और राज्य की व्यापक सांस्कृतिक परंपराओं को भी दर्शाया गया है। सरमा ने कहा कि यह परियोजना (आविर्भाव क्षेत्र), महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की विरासत का सम्मान करते हुए, 'असम के सत्रों, नामघरों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की हमारी प्रतिबद्धता' को मजबूत करती है। बोरदुरवा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

# प्रदेश में घुसपैठियों को कोई जगह नहीं, रोड मैप तैयार करके प्रदेश का कर रहे विकासः भजनलाल शर्मा

## जयपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत अधिवेशन का किया उद्घाटन, 23 जिलों से 700 से अधिक कर्मयोगी विद्यार्थी तथा 1000 से अधिक शिक्षाविद और विद्यार्थी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को जोर देकर कहा कि एसआईआर के माध्यम से प्रदेश की मतदाता सूची में घुसपैठ करने वाले एक-एक व्यक्ति को मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा उन्होंने कहा कि प्रदेश में घुसपैठ करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सी. ए. ए. का विरोध कर रही थी लेकिन अब मतदाता सूची शुद्धिकरण की प्रक्रिया में चुन चुन कर मतदाता सूची में घुसपैठ करने वाले लोगों को मतदाता सूची से ही बाहर नहीं निकालेंगे बल्कि देश की सीमा से बाहर करेंगे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को जयपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत अधिवेशन कार्यक्रम में बोल रहे थे उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जो राष्ट्र निर्माण की भावना जन्म लेती है वही आगे चलकर धरातल पर सरकार होती है विद्यार्थी परिषद से निकले अनेक कार्यकर्ता आज उच्च पदों पर स्थापित है उन्होंने कहा कि संगठन में अनुशासन और कर्तव्य परायणता का जो संस्कार परिषद में मिलता है वही एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की नींव साबित हो रहा है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इस अधिवेशन में 23 जिलों से 700 से अधिक कर्मयोगी विद्यार्थी तथा 1000 से अधिक शिक्षाविद और विद्यार्थी इस आयोजन का हिस्सा बन रहे हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने सरकार में आते ही राजस्थान के विकास के लिए रोड मैप बनाया राम जल सेतु परियोजना देवास परियोजना यमुना जल समझौता इंदिरा



गांधी गंग नहर की मरम्मत सहित विभिन्न निर्णय लिए गए उन्होंने कहा कि बिजली के लिए भी हमने कई बड़े निर्णय किए हैं हमने किसानों से वादा किया था कि दिन में बिजली उपलब्ध कराएंगे इस दिशा में 22 जिलों में दिन में बिजली दे रहे हैं जल्दी ही प्रदेश बिजली में आत्मनिर्भर बनेगा साथ ही पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान का आयोजन किया गया इससे निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर सुरक्षित हो रहे हैं उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए जल्दी ही युवा पॉलिसी भी ला रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि वे नौकरी लेने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बने और विकसित राजस्थान में अपनी अहम भूमिका निभाएं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने पिछले 2 साल में सड़क पानी बिजली कृषि उद्योग शिक्षा चिकित्सा रोजगार महिला सुरक्षा कानून व्यवस्था पर्यटन इत्यादि सभी क्षेत्रों में व्यापक कार्य किए हैं और बड़े-बड़े निर्णय लिए हैं जिसके अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं आज देश और विदेश के इन्वेस्टर राजस्थान में निवेश के लिए आ रहे हैं और राजस्थान की अर्थव्यवस्था देश में इस समय सबसे अधिक प्रगतिशील अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

### 2 वर्षों में किया ऐतिहासिक कार्य, पिछली सरकार 5 साल में भी नहीं कर पाई कार्य

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किया और बड़े-बड़े निर्णय लिए हमने जो 2 साल में विकास कार्य किए हैं इतने विकास कार्य पिछली सरकार ने पूरे 5 साल में भी नहीं किया उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में युवाओं की निराशा चरम सीमा पर थी पेपर लीक और भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर था लेकिन हमारी सरकार के कार्यकाल में पिछले दो साल में 296 भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ जिसमें एक भी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक नहीं हुआ उन्होंने कहा कि हमने अब तक 92 000 युवाओं को सरकारी नौकरी दे दी है और 5 साल में चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे इसके अलावा निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में हर साल युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बनाया जा रहा है उन्होंने कहा कि अभी भी करीब 153000 सरकारी भर्तियां प्रक्रिया में चल रही हैं उन्होंने युवाओं से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें सरकार उनके साथ खड़ी है और सरकार उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयास कर रही है उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राजस्थान में बड़ी संख्या में उद्योग नजर आएंगे जहां पर रोजगार के भारी अवसर पैदा होंगे और हमारी सरकार युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में भी कार्य कर रही है इसके लिए हर जिले में रोजगार मेले का आयोजन भी किया जाएगा।

### वर्ष 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व बदलाव आया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं राज्य सरकार भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को आगे बढ़ते हुए अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपनी नीतियों से किसानों को आगे बढ़ाया महिलाओं को सम्मान दिलाया गांव को सड़क से जोड़ा युवाओं की शक्ति को पहचाना गरीब मजदूर का सशक्तिकरण किया तथा निशुल्क चिकित्सा सुविधा देशवासियों को उपलब्ध करवाई मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने 33 जिलों में चयनित विद्यालयों तथा महाविद्यालय में कुल 65 आई स्टार्ट लॉन्च पद नेक्स्ट स्थापित किए गए हैं साथ ही 71 नवीन राजकीय महाविद्यालय की स्थापना स्नाकोत्तर स्तर के 49 तथा स्नातक स्तर के 58 महाविद्यालय में नवीन विषय प्रारंभ करना 12 महाविद्यालयों में विज्ञान एवं पांच महाविद्यालयों में वाणिज्य नवीन संख्या प्रारंभ करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी हमारी सरकार ने किए हैं द्य उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के जो समझौते हुए उसमें एक चौथाई समझौते धरातल पर आ गए हैं और इन्वेस्टरों को जमीन आवंटन की जा रही है जिसकी वजह से बहुत जल्दी ही प्रदेश में उद्योगों का एक नया माहौल देखने को मिलेगा जिसकी वजह से यहां रोजगार के अच्छे अवसर पैदा होंगे उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार प्रवासी राजस्थानियों को भी राजस्थान की माटी से जोड़ रही है और उन्हें यहां के विकास कार्यों के लिए ही नहीं बल्कि सामाजिक सरोकारों के कामों से भी जोड़ने का प्रयास कर रही है ताकि प्रदेश के विकास को गति मिल सके और प्रदेश की जनता को राहत मिल सके ।

## सुप्रीम कोर्ट ने अरावली मामले में अपने ही फैसले पर लगाई रोक, खनन पर सरकार से मांगी स्पष्ट जानकारी


जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। अरावली पर्वतमाला की परिभाषा और संरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है कोर्ट ने केंद्र से कई तकनीकी सवालों पर जवाब मांगा और 20 नवंबर के आदेश पर रोक लगा दी अदालत ने हाई पावर एक्सपर्ट कमिटी गठित करने का प्रस्ताव रखा है मामले की अगली सुनवाई 21 जनवरी को होगी जानकारी के अनुसार अरावली पर्वतमाला से जुड़े बड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मांगा और मौजूदा परिभाषा पर सवाल उठाए हैं मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि वर्तमान परिभाषा से पर्यावरण संरक्षण का दायरा सिमट सकता है कोर्ट ने 20 नवंबर के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए कहा कि किसी भी फैसले से पहले निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच जरूरी है इसके लिए हाई पावर एक्सपर्ट कमेटी बनाने का प्रस्ताव रखा गया है जिसमें डोमेन एक्सपर्ट शामिल होंगे कोर्ट ने खनन इकोलॉजिकल कंटिन्यूटी और संरचनात्मक प्रभावों पर भी जवाब मांगा है अगली सुनवाई 21 जनवरी को होगी।

### मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने 20 नवंबर के आदेश पर उठाए सवाल और स्पष्टीकरण जरूरी बताया

अरावली मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि कोर्ट की कुछ परिणामी टिप्पणियों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है जिस पर स्पष्ट ता जरूरी है मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि 20 नवंबर के आदेश को लागू करने से पहले एक निष्पक्ष और ठोस रिपोर्ट अनिवार्य है उन्होंने अरावली पहाड़ियों और रेंज की परिभाषा 500 मीटर से ज्यादा दूरी की स्थिति खनन पर रोक या अनुमति और उसके दायरे को लेकर आधी अधूरी स्पष्टताओं को सुलझाने की जरूरत बताई ।





### सुप्रीम कोर्ट ने माइनिंग प्लान पर विशेषज्ञों की भूमिका पर जोर दिया

अरावली मामले की सुनवाई के दौरान 40 सीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मुद्दे को समग्र रूप से देखने की जरूरत है और कोर्ट द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया गया है सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि विशेषज्ञों द्वारा एक ठोस माइनिंग प्लान तैयार किया जाएगा जिसे कोर्ट की मंजूरी के बाद ही लागू किया जाएगा इस प्रक्रिया में पब्लिक कंसल्टेशन भी होगा मुख्य न्यायाधीश ने प्रशंसाकी द्य

### अरावली पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया

अरावली बचाओ अभियान के तहत देश भर में उठे विरोध के बीच अरावली को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने खुद ही संज्ञान लिया 100 मीटर की नई परिभाषा पर भर्ती चिताओं को देखते हुए कोर्ट ने मामले की आपात समीक्षा का फैसला किया जिसके मध्य नजर सोमवार को कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई की ।

### 90 के दशक से 2025 तक पहाड़ बढ़ाने की जंग जारी

अरावली में खनन को लेकर विवाद की शुरुआत 1996 में अवैध खनन के खिलाफ याचिका से हुई थी 2002 और 2004 में सुप्रीम कोर्ट ने वन भूमि में खनन पर रोक लगाई लेकिन स्पष्ट परिभाषा न होने से गैप बने रहे इसी का फायदा उठाकर 2018 तक राजस्थान में कम से कम 31 पहाड़ खत्म हो गए 2025 का फैसला इन्हीं कानूनी कमियो को दूर करने की कोशिश के तौर पर लाया गया है ।

### नई परिभाषा से थार रेगिस्तान का रास्ता खुलने की चेतावनी

पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि अरावली पहाड़ियों थार रेगिस्तान को दिल्ली एनसीआर तक फैलने से रोकने वाली हरी भरी दीवार है लेकिन 10 से 30 मीटर ऊंची पहाड़ियों को नॉन हल मानने से उनके खत्म होने का खतरा बढ़ेगा जिससे धूल भरी आंधियां भूजल स्तर में गिरावट और उत्तर भारत में वायु प्रदूषण और गंभीर हो सकता है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संथाली में गाया लोक गीत तो शताब्दी समारोह बन गया यादगार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमशेदपुर के करनडीह स्थित जाहिर थान में पूजा अर्चना की और पंडित रघुनाथ मुरमू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इस दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवारऔर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद रहे द्य जाहिर थान में पूजा अर्चना के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जहीर जहीर थान समिति और ऑल इंडिया राइटर्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित चिकी लिपि के 100 वर्ष पूरे होने के समापन कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया और चिकी लिपि क्षेत्र में योगदान देने वाले साहित्यकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया राष्ट्रपति ने पंडित रघुनाथ मुर्मू के योगदान की सराहना करते हुए संथाली भाषा में संबोधन भी दिया राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमूने करांडीह में आयोजित इस शताब्दी समारोह के कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उन्होंने संथाली में लोकगीत गया जिसे सुनकर मौके पर मौजूद लोग झूम उठे राष्ट्रपति के मुंह से बेहद ही सुरीले अंदाज में लोकगीत गया जिसकी वजह से पूरा कार्यक्रम ऐतिहासिक और यादगार बन गया उनके लोकगीत गायन से समझ में चीनी सी मिठास पैदा हो गई क्योंकि कार्यक्रम में कई साहित्य प्रेमी और संथाली समाज के लोग आए हुए थे जब उन्होंने देश की



प्रथम नागरिक के मुंह से लोकगीत सुना तो वह अपने आप में गर्व महसूस कर रहे थे इस अवसर पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने राष्ट्रपति का अभिवादन करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि जनजातीय समाज की भाषा संस्कृति कला का संजीव उत्सव है वही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संथाली भाषा में अपने संबोधन में झारखंड की धरती पर राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए लिपि के विकास के लिए पंडित रघुनाथ मुर्मू के प्रयासों की सराहना की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरायकेला खरसावां के आदित्यपुर स्थित एन आई टी जमशेदपुर में आयोजित होने वाले 15वें दीक्षांत समारोह में भी शामिल हुई

## एनएसयूआई के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बीके कुशवाह के साथ 15 सदस्यों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

**जयपुर(कासं.)**। भारतीय जनता पार्टी की रीति–नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल कार्यशैली से प्रभावित होकर एनएसयूआई के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष बीके कुशवाह ने सोमवार को अपनी टीम के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी के सानिध्य में बीके कुशवाह और उनकी टीम को पार्टी कार्यालय में भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई गई। भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व राजस्थान के विकास पुरुष मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा प्रदेश संगठन के मुखिया मदन राठौड़ की कार्यशैली से प्रभावित होकर बृजकिशोर कुशवाह ने भाजपा की सदस्यता ली है। सैनी ने बीके कुशवाह एवं उनकी पूरी टीम का भारतीय जनता पार्टी परिवार में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। सैनी ने कहा कि बीके कुशवाह और उनकी टीम संगठन को जमीनी स्तर



पर मजबूत करने का कार्य करेगी और भाजपा की विकास यात्रा को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई से कुंठित होकर तथा भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा संगठनात्मक रीति और विकासपरक सोच से प्रभावित होकर इन सभी कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी को अपना परिवार चुना है।

## भाजपा कार्यालय में मंत्री दरबार का फिर से आगाजः जोराराम कुमावत और विजय सिंह ने सुनी पार्टी जनों की समस्याएं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। प्रदेश भाजपा कार्यालय में सोमवार को फिर से मंत्री दरबार का आयोजन शुरू हो गया है सोमवार को राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत और राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना और उनके निवारण के प्रयास भी किया हालांकि सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में शिकायत लेकर आने वाले पार्टी के कार्यकर्ताओं की संख्या काफी कम थी इसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से मंत्री दरबार का यहां आयोजन नहीं किया जा रहा था क्योंकि राजस्थान



सरकार के मंत्री सरकार के 2 साल के कार्यकाल के पूरा होने के अवसर पर प्रदेश भर में अपने निर्धारित कार्यक्रमों में बिजी थे जिसकी वजह से सत्ता और संगठन की ओर से कुछ दिनों के लिए पार्टी कार्यालय में आयोजित किए जाने वाले मंत्री दरबार को स्थगित कर दिया था लेकिन सोमवार से फिर से मंत्रियों ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठकर पार्टी जनों की शिकायत को सुनकर उनके निवारण के प्रयास शुरू कर दिए हैं अब पहले की तरह है सप्ताह में तीन दिन सोमवार मंगलवार बुधवार को राजस्थान सरकार के मंत्री बारी-बारी से 3 दिन तक प्रदेश भाजपा कार्यालय में उपस्थित होकर पहले की तरह पार्टी जनों के समस्याओं को सुनेंगे जानकारी के अनुसार प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित किया जा रहा पार्टी के कार्यकर्ताओं का यह जनसुनवाई कार्यक्रम सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के लिए ही निर्धारित किया हुआ है यहां पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की ही समस्याओं को सुना जाता है इसके लिए यहां अपनी समस्या लेकर आने वाले व्यक्ति के बारे में संबंधित जिला मंडल और बूथ से जुड़े पार्टी के नेताओं से पूछा जाता है स्थानीय नेताओं से कंफर्म करने के बाद ही उसे मंत्री से मिलवाया जाता है बताया गया है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जब प्रदेश के सभी संभाग के भाजपा संगठन से जुड़े बड़े नेताओं से बातचीत की थी तो उन्हें बताया गया कि सरकार के मंत्री और विधायक उनको तवज्जो नहीं देते इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार के सभी मंत्रियों को प्रदेश भाजपा कार्यालय में ही बैठकर पार्टी जनों की समस्याओं को सुलझाने के निर्देश दिए थे जिसके बाद से प्रत्येक सप्ताह के शुरू के तीन दिन सोमवार मंगलवार बुधवार को दो-दो मंत्री बारी-बारी से प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठकर प्रदेश भर से आने वाले पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनते हैं और उनका निवारण करते हैं पार्टी कार्यकर्ता के इस जनसुनवाई कार्यक्रम में पानी बिजली सड़क पेंशन चिकित्सा शिक्षा राजश्री इत्यादि विभागों से जुड़ी समस्याओं को लेकर तो पार्टी के कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं इसके अलावा तबादलों की समस्या को लेकर भी पार्टी के कार्यकर्ता यहां आते हैं ।

CMYK

## यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाली 06 मोडिफाईड साईलेंसर मोटर साईकिल जब्त



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सुधीर चौधरी (आई.पी.एस.) पुलिस अधीक्षक जिला अलवर ने जानकारी देते हुए बताया कि कांबले शरण गोपीनाथ (आई.पी.एस.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला अलवर व शिवानी (आई.पी.एस.) वृत्ताधिकारी वृत्त ग्रामीण जिला अलवर के नेतृत्व में संजय शर्मा उनि. प्रभारी यातायात शाखा जिला अलवर मय जाप्ते के अलवर शहर में यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ एम वी एक्ट में कार्यवाही की गई जिसमें पटाखे छोडने जैसी ध्वनी निकालने वाली कुल 06 मोडीफाईड साईलेंसर मोटर साईकिल जब्त कर चालान कार्यवाही की गई। मोडीफाईड साईलेंसर खुलवाये गये, इसके अलावा तीन सवारी, बिना हेलमेट, मोबाईल फोन पर बात करने, सीट बैल्ट लगाकर गाड़ी नहीं चलाने पर कुल 398 वाहनों के खिलाफ एमवी एक्ट के अन्तर्गत चालान किये गये एंव समझाईश की गई।

## श्रीराम मंदिर सिटी पैलेस में होंगे 108 संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतवासियों की आस्था का केंद्र श्रीअयोध्या जी में लंबे समय से प्रतिक्षित रहे भगवान श्रीराम जी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ के शुभ अवसर पर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के आव्हान पर देशभर में आयोजित हो रहे प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम को वैदिक ब्राह्मण संघ अलवर धूमधाम से मनाएगा। संघ के कार्यकर्ता पंडित विजय सारस्वत ने बताया कि इस श्रृंखला में वैदिक ब्राह्मण संघ अलवर द्वारा प्राण प्रतिष्ठा दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को सिटी



पैलेस स्थित प्राचीन श्रीराम जी के मंदिर में भगवान का पूजन वंदन कर सामूहिक 108 श्रीहनुमान चालीसा पाठ एवं भजनों का कार्यक्रम होगा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। आचार्य विष्णु जैमन ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात आगे के कार्यक्रमों की योजना भी तैयार की जाएगी।

## राम कथा में त्याग, सत्य और समर्पण से राम राज्य की स्थापना का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के माहेश्वरी भवन में चल रही राम कथा के नवें दिन व्यासपीठ से रतनगढ़ के कृष्णानन्द महाराज ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन पर भावपूर्ण प्रवचन दिया। महाराज ने बताया कि त्याग, सत्य और पूर्ण समर्पण के माध्यम से ही राम राज्य की स्थापना हुई जहां प्रजा सुखी, सुरक्षित और धर्म के मार्ग पर चलने वाली थी। कथा में लंका विजय का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल युद्ध नहीं बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय थी। भगवान राम ने अहंकार, अन्याय और अत्याचार का अंत कर संसार को मर्यादा और न्याय का मार्ग दिखाया। महाराज ने कलियुग में राम नाम सुमिरन की महिमा बताते हुए कहा कि आज के समय में राम नाम ही सबसे सरल और प्रभावी साधन है। राम नाम का स्मरण करने से मन को शांति, जीवन को दिशा और कर्मों को पवित्रता मिलती है। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और जय श्रीराम के जयकारों से माहेश्वरी भवन का वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजकों ने बताया कि राम कथा के माध्यम से समाज को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया जा रहा है। कथा में राजेंद्र आंचलिया, मनोज बछावत, राधेश्याम झंवर, नेमचंद चांडक, राजकुमार मोदी, भरत गौड़, रामवतार चांडक, मनोज दूगड़, महावीर मिमानी, सुरेश पेड़ीवाल, प्रकाश करनानी, प्रकाश चौहान, सुरेंद्र मूंधड़ा, महेश डागा, छगनलाल तोषनीवाल, सुरेश मिमानी, सुमित सोमानी सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

# राजस्थान हैहयवंशी कलाल महासभा का चतुर्थ मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह हुआ संपन्न





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हैहयवंशी कलाल महासभा की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम महासभा भवन परिसर में झंडारोहण किया गया। गणमान्य स्वजातीय बंधुओं द्वारा भगवान सहस्रबाहु अर्जुन की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी मुकेश कलाल, उप सचिव राजभवन, कार्यक्रम के सभापति जय सिंह चौहान, उप सभापति शिवचरण हाडा रहे, अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष कन्हैया लाल पारेता ने की। महासभा के महामंत्री उत्तम चंद चौधरी ने बताया कि समारोह में वर्ष 2025 में आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं में 90' अथवा इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कलाल समाज के 58 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए चयन किया गया है। सभी सम्मानित विद्यार्थियों को कलाल महासभा द्वारा 1100 रूपये नकद, प्रशंसा-पत्र अशोक गुप्ता द्वारा मेडल व शील्ड, चौथमल जायसवाल द्वारा टेम्प्रेचर थर्मस रामस्वरूप मेवाड़ा द्वारा पिटठू बैग, जुगल किशोर जायसवाल द्वारा थर्मस व कप एवं कंचन हाड़ा द्वारा पानी का चार लीटर केम्पर भेंट किये गये। चौधरी ने बताया कि प्रोत्साहन कार्यक्रम में नये बने आजीवन सदस्यो, अन्य गणमान्य स्वजातीय बंधुओं एवं भामाशाहों को भी सम्मानित किया गया। कलाल महासभा के अध्यक्ष कन्हैया लाल पारेता ने बताया कि महासभा का यह चतुर्थ सम्मान समारोह है। जिसमें हर साल राजस्थान में निवास करने वाले कलाल समाज के होनहार बच्चें जो 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 90' या इससे अधिक अंक प्राप्त करते हैं ऐसे बच्चों को सम्मानित करते है। समारोह में स्वजातीय संत श्री हरिहरदास महाराज ने चार वेद एवं भगवान कृष्ण के उपदेशों को सार के रूप में पुस्तक प्रकाशित करवाई उसके बारे में विस्तार से बताया एवं शुद्ध अंग्रेजी उच्चारण के बारे में जानकारी दी। महासभा की ओर से कार्यक्रम में पिछले दिनों दिवंगत गणमान्य स्वजातीय बंधुओं को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी मुकेश कलाल ने ध्यान एवं योग के महत्?व के बारे में बताया और उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओं का ध्यान केन्द्रित करवाकर लाभान्वित होने की अपील की। कार्यक्रम में हंगामी लाल मेवाड़ा, जगदीश स्वरूप मेवाड़ा, नारायण पटेल, डा. पुखराज चौहान, अनिल प्रताप मेवाड़ा, सत्य नारायण चौधरी, माया सुवालका, रामचरण सोमवंशी, हरिबाबू माहुर, हरिश्चवन्द् 'कलाल, संजय जायसवाल (लवाण), राजपाल सिंह, हरिओम हाडा, सुरेन्द्र सिंह, गोविन्द नारायण, वेद प्रकाश, ओम प्रकाश, सत्यनारायण मेवाड़ा, पूरण झिरीवाल, ओम प्रकाश (दूरदर्शन) के.एन.गुप्ता, विजय कटारा, राकेश सेठी, डा.अरविन्द जायसवाल, सत्य नारायण, गायत्री जायसवाल, जमुना चौधरी, आरती धनेटवाल, ललित जायसवाल, राजकुमार धनेटवाल, कमल किशोर, घनश्याम जायसवाल, केदार जायसवाल, सतीश जायसवाल, महेश जायसवाल, मदन जायसवाल, गिरवर चौधरी, सत्यनारायण चौधरी, लोकेश चौधरी, रामअवतार जायसवाल, आनंद स्वरूप मेवाड़ा, लोकेश, राजेश अलवर, रेवती लाल सूरोठ, सहित अन्य असंख्य गणमान्य स्वजातीय बंधु कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। मंच संचालन उत्तम चंद चौधरी एवं प्रकाश मेवाड़ा मुंडारा ने संयुक्त रूप से किया।

## अरावली संरक्षण को मिली बड़ी राहत, सर्वोच्च न्यायालय का फैसला स्वागत योग्य, आमजन की जीत

### जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर ने नंगली चौराहे पर मिठाई बांटकर जताई खुशी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरावली की नई परिभाषा के संदर्भ में अपने पूर्व में दिए गए आदेश पर स्थगन (रोक) लगाए जाने का निर्णय अत्यंत स्वागत योग्य है। यह फैसला पर्यावरण संरक्षण, अरावली पर्वतमाला की सुरक्षा और आमजन के हित में एक ऐतिहासिक कदम है। यह स्पष्ट रूप से जनता की जागरूकता और संघर्ष की जीत है। कांग्रेस पार्टी द्वारा अरावली पर्वतमाला को बचाने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में अरावली बचाओ जनजागरण अभियान चलाया गया, जिसमें आमजन, पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसी जनजागरूकता का परिणाम है कि अरावली के संरक्षण की दिशा में सकारात्मक फैसला सामने आया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय की खुशी में जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर द्वारा सोमवार सायं नंगली चौराहे पर आमजन को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। यह कार्यक्रम अरावली के संरक्षण के लिए निरंतर संघर्ष और जनभागीदारी के संकल्प को और मजबूत करने का प्रतीक होगा। जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के अध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने कहा कि अरावली केवल पहाड़ नहीं, बल्कि हमारी जल,




पर्यावरण, जैव विविधता और आने वाली पीढियों के भविष्य की आधारशिला है। इसके संरक्षण के लिए कांग्रेस पार्टी और आमजन का संघर्ष आगे भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगा। इस अवसर पर अजित यादव, आर्यन जुबेर खान, प्रदीप आर्य, गफ्फूर खान, जोगेन्द्र कोचर, पुष्पेन्द्र धाबाई, कमलेश सैनी, जीतकौर सांगवान, लीली यादव, रेखा चौधरी, चन्द्रभान गुर्जर, जे डी आर्यन, प्रीतम मेहदीरत्ता, हरिशंकर रावत, रामबहादुर सिंह तँवर, हिरेन्द्र शर्मा, राजेश कृष्ण सिद्ध, सतीश भाटिया, छंगामल लखेरा, उमरदीन, रमन सैनी, प्रदीप सिंह, अंकित गोयल, रिपुदमन गुप्ता, के.के. खण्डलेवाल, एम.डी. साहुन, जमशेद खान, एस. आर यादव, पंकज शर्मा, धर्मराज मीणा, प्रमेन्द्र शर्मा, गौरव यादव, राहुल पटेल, नरेन्द्र मीणा, प्रशांत राजा, हिमांशु शर्मा, अनवर साजिद खान, गौरीशंकर विजय, मुन्नालाल सैनी सहित जिला एवं शहर कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, सेवादल व अन्य पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अलवर में संविदा प्लेसमेंट कर्मचारियों का विरोध, काली पट्टी बांध किया प्रदर्शन

### वेतन बढ़ोतरी कि मांग, दी उग्र आंदोलन व कार्य बहिष्कार की चेतावनी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** संविदा प्लेसमेंट संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा सभी सरकारी विभागों में कार्यरत संविदा ठेका कर्मचारियों द्वारा सोमवार को काली पट्टी बांध कर सामान्य चिकित्सालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं उग्र आंदोलन व कार्य बहिष्कार की चेतावनी भी दी गई है। समिति प्रदेशाध्यक्ष यश जोशी द्वारा बताया गया कि राजस्थान सरकार ने बजट घोषणा 2025 में बिन्दु संख्या 97 (5) में राजकीय संस्था गठन को लेकर प्रस्ताव किया, जिसमें सालों से कार्यरत प्लेसमेंट एजेंसी कर्मचारियों को संस्था में लिया जाएगा परन्तु वर्तमान समय तक कोई भी प्रकिया धरातल पर लागू नहीं की गई है। इसके साथ महामंत्री ऋतिक रोशन ने बताया कि सरकार ने 2023 से न्यूनतम मजदूरी दर को बढ़ाया नहीं है जबकि दूसरे राज्यों में समान कार्य करने वालों को लाभ मिल रहा है। अत: समिति की मांग है कि सरकारी विभागों



में ठेका प्रथा पूर्ण रूप से बन्द हो, न्यूनतम मजदूरी दर को दोगुना करें, राजकीय संस्था गठन कर सभी कर्मचारियों को इसमें शामिल किया जाएं। इसी संबंध में कार्यक्रम के बाद पदाधिकारी द्वारा मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम भेजा। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इसके तहत् विभागों में कार्य बहिष्कार भी किया जा सकता है। जिसकी जिम्मेदारी राजस्थान सरकार की होगी।

विरोध प्रदर्शन करने वालों में कम्प्यूटर आपरेटर, नर्सिंग आफिसर, सफाई कर्मचारी, सुरक्षा गार्ड, ड्राइवर, वार्ड बॉय, लैब टैक्नीशियन, फार्मासिस्ट, इलैक्ट्रिशियन, प्लंबर अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में अवैध खनन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित

### 15 जनवरी तक 5 विभागों की संयुक्त टीम द्वारा जिले में अवैध खनन पर अंकुश हेतु की जाएगी प्रभावी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिले में अवैध खनन के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत जिला स्तरीय कमेटी की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए जिला स्तर एवं उपखण्ड स्तर पर खान, वन एवं पर्यावरण, राजस्व पुलिस एवं परिवहन विभाग के गठित संयुक्त दल 15 जनवरी 2026 तक संयुक्त अभियान चलाकर जिले में अवैध खनन, निर्गमन एवं भण्डारण के विरूद्ध प्रभावी रोकथाम की कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्रवाई की रिपोर्ट प्रतिदिन जिला स्तर पर भिजवाई जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले में वन एवं पर्यावरण संबंधित नियमों की पालना सुनिश्चित करावे। खनन पट्टों का निरीक्षण कर पट्टेधारियों से नियमों की पालना सुनिश्चित करावे तथा अवैध खनन क्षेत्रों की प्रभावी मॉनिटरिं कर उनका समयबद्ध रूप में निरीक्षण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वन विभाग वन भूमि, राजस्व विभाग खातेदारी भूमि एवं खान विभाग राजकीय भूमि में अवैध खनन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कडी कार्रवाई करें। इसी प्रकार रीको एवं यूआईटी की भूमि में अवैध खनन होने पर उनके विरूद्ध कडी कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिये कि अभियान के दौरान अवैध खनन एवं भण्डारण क्षेत्रों की जांच कर आवश्यकतानुसार ड्रोन सर्वे कराया जावे। उन्होंने खनि अभियन्ता को निर्देश दिये कि ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई



करें तथा अवैध खनन, निर्गमन एवं भण्डारण के प्रकरणों में निर्धारित अवधि में प्रकरण का कम्पाउण्ड राशि/ निर्धारित शास्ति राशि जमा नहीं करवाने पर एफआईआर दर्ज करावे। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने कहा कि अभियान के दौरान संयुक्त टीम दल की कार्रवाई के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस जाप्ता उपलब्ध कराया जाएगा तथा अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश के लिए स्थानीय पुलिस संयुक्त दल का संहयोग एवं कार्रवाई में मदद करेगी। जिले में जिला स्तर पर जिला स्तरीय संयुक्त टीम में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रभारी रहेंगी तथा इस दल में उप वन संरक्षक अलवर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, खनि अभियन्ता शामिल रहेंगे। इसी प्रकार जिले के सभी उपखण्डों में उपखण्ड स्तरीय संयुक्त टीम रहेगी, जिसके उपखण्ड अधिकारी प्रभारी अधिकारी रहेंगे एवं तहसीलदार, पुलिस उपाधीक्षक, थानाधिकारी, रेंजर, परिवहन निरीक्षक एवं खनि विभाग के अधिकारी शामिल रहेंगे। उक्त दोनों संयुक्त दलों द्वारा प्रतिदिन आपसी समन्वय रखते हुए अवैध खनन के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इसकी रिपोर्ट प्रतिदिन जिला मुख्यालय पर भेजी जाएगी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, खनि अभियन्ता मनोज शर्मा, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी रवीन्द्र जोशी, एसीएफ अलवर योगेश कुमार एवं एसीएफ सरिस्का अंकुश जिंदल मौजूद रहे।

## अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक



### जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में साप्ताहिक समीक्षा एंव जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों की समीक्षा, बिजली, पानी सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, केंद्र की विभागीय फ्लैगशिप योजना एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी शिकायतों को लेकर ना बैठे उनका निस्तारण कर आमजन को लाभान्वित करें। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को अपने विभाग से संबंधित फ्लैगशिप को सही ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में उन्होंने जिले में स्वीकृत जल योजनाओ एवं प्रस्तावित जल योजनाओ की प्रगति के सम्बन्ध मे चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत जल योजनाओं की निविदा एवं कार्य प्रगति की स्थिती की जानकारी प्राप्त की। अधीक्षण अभियंता धर्मवीर सिहं यादव ने बताया कि जल जीवन मिशन में स्वीकृत 543 ग्रामों में से 504 ग्रामो (129764 जल कनेक्शन) के कार्यादेश के तहत 94858 जल कनेक्शन जारी किये जा चुके है। स्वीकृत 543 ग्रामों में 504 ग्रामों के कार्यादेश जारी, 39 ग्राम नान- फिजिबल/ शहरी हो गए है। जारी कार्यादेशो में से 256 ग्रामों की योजनाओं 100 प्रतिशत पूर्ण कर, 92 ग्रामो की योजना ग्राम पंचायतों को हस्तारित की जा चुकी है। जल जीवन मिशन के 317 ग्रामों का कार्य पूर्ण कर 256 ग्राम हर घर जल रिपोर्ट एव 57 ग्राम हर घर जल प्रमाणित किये जा चुके है, 92 ग्रामो की योजना ग्राम पचायतों को हस्तानान्तरित किए गए! जिस पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने प्रगति बढाने हेतू निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि अमृत 2.0 के अंतर्गत टपूकड़ा कार्य प्रगति पर है। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामदयाल, अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड, उपनिदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## जनगणना 2027 की प्रारंभिक तैयारी के संबंध में एक दिवसीय कैम्प बैठक आयोजित

### जनगणना 2027 के सभी कार्य अति महत्वपूर्ण, अधिकारी लापरवाही ना बरतें - अतिरिक्त जिला कलक्टर

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय एवं जिला जनगणना अधिकारी योगेश डागुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 की प्रारंभिक तैयारी के संबंध में एक दिवसीय कैम्प बैठक




आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय ने संबंधित अधिकारियों को जिला, तहसील, राजस्व ग्राम, नगर व वार्ड सूचियों को अंतिम रूप देने, समस्त प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं की पहचान एवं स्थिरीकरण कर इनके सही मानचित्र तैयार करने इत्यादि कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनगणना निदेशालय के निर्देशानुसार जनगणना प्रकोष्ठ का गठन, प्रशासनिक इकाइयों का स्थिरीकरण एवं सत्यापन, मानचित्रों में प्रदर्शन, ब्लॉक निर्माण जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति, फील्ड कार्य के लिए कार्मिकों का अधिग्रहण एवं प्रशिक्षण आदि कार्य प्रारम्भ किया जा चुका हैं। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में सम्पन्न की जाएगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संभवतः मई-जून 2026 में होगा तथा द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना का कार्य फरवरी-मार्च 2027 में सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि यह भारत की प्रथम डिजीटल जनगणना होगी, जो कि मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से होगी तथा जनगणना से संबंधित समस्त कार्यों की निगरानी वेब पोर्टल के माध्यम से होगी। इस जनगणना में ब्लॉक गठन का कार्य एचएलबीसी वेब पोर्टल के माध्यम से होगा। प्रत्येक जनगणना ब्लॉक 700 से 800 की जनसंख्या अथवा 150 से 180 परिवारों का होगा। इन जनगणना ब्लॉकों के मानचित्रों में इनकी प्रशासनिक सीमाओं का निर्धारण करते हुए प्रमुख गलियों, सडकों, चौराहों, नदी, नहरों, भू चिन्हों आदि का भी ध्यान रखा जाएगा। भारत सरकार के गृह मंत्रालय से आए उप निदेशक डॉ. पुलकेश शर्मा ने बताया कि क्षेत्राधिकार परिवर्तन के संबंध में राज्य सरकार द्वारा प्राप्त सभी अधिसूचनाओं को सम्मिलित करते हुए अद्यतित ग्राम सूचियों के अंतिम रूप देने में गांवों की संख्या, राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार हिंदी व अंग्रेजी में गांवों के नाम, गांवों के क्षेत्रफल, मानचित्र इत्यादि को संबंधित तहसीलदार द्वारा प्रमाणित किया गया। यह भी सुनिश्चित किया गया कि नव सृजित गांवों को संबंधित ग्राम सूची में शामिल कर लिया गया है

## जयपुर के गांधी पथ में अपार्टमेंट में गैस सिलेंडर फटा, हेड कांस्टेबल ने दिखाई दिलेरी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में गांधी पथ पर गिर्राज विहार कॉलोनी में विनायक अपार्टमेंट में सिलेंडर फटने की वजह से आग लग गई सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जले हुए सिलेंडर को बाहर निकालने के प्रयास किया इस दौरान हेड कांस्टेबल ने बहादुरी दिखाते हुए जले हुए सिलेंडर को अपार्टमेंट से बाहर निकाल लिया हालांकि सूचना मिलने के बाद अलग-अलग जगह से दमकल की गाड़ियों को मौके पर बुला लिया गया था और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने पूरी कार्रवाई सुनिश्चित कर ली थी लेकिन जिस बहादुरी से हेड कांस्टेबल ने जलते हुए सिलेंडर को अपार्टमेंट से बाहर निकाला उसकी वजह से आग विकराल रूप धारण नहीं कर सकी जिसकी वजह से यहां ज्यादा जान माल का नुकसान नहीं हुआ अन्यथा यहां बड़ा हादसा भी हो सकता था आग की वजह भी खबर लिखे जाने तक सामने नहीं आ पाई थी फिलहाल इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है जानकारी के अनुसार जलते हुए सिलेंडर को अपार्टमेंट से बाहर निकालने के प्रयास में हेड कांस्टेबल झुलस गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है हालांकि हेड कांस्टेबल की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है लेकिन हेड कांस्टेबल की इस बहादुरी के लोक चर्चा करते हुए भी नजर आए लोगों का कहना था कि अगर हेड कांस्टेबल ने जलते हुए सिलेंडर को बाहर नहीं निकला होता तो यहां पर बहुत बड़ा हादसा हो सकता था फिलहाल हेड कांस्टेबल के जल्दी से जल्दी स्वस्थ होने की कामना सभी लोग कर रहे हैं लोगों का यह भी कहना है कि हेड कांस्टेबल को कहीं ना कहीं सरकार को और पुलिस विभाग को सम्मान और पुरस्कार भी देना चाहिए ।

## प्रदेश कांग्रेस युवक कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक आज, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु भी रहेंगे मौजूद

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय में आज प्रदेश युवा कांग्रेस की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हो रही है इस बैठक में युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु भी मौजूद रहेंगे आज की इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है क्योंकि कांग्रेस पार्टी राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश भर में कई तरह के मामलों को लेकर आने वाले दिनों में आंदोलन करने वाली है इस अवस्था में युवक कांग्रेस को इन आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभाई है इसीलिए आज की इस बैठक में युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी शामिल हो रहे हैं जो बैठक में मौजूद राजस्थान के युवक कांग्रेस के अध्यक्ष पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देंगे बैठक राजस्थान युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया और तमाम युवा कांग्रेस के संगठन से जुड़े नेता उपस्थित रहेंगे जानकारी के अनुसार अभी हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की सीडब्ल्यूसी की बैठक आयोजित हुई थी इस बैठक में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन करके सोनिया गांधी राहुल गांधी प्रियंका गांधी शशि थरूर के वेणुगोपाल सहित पार्टी के कई अन्य बड़े नेता मौजूद रहे थे इस बैठक में मनरेगा के नाम परिवर्तन को लेकर कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं ने गहरी आपत्ति जुटा थी और इसके लिए एक बड़ा आंदोलन छेड़ने की बात भी कही थी बाद में 5 जनवरी से कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर पूरे देश भर में सड़कों पर उतरने वाली है और बड़े-बड़े आंदोलन में युवक कांग्रेस हमेशा आगे रहती है युवा कांग्रेस के नेताओं को ही इन प्रदर्शन धरनो में सबसे आगे रखा जाता है इसलिए राजस्थान में भी युवा कांग्रेस कांग्रेस पार्टी की ओर से शुरू किए जाने वाले आंदोलन में जोरदार और प्रभावी भूमिका निभाई इसके लिए युवक कांग्रेस के नेताओं में नया जोश और उत्साह भरने के लिए तथा युवक कांग्रेस के संगठन को और मजबूत करने तथा युवा कांग्रेस के सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी करने जैसे कई विषयों को लेकर आज की इस बैठक में विस्तार से सामूहिक चर्चा भी होगी और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु राजस्थान के युवक कांग्रेस के नेताओं को अपनी ओर से आवश्यक टिप्स और दिशा निर्देश भी देंगे ।

## भूतपूर्व सैनिकों के लिए स्पर्श फीडबैक एवं पेंशन समाधान दिवस का हुआ आयोजन






जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सैनिक कल्याण विभाग, राजस्थान के तत्वावधान में जयपुर के बनीपार्क स्थित सैनिक विश्राम गृह, में स्पर्श फीडबैक एवं पेंशन समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय के अधीन ई. मोनबेमो पैटन, अतिरिक्त उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक तथा महानिदेशक, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य पूर्व सैनिक पेंशनरों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना, रक्षा पेंशनरों से पेंशन से संबंधित फीडबैक प्राप्त करना तथा पेंशन संबंधी शिकायतों/अभ्यावेदनों का अवलोकन एवं संकलन करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह राठौड़, निदेशक, राजस्थान राज्य सैनिक कल्याण विभाग ने की। इस अवसर पर 35 से अधिक गौरव सेनानी बंधुओं सहित, विशेष रूप से स्पर्श पोर्टल पर कार्यरत प्रांत के मुख्य कर्मचारीगण, जयपुर, अजमेर एवं झुंझुनूं जिलों के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक से कर्नल सुधांशु शर्मा तथा अन्य सभी संबंधित स्टेकहोल्डर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्पर्श फीडबैक फॉर्म भरकर एवं आमने-सामने संवाद के माध्यम से अतिरिक्त उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक तथा महानिदेशक महोदय के साथ स्पर्श पोर्टल से संबंधित जानकारी, अनुभव एवं सुझाव साझा किए गए।

# दो सांसद और विधायक आपस में भिड़े, विधायक ने सांसद को धमकाया लड़ाई करनी है तो बाहर आ जाओ


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** डूंगरपुर जिला परिषद सभागार में सोमवार को आयोजित हुई दिशा की बैठक में भारत आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार और भाजपा सांसद मन्नालाल रावत के बीच आपस में जोरदार बहस हुई दोनों सांसदों की आपस की लड़ाई में भारत आदिवासी पार्टी के विधायक उमेश डामोर भी कूद पड़े उमेश डामोर और भाजपा सांसद मन्नालाल रावत के बीच आपस में तीखी नोंक झोंक हुई दोनों के बीच आपस में काफी देर तक तू तू मैं मैं हुई करीब 15 मिनट तक बैठक में इन नेताओं के बीच आपस में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला जिसकी वजह से बैठक में मौजूद अधिकारी भी चुपचाप नेताओं की आपस की लड़ाई को देखते रहे हालांकि नेताओं की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने जैसे तैसे इस लड़ाई को शांत करवाया लेकिन जिला स्तर पर आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में जिस तरह से नेताओं के बीच आपस में टकराव के हालात देखने को मिले और बैठक में जिन मुद्दों पर बातचीत होनी थी उन मुद्दों पर बातचीत होने की बजाय नेता आपस में काफी देर तक लड़ते रहे इसे बिल्कुल भी उचित नहीं ठहराया जा सकता जानकारी के अनुसार सोमवार को डूंगरपुर जिला परिषद के सभागार में दिशा की बैठक में शामिल होने के लिए डूंगरपुर बांसवाड़ा सांसद राजकुमार भाजपा सांसद मन्नालाल रावत और आशापुर से भारत आदिवासी पार्टी के विधायक उमेश डामोर तथा जिले के अन्य जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी और जिला कलेक्टर भी मौके पर मौजूद थे इस दौरान बैठक में एजेंट के अनुसार केंद्र सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा होनी थी लेकिन डूंगरपुर बांसवाड़ा के सांसद राजकुमार राजस्थान सरकार से जुड़े मुद्दों पर भी बैठक में चर्चा करवाना चाहते थे जिस पर भाजपा सांसद मन्नालाल रावत ने कहा कि बैठक का एजेंडा सिर्फ केंद्र सरकार की योजनाओं तक सीमित है इसलिए इस बैठक में केंद्र सरकार की योजनाओं पर ही चर्चा होगी यह सुनकर राजकुमार ने कहा कि वह दिशा के अध्यक्ष है और अध्यक्ष होने के नाते जनता से जुड़े हर विषय पर बैठक में चर्चा करवा सकते हैं इसी बात को लेकर राजकुमार और मन्नालाल रावत केबीच आपस में बहस हो शुरू हो गई दोनों के बीच काफी देर तक हॉट टॉकिंग होती रही इस दौरान भाजपा सांसद मन्नालाल रावत ने खुद को धमकाया जाने वाला जनप्रतिनिधि बताया इसके बाद बैठक में मौजूद आशापुर विधानसभा सीट से भारत आदिवासी पार्टी के विधायक उमेश डामोर भाजपा सांसद मन्नालाल रावत से बहस करने लगे दोनों के बीच काफी देर तक हॉट टॉकिंग हुई इस दौरान विधायक उमेश डामोर ने मन्नालाल रावत को ललकारते हुए कहा कि अगर लड़ाई करनी है तो बाहर आ जाओ हालांकि नेताओं की इस लड़ाई को शांत करने के लिए जनप्रतिनिधियों के बाउंसर दोनों पक्षों को शांत करते हुए नजर आए करीब 15 मिनट तक बैठक में इन बड़े नेताओं के बीच आपस में लड़ाई होती रही जिसकी वजह से बैठक की कार्रवाई भी बाधित हुई और बैठक में मौजूद अधिकारियों के चेहरे पर भी उदासी देखी गई बाद में बैठक की कार्रवाई शुरू हुई जानकारी के अनुसार भारत आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार कह रहे थे कि भाजपा सांसद यहां जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने नहीं आए थे बल्कि भाजपा सांसद सिर्फ लड़ने के मकसद से ही यहां बैठक में आए थे उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी यहां दिशा की बैठक में राजनेताओं के बीच आपस में टकराव की स्थिति देखने को मिली है पूर्व में भी राजकुमार और मन्नालाल रावत के बीच इसी तरह से आपस में लड़ाई हुई थी अब सोमवार को फिर से दिशा की बैठक में ही दोनों नेताओं के बीच आपस में लड़ाई हुई ।

## रणथंभौरमें वर्चस्व की लड़ाई में बाघिन रिद्धि और बेटी के बीच भीषण लड़ाई, मां बेटी दोनों घायल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के सवाई माधोपुर जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध रणथंभौर अभयारण्य में बाघिन रिद्धि और उसकी बेटी के बीच एरिया में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर जोरदार जंग छिड़ गई दोनों के बीच काफी देर तक आपस में लड़ाई होती रही दोनों एक दूसरे पर जानलेवा हमला बोला दोनों ही गुर्राते हुए एक दूसरे पर हमला करती हुई नजर आई दोनों की लड़ाई का यह दृश्य उनकी निगरानी के लिए स्थापित किए गए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ मां बेटी की इस लड़ाई में बेटी के कान पर गहरा घाव हुआ है और बाघिन रिद्धि के पांव पर गहरा घाव हुआ है और वह लंगड़ाते हुए चलती हुई दिख रही है इस पूरे मामले पर वन विभाग के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी कड़ी निगरानी रखे हुए हैं और घायल मां बेटी का उपचार करने की दिशा में वन विभाग के अधिकारियों ने अपनी ओर से प्रयास शुरू कर दिए हैं जानकारी के अनुसार रणथंभौर अभयारण्य में लेक एरिया में टी 124 रिद्धि बाघिन और उसकी बेटी टी 2504 के बीच वर्चस्व को लेकर आपस में लड़ाई हुई हालांकि वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की लड़ाई अक्सर अभारण्य क्षेत्र में वन्यजीवों में होती रहती है यहां पहले भी इस तरह की लड़ाइयां बाघ और बाघिन के बीच खूब हुई है और इस तरह की लड़ाईया में वन्य जीव बुरी तरह से घायल भी हो जाते हैं क्योंकि यह भी इंसानों की तरह अपने इलाकों को लेकर काफी सजग और गंभीर रहते हैं अपने इलाके में दूसरे वन्य जीव को यह किसी भी सूरत में देखना पसंद नहीं करते इसीलिए इस तरह की लड़ाइयां यहां पहले खूब हुई है वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अब दोनों मां बेटी का उपचार किया जाएगा इसके लिए दोनों मां बेटी की गतिविधियों पर बराबर कड़ी निगरानी रखी जा रही है जल्दी ही दोनों मां बेटी को काबू में कर कर उनका उपचार किया जाएगा उल्लेखनीय है कि रणथंभौर अभयारण्य भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में विख्यात है यहां पर बड़ी संख्या में देश और विदेश के पर्यटक बाघ को निहारने के लिए आते हैं बड़े-बड़े राजनेता फिल्म स्टार विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रमुख लोग भी यहां पर भ्रमण के लिए आते रहते हैं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी यहां साल में दो या तीन बार अपने परिवार और मित्रों के साथ जरूर आती हैं प्रियंका गांधी का यह है काफी पसंदीदा पर्यटन स्थल है

## चोमू के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने वीडियो जारी कर भड़काऊ पोस्ट करने वालों को चेताया

### पुलिस की भी कड़ी निगरानी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पिछले दिनों चोमू में बस स्टैंड के पास स्थित मस्जिद के सामने अतिक्रमण हटाने को लेकर हुए बवाल के बाद शहर में स्थिति सामान्य हो गई है शहर के सभी छोटे-बड़े बाजारों में पहले की तरह रौनक दिखने लगी है बाजारों में लोगों की भीड़ भी पहले की तरह नजर आ रही है लेकिन शहर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध अभी भी सुनिश्चित किए गए हैं कई इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल अभी भी तैनात किया हुआ है इस बीच सोशल मीडिया पर चोमू की घटना को लेकर कई भड़काऊ पोस्ट भी सामने आए इसके बाद चोमू के पूर्व भाजपा विधायक रामलाल शर्मा ने बाकायदा वीडियो जारी करके चोमू में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर जाति और बिरादरी के लोगों से अपील की है शर्माने वीडियो जारी करके कहा है कि सोशल मीडिया पर जाति धर्म और भाषा को लेकर भड़काऊ पोस्ट ना करें शर्मा ने कहा है कि घटना के बाद सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट जारी किए गए जो ठीक नहीं है उन्होंने पुलिस को भी इस मामले में सतर्क और कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है हालांकि पुलिस शुरू से ही सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रख रही है पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त राहुल प्रकाश ने पहले ही कह दिया था कि अगर कोई सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी इसलिए पुलिस भी सोशल मीडिया की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखे हुए हैं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात करके उन्हें चोमू में मस्जिद के अतिक्रमण को लेकर उठे विवाद के बारे में अपने स्तर पर भी संपूर्ण जानकारी दी थी और शर्मा ने मुख्यमंत्री से आग्रह भी किया था कि कोर्ट के स्थगन आदेश के अलावा वहां जो अतिक्रमण है उसे हटाया जाए इसके बाद मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक शर्मा को भरोसा दिलाया था कि इस पूरे मामले में कानून और विधि सम्मत करवाई की जाएगी उधर इस मामले में रविवार को पुलिस ने 19 अपराधियों को कोर्ट में पेश किया था जिन्हें 11 दिन दिन की न्यायिक हिरासत में कोर्ट ने भेज दिया था इसलिए फिलहाल इन 19 अपराधियों को जेल में ही रहना पड़ेगा और जेल में ही नया साल मानना पड़ेगा इन 19 अपराधियों पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है हालांकि पुलिस पर पत्थर बरसाने के आरोप में पुलिस ने करीब 110 लोगों को अरेस्ट किया था जिन में कई लोगों की जमानत हो गई थी।

## खींवसर विधायक रेवंत राम के खिलाफ भाजपा कड़ी कार्रवाई करने के मूड में, कारण बताओ नोटिस जारी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी ने नागौर जिले की खींवसर विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक रेवंत राम के खिलाफ कड़ा कदम उठाने की तैयारी कर ली है विधायक निधि फंड में कमीशन खोरी का आरोप झेल रहे रेवंत राम को कारण बताओं नोटिस पार्टी के अनुशासन समिति की ओर से जारी किया जा रहा है इस संदर्भ में सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी के अनुशासन समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता औंकात सिंह लखावत ने की बैठक में पूर्व सांसद रामकुमार वर्मा नारायण पंचारिया सरोज कुमारी चंद्र कृपलानी भी मौजूद रहे बैठक में सर्वसम्मति से खींवसर विधायक रेवंत राम को कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया इसके अलावा बैठक में अनुशासन समिति से जुड़े विषयों के बारे में विचार विमर्श किया गया और समिति के पास अभी जो जो मामले जांच के लिए आए हैं उन सभी मामलों की जांच प्रक्रिया के बारे में भी विचार विमर्श किया गया उल्लेखनीय है कि रेवंत राम पूर्व में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेता थे लेकिन नागौर की पूर्व सांसद और कांग्रेस पार्टी से भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई ज्योति मिर्धा के कहने पर विधानसभा उपचुनाव से पहले रेवंत राम को भारतीय जनता पार्टी में शामिल किया गया और फिर नागौर जिले की खींवसर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में रेवंत राम को भाजपा की ओर से टिकट दिया गया इस उपचुनाव में रेवंत राम को जीत भी हासिल हुई लेकिन पिछले दिनों विधायक निधि फंड के कमीशन खोरी के मामले में रेवंत राम का नाम भी सामने आया इसके बाद राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की ओर से विधानसभा की सदाचार कमेटी को भी मामले की जांच दी गई सदाचार कमेटी की ओर से रेवंत राम अनीता जाटव और भरतपुर के बयान के निर्दलीय विधायक ऋतु इन तीनों विधायकों का विधायक निधि फंड में कमीशन लेने के आरोप लगे थे इन तीनों विधायकों की सदाचार कमेटी भी जांच कर रही है दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की ओर से अपनी पार्टी के विधायक रेवंत राम की अपने स्तर पर भी जांच कर रही है इसी जांच के परिपेक्ष में सोमवार को पार्टी के अनुशासन समिति की ओर से रेवंत राम को कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया ।

## अरावली को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद कांग्रेस ने आंदोलन खत्म किया, डोटासराने निर्णय का स्वागत किया

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सुप्रीम कोर्ट के अरावली पर्वतमाला को लेकर दिए गए निर्णय का स्वागत किया है और सुप्रीम कोर्ट के इस ताजा निर्णय के बाद प्रदेश कांग्रेस की ओर से अरावली पर्वतमाला को लेकर जो आंदोलन किया जा रहा था उसको खत्म करने की बात भी उन्होंने कही है छोटा सा प्रदेश कांग्रेस की ओर से अरावली पर्वतमाला को लेकर जो आंदोलन किया जा रहा था उसको खत्म करने की बात भी कहीं डोटासरा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही निर्णय पर रोक लगाकर जन भावनाओं का सम्मान किया है उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अलावा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों और जिन जिन लोगों ने अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और सुरक्षा को लेकर कांग्रेस के आंदोलन को समर्थन दिया उन सब का डोटासरा ने शुक्रिया अदा किया है डोटासरा ने कहा कि अरावली पर्वतमाला सिर्फ पर्वतमाला नहीं है बल्कि इसका हमारे जीवन और वन्य जीवों से सीधा जुड़ाव है उन्होंने कहा कि प्रदेश में मरुस्थल के प्रसार को रोकने में अरावली का बहुत बड़ा योगदान है इसके अलावा यह बरसात जल संरक्षण वन्यजीवों के संरक्षण और पर्यावरण सभी के लिए वरदान साबित हो रही है इसलिए अगर अरावली पर्वतमाला समाप्त हो गई तो एक तरीके से हमारा जीवन ही समाप्त हो जाएगा इसीलिए कांग्रेस ने इसके संरक्षण और सुरक्षा के लिए बड़ा आंदोलन शुरू किया जिसमें सभी ने सहयोग किया और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी जन भावनाओं का सम्मान करते हुए अपने ही फैसले पर रोक लगाई सोमवार को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डोटासरा सीकर दौरे पर थे सीकर आवास पर उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और अपने क्षेत्र के लोगों से भी मुलाकात करके उनकी समस्याओं को सुना और उनके निवारण के लिए प्रयास भी किया डोटासरा ने पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से भी पार्टी के संगठन को मजबूती देने के लिए कहा डोटासरा ने यह भी कहा कि अब पार्टी में सिर्फ पार्टी के लिए काम करने वाले व्यक्तियों को ही टिकट मिलेगा जो पार्टी के संगठन के लिए ईमानदारी से और मेहनत से काम करेगा पार्टी उसी को आगे बढ़ाएगी डोटासरा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान भी कहा कि मनरेगा को लेकर कांग्रेस पार्टी अब सड़कों पर उतरेगी 5 जनवरी से मनरेगा को लेकर कांग्रेस पार्टी का राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश भर में एक नया आंदोलन शुरू होने वाला है राजस्थान में भी मनरेगा को लेकर कांग्रेस पार्टी जोर-शोर से आंदोलन करेगी उन्होंने कहा कि मनरेगा ने राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में ग्रामीण लोगों की आर्थिक स्थिति को सुधारने में बहुत बड़ा योगदान दिया है लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने एक बार फिर से ग्रामीण लोगों के साथ घोर अन्याय किया है उन्होंने कहा कि पूर्व में मोदी सरकार ने किसान बिल लेकर आए लेकिन कांग्रेस पार्टी ने किसानों के साथ मिलकर इन बिलों का विरोध किया।

# अरावली क्षेत्र में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

### संयुक्त अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर दी गई दबिश

### अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त 2 एक्सकवेटर सहित 16 वाहन किये जब्त




जयपुर टाइम्स


**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिले में अरावली पर्वतमाला क्षेत्र में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार उनके नेतृत्व में चलाए जा रहे संयुक्त अभियान के तहत सोमवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। खनि अभियंता श्याम चौधरी ने बताया कि जिला प्रशासन, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की समन्वित टीमों द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में प्रयुक्त भारी मशीनरी एवं परिवहन वाहनों को जब्त किया गया। अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध की गई कार्रवाई में कुल दो एक्सकवेटर मशीनों सहित 16 वाहन जब्त किए गए हैं। पुलिस थाना खोड़ा विश्ल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बावड़ी, तहसील कालवाड़ में खनिज चूनाई पत्थर का अवैध खनन करते हुए मौके से दो एक्सकवेटर मशीनें एवं तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गईं। इसी क्रम में पुलिस थाना शिवदासपुरा क्षेत्र में बजरी का अवैध परिवहन करते हुए एक डंपर तथा चूनाई पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गईं। उन्होंने बताया कि पुलिस थाना कोटखावदा क्षेत्र में चूनाई पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली, जबकि पुलिस थाना फागी क्षेत्र में इसी प्रकार के अवैध परिवहन में लिप्त एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस थाना मोखमपुरा क्षेत्र में बजरी के अवैध परिवहन में संलग्न दो ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा चूनाई पत्थर के अवैध परिवहन में प्रयुक्त एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी कार्रवाई के दौरान कब्जे में लिया गया। अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस थाना गलता गेट क्षेत्र में चूनाई पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, जबकि पुनः पुलिस थाना खोड़ा विश्ल क्षेत्र में बजरी का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने रविवार को बैठक में सख्त निर्देश जारी किये हैं कि अरावली क्षेत्र की पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी प्रकार के अवैध खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी तथा आगे भी इस प्रकार के संयुक्त अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

## कहानी

### दुष्ट सर्प और कौवे

एक जंगल में एक बहुत पुराना बरगद का पेड़ था। उस पेड़ पर घोंसला बनाकर एक कौआ-कव्वी का जोड़ा रहता था। उसी पेड़ के खोखले तने में कहीं से आकर एक दुष्ट सर्प रहने लगा। हर वर्ष मौसम आने पर कव्वी घोंसले में अंडे देती और दुष्ट सर्प मौक़ा पाकर उनके घोंसले में जाकर अंडे खा जाता। एक बार जब कौआ व कव्वी जल्दी भोजन पाकर शीघ्र ही लौट आए तो उन्होंने उस दुष्ट सर्प को अपने घोंसले में रखे अंडों पर झपटते देखा। अंडे खाकर सर्प चला गया कौए ने कव्वी को ढाडस बंधाया 'प्रिये, हिम्मत रखो। अब हमें शत्रु का पता चल गया हैं। कुछ उपाय भी सोच लेंगे।' कौए ने काफ़ी सोचा विचारा और पहले वाले घोंसले को छोड़ उससे काफ़ी ऊपर टहनी पर घोंसला बनाया और कव्वी से कहा 'यहां हमारे अंडे सुरक्षित रहेंगे। हमारा घोंसला पेड़ की चोटी के किनारे निकट हैं और ऊपर आसमान में चील मंडराती रहती हैं। चील सांप की बैरी हैं। दुष्ट सर्प यहां तक आने का साहस नहीं कर पाएगा।' कौवे की बात मानकर कौव्वी ने नए घोंसले में अंडे दिए जिसमे अंडे सुरक्षित रहे और उनमें से बच्चे भी निकल आए। उधर सर्प उनका घोंसला ख़ाली देखकर यह समझा कि उसके डर से कौआ कव्वी शायद वहां से चले गए हैं पर दुष्ट सर्प टोह लेता रहता था। उसने देखा कि कौआ-कव्वी उसी पेड़ से उड़ते हैं और लौटते भी वहीं हैं। उसे यह समझते देर नहीं लगी कि उन्होंने नया घोंसला उसी पेड़ पर ऊपर बना रखा हैं। एक दिन सर्प खोह से निकला और उसने कौओं का नया घोंसला खोज लिया। घोंसले में कौआ दंपती के तीन नवजात शिशु थे। दुष्ट सर्प उन्हें एक-एक करके घपाघप निगल गया और अपने खोह में लौटकर डकारें लेने लगा। कौआ व कव्वी लौटे तो घोंसला ख़ाली पाकर सन्न रह गए। घोंसले में हुई टूट-फूट व नन्हें कौओं के कोमल पंख बिखरे देखकर वह सारा माजरा समझ गए। कव्वी की छाती तो दुख से फटने लगी। कव्वी बिलख उठी 'तो क्या हर वर्ष मेरे बच्चे सांप का भोजन बनते रहेंगे?' कौआ बोला 'नहीं! यह माना कि हमारे सामने विकट समस्या हैं पर यहां से भागना ही उसका हल नहीं हैं। विपत्ति के समय ही मित्र काम आते हैं। हमें लोमड़ी मित्र से सलाह लेनी चाहिए।' दोनों तुरंत ही लोमड़ी के पास गए। लोमड़ी ने अपने मित्रों की दुख भरी कहानी सुनी। उसने कौआ तथा कव्वी के आंसू पोंछे। लोमड़ी ने काफ़ी सोचने के बाद कहा 'मित्रो! तुम्हें वह पेड़ छोड़कर जाने की जरुरत नहीं हैं। मेरे दिमाग में एक तरकीब हैं, जिससे उस दुष्टसर्प से छुटकारा पाया जा सकता हैं।' लोमड़ी ने अपने चतुर दिमाग में आई तरकीब बताई। लोमड़ी की तरकीब सुनकर कौआ-कव्वी खुशी से उछल पड़ें। उन्होंने लोमड़ी को धन्यवाद दिया और अपने घर लौट आएं। अगले ही दिन योजना अमल में लानी थी। उसी वन में बहुत बड़ा सरोवर था। उसमें कमल और नरगिस के फूल खिले रहते थे। हर मंगलवार को उस प्रदेश की राजकुमारी अपनी सहेलियों के साथ वहां जल-क्रीड़ा करने आती थी। उनके साथ अंगरक्षक तथा सैनिक भी आते थे। इस बार राजकुमारी आई और सरोवर में स्नान करने जल में उतरी तो योजना के अनुसार कौआ उड़ता हुआ वहां आया। उसने सरोवर तट पर राजकुमारी तथा उसकी सहेलियों द्वारा उतारकर रखे गए कपड़ों व आभूषणों पर नजर डाली। कपड़े के ऊपर राजकुमारी का प्रिय हीरे व मोतियों का विलक्षण हार रखा था कौव्वी ने राजकुमारी तथा सहेलियों का ध्यान अपनी और आकर्षित करने के लिए 'कांव-कांव' का शोर मचाया। जब सबकी नजर उसकी ओर घूमी तो कौआ राजकुमारी का हार चोंच में दबाकर ऊपर उड़ गया। सभी सहेलियां चीखी 'देखो, देखो! वह राजकुमारी का हार उठाकर ले जा रहा हैं।' सैनिकों ने ऊपर देखा तो सचमुच एक कौआ हार लेकर धीरे-धीरे उड़ता जा रहा था। सैनिक उसी दिशा में दौड़ने लगे। कौआ सैनिकों को अपने पीछे लगाकर धीरे-धीरे उड़ता हुआ उसी पेड़ की ओर ले आया। जब सैनिक कुछ ही दूर रह गए तो कौए ने राजकुमारी का हार इस प्रकार गिराया कि वह सांप वाले खोह के भीतर जा गिरा। सैनिक दौड़कर खोह के पास पहुंचे। उनके सरदार ने खोह के भीतर झांका। उसने वहां हार और उसके पास में ही एक काले सर्प को कुडंली मारे देखा। वह चिल्लाया 'पीछे हटो!

# बांग्लादेश से सतर्क होने का समय



*बीते दिनों वहां एक और हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। इसके अलावा हिंदुओं के घरों में आगजनी की जा रही है। इसी तरह की घटनाएं तब भी हुई थीं, जब शेख हसीना का तख्तापलटा गया था। भारत और बांग्लादेश के बीच बिगड़ते संबंधों के बीच वहां के सबसे बड़े राजनीतिक दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान जिया का 17 साल बाद लंदन से लौटना एक बड़ा घटनाक्रम है। वह पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे हैं। इस समय खालिदा जिया गंभीर रूप से बीमार हैं और अस्पताल में हैं। यदि फरवरी में होने वाले आम चुनावों में बीएनपी जीत हासिल करती है तो तारिक रहमान देश की कमान संभाल सकते हैं, लेकिन इन चुनावों का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कहना कठिन है। इसका बड़ा कारण यह है कि अंतरिम सरकार ने शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को प्रतिबंधित कर उसे चुनाव लड़ने से रोक दिया है। इतना ही नहीं, उस जमाते इस्लामी को चुनाव लड़ने दिया जा रहा है, जिस पर शेख हसीना ने इसलिए प्रतिबंध लगा रखा था, क्योंकि वह पाकिस्तान समर्थक है। जमात ने बांग्लादेश की लड़ाई के समय पाकिस्तान का साथ दिया था।*

बांग्लादेश में पिछले वर्ष जुलाई में शेख हसीना सरकार के खिलाफ छेड़े गए छात्र आंदोलन से अशांति और अस्थिरता का जो दौर शुरू हुआ, वह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इस आंदोलन के चलते शेख हसीना को सत्ता से बाहर होना पड़ा और उन्हें जान बचाने के लिए भारत में शरण लेनी पड़ी। उनके तख्तापलट के बाद सेना के हस्तक्षेप से वहां बनी अंतरिम सरकार की कमान जब नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने संभाली तो माना यह गया था कि वे अशांति और अस्थिरता दूर कर वहां बन रहे भारत विरोधी माहौल पर भी लगाम लगाने का काम करेंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया।

16 माह बाद भी बांग्लादेश अशांत एवं अस्थिर है और वहां भारत विरोधी तत्व भी बेलगाम हैं। पिछले दिनों वहां जब एक कट्टरपंथी छात्र नेता उस्मान हादी की हत्या कर दी गई तो यह अफवाह फैलाई गई कि उसका हत्यारा भारत भाग गया है। उसके साथ-साथ शेख हसीना को भी सौंपने की मांग कर वहां नए सिरे से भारत विरोधी माहौल बनाया जाने लगा। इसी माहौल में वहां एक हिंदू युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई और फिर उसके शव को सबके सामने जला दिया गया। इसके बाद पुलिस ने स्पष्ट किया कि छात्र नेता के हत्यारे के भारत भाग जाने की कहीं कोई सूचना नहीं। इसके बाद भी वहां भारत विरोधी तत्व उत्पात मचा रहे हैं। वे भारत के उच्चायोग को निशाना बनाने की कोशिश करने के साथ हिंदुओं पर हमले करने में लगे हुए हैं, जबकि हादी के भाई ने उसकी हत्या के लिए मोहम्मद यूनुस सरकार को ही कठघरे में खड़ा किया है। बीते दिनों वहां एक और हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। इसके अलावा हिंदुओं के घरों में आगजनी की जा रही है। इसी तरह की घटनाएं तब भी हुई थीं, जब शेख हसीना का तख्तापलटा गया था।

भारत और बांग्लादेश के बीच बिगड़ते संबंधों के बीच वहां के सबसे बड़े राजनीतिक दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान जिया का 17 साल बाद लंदन से लौटना एक बड़ा घटनाक्रम है। वह पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे हैं। इस समय खालिदा जिया गंभीर रूप से बीमार हैं और अस्पताल में हैं। यदि फरवरी में होने वाले आम चुनावों में बीएनपी जीत हासिल करती है तो तारिक रहमान देश की कमान संभाल सकते हैं, लेकिन इन चुनावों का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कहना कठिन है। इसका बड़ा कारण यह है कि अंतरिम सरकार ने शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को प्रतिबंधित कर उसे चुनाव लड़ने से रोक दिया है। इतना ही नहीं, उस जमाते इस्लामी को चुनाव लड़ने दिया जा रहा है, जिस पर शेख हसीना ने इसलिए प्रतिबंध लगा रखा था, क्योंकि वह पाकिस्तान समर्थक है। जमात ने बांग्लादेश की लड़ाई के समय पाकिस्तान का साथ दिया था। जमाते इस्लामी के साथ ही बांग्लादेश में अन्य ऐसे कट्टरपंथी तत्व बेलगाम हैं, जो भारत विरोध के साथ हिंदुओं पर दमन के लिए कुख्यात हैं। मोहम्मद यूनुस उन पर लगाम लगाने की कहीं कोई कोशिश करते दिख नहीं दिख रहे हैं।बांग्लादेश का जन्म भारत की मदद से हुआ था। वहां लंबे समय सत्ता में रहीं शेख हसीना भारत की मित्र थीं। उनके समय में दोनों देशों के संबंधों में मजबूती आई, लेकिन अब वहां भारत विरोधी माहौल है। इसका बड़ा कारण मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से भारत विरोधी तत्वों की अनदेखी किया जाना है। वे न तो कट्टरपंथी तत्वों पर लगाम लगाने में दिलचस्पी ले रहे हैं और न ही भारत से संबंध सुधारने में। ऐसा लगता है कि शेख हसीना के प्रति उनकी नाराजगी भारत विरोध में तब्दील हो गई है।

वे भारत की चिंताओं का समाधान करने के बजाय उन्हें बढ़ाने का काम करते दिख रहे हैं। बांग्लादेश को लेकर भारत की चिंता इसलिए और बढ़ गई है, क्योंकि मोहम्मद यूनुस उस पाकिस्तान से संबंध बढ़ाने में लगे हुए हैं, जिसने वहां के लोगों पर कहर ढाया था। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि वे भारत को चिढ़ाने के लिए ही पाकिस्तान को अहमियत दे रहे हैं।

बांग्लादेश में केवल पाकिस्तान का ही हस्तक्षेप बढ़ता नहीं दिख रहा, चीन का प्रभाव भी बढ़ रहा है। मोहम्मद यूनुस पाकिस्तान के साथ चीन को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। उनके रवैए से लगता है भारत से दोस्ती उन्हें पसंद नहीं। भारत से संबंध सुधारने में उनकी अनिच्छा से प्रतीति होती है कि वे बांग्लादेश में भारत के खिलाफ माहौल बनाने के लिए कुछ अन्य अंतरराष्ट्रीय ताकतों को भी अवसर दे रहे हैं। ध्यान रहे शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के समय पश्चिमी ताकतों का हाथ देखा गया था। सच जो हो, भारत के लिए यह ठीक नहीं कि बांग्लादेश में पाकिस्तान के साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय ताकतों की भी भूमिका बढ़ती दिख रही है। भारत को न केवल बांग्लादेश में खतरे का सामना कर रहे हिंदुओं के बारे में सोचना होगा, बल्कि इस देश में अपने हितों की रक्षा के लिए भी कूटनीतिक कौशल दिखाना होगा।

## सम्पादकीय

### कनाडा में भारतीयों की सुरक्षा का सवाल



कनाडा में दो सप्ताह के भीतर दो भारतीयों की हत्या ने सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता पैदा कर दी है। पिछले हफ्ते टोरंटो में एक भारतीय महिला की उसके आवास पर हत्या कर दी गई। दूसरी घटना में टोरंटो विश्वविद्यालय के स्कारबोरो परिसर के पास बीस वर्षीय एक भारतीय शोध छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इन वारदात के पीछे क्या कारण थे और इसे किसने अंजाम दिया, इसकी जांच पुलिस कर रही है, लेकिन सवाल है कि आखिर कनाडा में भारतीय मूल के लोगों पर हमले क्यों हो रहे हैं? क्या यह नस्लीय नफरत से उपजी कुंठा और आक्रामकता का नतीजा है या फिर किसी सोची-समझी साजिश की कड़ियां, जो लक्षित तरीके से हमलों का जाल बुना जा रहा है! यही नहीं, कनाडा के एक अस्पताल में हाल में इलाज का इंतजार कर रहे भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि इस व्यक्ति को आठ घंटे से अधिक समय तक इंतजार करने के बाद भी उपचार नहीं मिला और हृदयघात से उसकी जान चली गई। यह घटना न केवल चिकित्सकों की लापरवाही दर्शाती है, बल्कि भारतीय मूल के लोगों के साथ भेदभाव की ओर भी इशारा करती है। गौरतलब है कि कनाडा में भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों की संख्या अच्छी-खासी है। हर साल बड़े पैमाने पर भारतीय युवा वहां उच्च शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं। नीति आयोग की हाल की एक रपट के मुताबिक, उच्च शिक्षा हासिल करने के मामले में भारतीय विद्यार्थी के लिए कनाडा पहली पसंद है। इसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और जर्मनी का स्थान आता है। पिछले वर्ष कनाडा में सवा चार लाख भारतीय विद्यार्थी अध्ययनरत थे। इसके अलावा कनाडा की नागरिकता लेकर वहां बसे भारतीयों की संख्या पंद्रह लाख से अधिक है। ऐसे में सवाल है कि जो भारतीय पढ़ाई या नौकरी के लिए कनाडा जाते हैं, या जो वहां के स्थायी नागरिक बन गए हैं, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां की सरकार और सुरक्षा एजंसियों की नहीं, तो और किसकी है? हाल के वर्षों में कनाडा में भारतीयों पर हमले की खबरें आए दिन आती रहती हैं, जिससे वहां की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। यह बात छिपी नहीं है कि कनाडा में भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों तथा उनके धार्मिक प्रतिष्ठानों पर लक्षित तरीके से हमले की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है। टोरंटो विश्वविद्यालय के शोधार्थी छात्र और उससे पहले एक भारतीय महिला की हत्या को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, टोरंटो के दक्षिण-पूर्वी एडमोंटन स्थित अस्पताल में भारतीय मूल के व्यक्ति को आठ घंटे तक इलाज मुहैया न कराने की घटना प्रथम दृष्टया नस्लीय भेदभाव का मामला ही प्रतीत होता है। इस तरह की घटनाओं को लेकर समान रूप से यह बात भी सामने आई है कि वहां की सुरक्षा एजंसियां कार्रवाई में उतनी तत्पर नजर नहीं आती, जितनी उनसे अपेक्षा की जाती है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि जांच अधिकारी जानबूझकर लापरवाही बरतने का प्रयास करते हैं।

# सुगमता का पर्याय बनें सुधार

*सरकार ने व्यवसाय शुरू करने, चलाने और आवश्यकता पड़ने पर उनके समापन को आसान बनाने के लिए सुधारों की एक समग्रतापूर्ण नीति अपनाई है। इस क्रम में कानूनों को सरल बनाया गया है। प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण हुआ है। कई गतिविधियों को आपराधिक दायरे से मुक्त किया गया है, जिससे कुछ प्रक्रियागत कामकाज गैर-आपराधिक हुए हैं। केवल आवश्यक अनुमतियों के लिए ही प्रतीक्षा करनी पड़ती है और उन्हें प्राप्त करने की प्रक्रिया भी आसान बनाई गई है। गुणवत्ता नियंत्रण से जुड़े नियम भी इतने तार्किक हुए हैं कि उनके चलते लागत पर बोझ न बढ़े। बीते दिनों चार नई श्रम संहिताओं ने सुधारों के इस सिलसिले को नया आयाम दिया है, जिसमें श्रमिकों से लेकर उद्यमियों के हितों को पूरा ध्यान रखा गया है। इन सुधारों को एक लक्षित एमएसएमई एजेंडे के माध्यम से और मजबूती प्रदान की गई है।*



आर्थिक विकास कई बिंदुओं पर निर्भर करता है। ऐसा ही एक प्रमुख बिंदु है कारोबारी सुगमता अर्थात लोगों के लिए कोई व्यवसाय शुरू करना, उसे चलाना और उसका विस्तार करना कितना आसान है। जब नियम सरल होते हैं और निर्णय पूर्वानुमानित होते हैं तो कंपनियां उत्पादन, भर्ती और निवेश पर ध्यान केंद्रित करती हैं। जब प्रक्रियाएं धीमी या अनिश्चित होती हैं तो पूरी ऊर्जा इसी में झोंक दी जाती है कि अनुपालन, मुकदमेबाजी के बोझ और जोखिमों से कैसे बचा जाए। स्पष्ट है कि कारोबारी सुगमता में बाधा समूची आर्थिकी के विकास में बड़ी बाधक बनती है। भारत जैसे देश में तो यह और महत्वपूर्ण हैं, जहां नियामकीय जटिलताएं, कई अनुमतियों की आवश्यकता और अनिश्चित प्रवर्तन उद्यमों के लिए एक छिपे हुए टैक्स की तरह काम करते हैं। इसका परिणाम यह निकलता है कि न केवल आर्थिक गतिविधियों का दायरा सिकुड़ता है, बल्कि जो परियोजनाएं अस्तित्व में भी आना चाहें तो वे देरी के चलते लागत में बढ़ोतरी की शिकार हो जाती हैं।

वर्ष 2014 में केंद्र की सत्ता में हुए परिवर्तन के साथ ही नई सरकार ने इन परेशानियों को समझते हुए कारोबारी सुगमता को बेहतर बनाने के सार्थक प्रयास शुरू किए। सरकार ने व्यवसाय शुरू करने, चलाने और आवश्यकता पड़ने पर उनके समापन को आसान बनाने के लिए सुधारों की एक समग्रतापूर्ण नीति अपनाई है। इस क्रम में कानूनों को सरल बनाया गया है। प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण हुआ है। कई गतिविधियों को आपराधिक दायरे से मुक्त किया गया है, जिससे कुछ प्रक्रियागत कामकाज गैर-आपराधिक हुए हैं। केवल आवश्यक अनुमतियों के लिए ही प्रतीक्षा करनी पड़ती है और उन्हें प्राप्त करने की प्रक्रिया भी आसान बनाई गई है। गुणवत्ता नियंत्रण से जुड़े नियम भी इतने तार्किक हुए हैं कि उनके चलते लागत पर बोझ न बढ़े। बीते दिनों चार नई श्रम संहिताओं ने सुधारों के इस सिलसिले को नया आयाम दिया है, जिसमें श्रमिकों से लेकर उद्यमियों के हितों को पूरा ध्यान रखा गया है। इन सुधारों को एक लक्षित एमएसएमई एजेंडे के माध्यम से और मजबूती प्रदान की गई है। वृद्धि के लिए आकार या दायरे की सीमाओं को संशोधित किया है। उद्यमों को औपचारिक क्षेत्र के अंतर्गत आने के लिए प्रोत्साहन मिला है। ऋण से लेकर सरकारी खरीद तक की पहुंच बेहतर बनाई गई है। अंतिम कड़ी को जोड़ने पर भी जोर दिया गया है। उद्यमों का सबसे अधिक वास्ता जिला प्रशासन से पड़ता है। इसे देखते हुए जिला व्यापार सुधार कार्ययोजना (डी-बीआरएपी), 2025 एक शानदार पहल है। इसमें डिजिटलीकरण, समयबद्ध मंजूरियां, जोखिम-आधारित निरीक्षण और निवेशक सुविधा को जिला स्तरीय शासन में समाहित किया गया है, ताकि कारोबार सुगमता केवल नीतिगत आख्यान तक ही सीमित न रहे, बल्कि दैनिक कामकाज में भी महसूस की जा सके। चर्चा है कि सरकार एक जन विश्वास सिद्धांत पर भी काम कर रही है। यह नियामकीय दृष्टिकोण में गहन बदलाव पर केंद्रित है। इसके मूल में यह है कि विश्वास ही सामान्य दस्तूर होना चाहिए और नियंत्रण अपवाद। इस क्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को छोड़कर अन्य तमाम आर्थिक गतिविधियों के लिए पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। लाइसेंस स्थायी आत्म-पंजीकरण में बदल जाएंगे, निरीक्षण जोखिम-आधारित और अमूमन तृतीय पक्ष द्वारा होंगे और आपराधिक दंड की जगह भी अनुपातिक सामान्य जुर्माना लगाया जाएगा। इसमें राज्य की भूमिका 'आपको किसने अनुमति दी?'

# कांग्रेस का नया अभियान

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जिस तरह मनरेगा बचाओ अभियान छेड़ने की बात कही, उससे यही स्पष्ट होता है कि वे फिर से एक ऐसे मुद्दे को तूल देने जा रहे हैं, जिससे उन्हें और कांग्रेस को शायद ही कुछ राजनीतिक या चुनावी लाभ मिले। यह पहली बार नहीं, जब राहुल गांधी किसी ऐसे मुद्दे को छेड़ने जा रहे हैं, जिसमें जनता का ध्यान आकर्षित करने की क्षमता नहीं दिख रही है। यह सही है कि मनरेगा का केवल नाम ही नहीं बदला गया है, बल्कि उसके कई प्रविधान भी बदल दिए गए हैं और वे भी कुछ इस प्रकार कि कानून रूपी यह योजना एक तरह से नई योजना बन गई है, लेकिन इसके आधार पर ऐसे किसी नतीजे पर पहुंचना सही नहीं कि ग्रामीण विकास और रोजगार



गारंटी के इस कानून को खत्म कर गरीबों के अधिकारों पर कुठाराघात किया जा रहा है। राहुल गांधी मनरेगा बचाओ अभियान के जरिये कुछ ऐसी ही प्रतीति कराना चाहते हैं। इसके लिए वे ऐसे भी तर्क दे रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने मनरेगा की जगह वीबी जीरामजी लाने के पहले न तो कोई अध्ययन कराया और न ही कैबिनेट से किसी तरह का विचार-विमर्श किया। ऐसे तर्क हास्यास्पद ही हैं। ऐसे तर्क तभी दिए जाते हैं, जब सरकार के किसी फैसले, कार्यक्रम अथवा कानून का ठोस तर्कों के साथ विरोध करना कठिन होता है। 20 वर्ष पहले जब मनरेगा को लाया गया था, तब देश की परिस्थितियां भिन्न थीं। बीते दो दशकों में देश के जनजीवन के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बहुत बदलाव आया है। इन बदलावों को देखते हुए मनरेगा जैसी योजना में हेरफेर करना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य हो गया था। इसलिए और भी, क्योंकि समय के साथ मनरेगा में कई कमजोरियां घर कर गई थीं। इन कमजोरियों की चर्चा भी होती थी। प्रायः यह कहा जाता था कि आखिर मनरेगा के तहत कब तक गड्ढे खोदे और भरे जाते रहेंगे? इसी तरह इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि मनरेगा में भ्रष्टाचार की शिकायतें आती रहती थीं। क्या कभी इसका आकलन किया गया कि आखिर मनरेगा से ग्रामीण जीवन में कितना बुनियादी बदलाव आ सका? यदि वीबी जीरामजी के तहत काम के दिन 100 से 125 किए जा रहे हैं और इस योजना के काम अधिक पारदर्शी ढंग से कराने के उपाय किए जा रहे हैं तो इसमें किसी को शिकायत क्यों होनी चाहिए? इसी तरह आखिर इसमें क्या हर्ज है कि अब इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस बुनियादी ढांचे का भी निर्माण कराया जाएगा और केंद्र के स्तर पर उसकी निगरानी बढ़ाई जाएगी?

# पावटा में भाजपा ने दिखाया संगठन का दम, राजेंद्र राठौड़ ने दर्जनों लोगों को दिलाई पार्टी सदस्यता

## कांग्रेस पर किया तीखा प्रहार

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के पावटा आगमन पर रविवार को क्षेत्र में सियासी हलचल तेज नजर आई। होटल होलिडे फन रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा ने जोरदार शक्ति प्रदर्शन करते हुए संगठन विस्तार का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी गोपाल अग्रवाल के संयोजन में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान राठौड़ ने समाजसेवी गोपाल अग्रवाल, झीड़ा का बालाजी महंत पं. सोहनलाल शर्मा सहित तीन दर्जन से अधिक लोगों को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर मंच से भाजपा नेताओं ने नवप्रवेशी सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी उसका अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ता है। संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता से ही संभव है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो राष्ट्रहित, विकास और सुशासन के मुद्दों पर स्पष्ट नीति के साथ काम कर रही है।





### पंचायतीराज चुनाव व जेजेएम घोटाले पर बयानः

पंचायतीराज चुनावों को लेकर राठौड़ ने कहा कि न्यायालय के निर्देशानुसार 15 अप्रैल से पहले चुनाव कराना अनिवार्य है और सरकार इस विषय को लेकर पूरी तरह गंभीर है। जल्द ही चुनाव प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वहीं जेजेएम घोटाले में बानसूर विधायक का नाम आने के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो, यदि दोषी पाया गया तो उस पर कार्रवाई अवश्य होगी। कार्यक्रम में विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, कोटपूतली मंडल अध्यक्ष अरुण सैनी, कोटपूतली पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड़, पिंकी कंवर, युवा नेता महिपाल यादव, हितेन्द्र लाटा, आयुष गोयल, धर्म सिंह भैसलाना, विकास सिंह शेखावत केरोड़ी, भैरूराम हुल्डा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

### डोटासरा को बताया वोट की राजनीति का प्रतीकः

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर निशाना साधते हुए राठौड़ ने कहा कि उन्हें हर दंगे में वोट की फसल नजर आती है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसी सोच से प्रदेश का भला नहीं हो सकता।

### अरावली मुद्दे पर कांग्रेस को घेराः

अरावली क्षेत्र से जुड़े मामले को लेकर राठौड़ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने ही अरावली से संबंधित निर्णयों को स्वीकृति दी थी और उसी समय सर्वोच्च न्यायालय में शपथ पत्र भी दाखिल किए गए थे। अब कांग्रेस अपने ही फैसलों के कारण बनी स्थिति पर प्रदर्शन कर रही है। राठौड़ ने तंज कसते हुए कहा कि 'उल्टे बांस बरेली को जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत सरकार ने साफ कर दिया है कि अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार के खनन की अनुमति नहीं दी जाएगी। कांग्रेस के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह चाय के प्याले में तूफान खड़ा करने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता अब उनके झांसे में आने वाली नहीं है।

### चौमू प्रकरण पर बोले राठौड़ः

चौमू प्रकरण को लेकर राठौड़ ने कहा कि करीब दो दशक पहले वहां हालात इतने खराब हो गए थे कि कई दिनों तक कर्फ्यू लगाना पड़ा था। वर्तमान घटनाक्रम पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने त्वरित संज्ञान लेते हुए शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में संबंधित थाना अधिकारी को पुरस्कृत किया जाना चाहिए।

# लिचाना में फूड लाइसेंस रजिस्ट्रेशन कैंप आज

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** आमजन को शुद्ध एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 'शुद्ध आहार - मिलावट पर वार' अभियान के तहत डिडवाना जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत के निर्देशानुसार जिले में मंगलवार को नावां उपखण्ड के ग्राम लिचाना में खाद्य रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस कैंप का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरेंद्र चौधरी ने बताया कि अभियान के तहत रजिस्ट्रेशन/ लाइसेंस कैंप जिले में लगातार जारी रहेंगे। खाद्य कारोबारकर्ताओं को व्यापार करने के लिए खाद्य रजिस्ट्रेशन लाइसेंस की आवश्यकता होती है अगर रजिस्ट्रेशन लाइसेंस खाद्य कारोबार कर्ताओं के पास नहीं होता है तो खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत धारा 31 में 25000 का जुर्माना बताया गया है। उन्होंने बताया कि सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को कैंपों में भाग लेकर अपना रजिस्ट्रेशन बनाना आवश्यक है। खाद्य कारोबारकर्ता आधार कार्ड, पैनकार्ड, एक स्वयं की पासवर्ड फोटो और बिजली का बिल साथ लाए।

# यादव महासभा के उपाध्यक्ष बने रामनिवास यादव का स्वागत

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** यादव समाज जिला कोटपूतली-बहरोड़ के उपाध्यक्ष पद पर रामनिवास यादव के मनोनयन के पश्चात जयसिंहपुरा कस्बे में उनका भव्य स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं व नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।इस अवसर पर रामनिवास यादव ने समाज के संगठन, एकता, शिक्षा व समग्र उत्थान को लेकर सार्थक और सकारात्मक विचार-विमर्श किया। उन्होंने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के स्नेह, विश्वास और सहयोग से वे न केवल यादव समाज बल्कि सर्व समाज के उत्थान और विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने एक सशक्त, संगठित और प्रगतिशील समाज के निर्माण का संकल्प दोहराया। समारोह में भाजपा नेता अमित चंद, कमलेश भाटोटीया, भेरूराम जजिम, रोहिताश, संतोष, विकास सिंह, सुल्तान यादव, रामकरण यादव, कैलाश यादव, नरेश सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता व समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने रामनिवास यादव को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और समाजहित में उनके नेतृत्व पर विश्वास जताया।



# सांभर फेस्टिवल में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने निरीक्षण कर नमूने लिए



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निसं.)** राज्य सरकार के शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत डॉ टी. शुभमंगला (आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण राजस्थान ) के निर्देश पर सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ओर से सांभर फेस्टिवल में निरीक्षण और नमुनीकरण की कार्यवाही की गई। डॉ मनीष मित्तल (मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय) ने बताया कि सांभर में चल रहे फेस्टिवल में लगभग दो दर्जन अधिकृत फूड स्टॉल्स लगाई गई हैं। जिन पर विक्रय किए जा रहे विभिन्न खाद्य पदार्थों में से कचौरी, चाट पपड़ी, यूज्ड कुकिंग ऑयल, पेस्ट्री, पैकेज्ड स्नैक्स, गाजर का हलवा, जलेबी आदि का नमूना लिया गया। साथ ही, सभी खाद्य व्यवसायियों को स्वच्छता बरतने और खाद्य सामग्रियों को ढक कर, जमीन से ऊपर रखने की हिदायत दी गई। खाद्य पदार्थ जांच लैब से रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात, किसी प्रकार की मिलावट या गुणवत्ता की कमी पाए जाने पर, खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कारवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवधेश गुप्ता और नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे

# कोटपूतली-बहरोड़ कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंद्राज गुर्जर का भव्य स्वागत



## भूरी भड़ाज में उमड़ा जनसैलाब

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** कोटपूतली- बहरोड़ जिले के नवनियुक्त प्रथम कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंद्राज गुर्जर के सम्मान में उनके निवास स्थान भूरी भड़ाज में भव्य स्वागत व अभिनंदन समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व ग्रामीणों की भारी मौजूदगी रही। इस अवसर पर इंद्राज गुर्जर का फूल-मालाओं, साफा बंधवाकर एवं जोरदार नारों के साथ स्वागत किया गया। पूरे कार्यक्रम स्थल पर कांग्रेस समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला और वातावरण कांग्रेस जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इंद्राज गुर्जर ने कहा कि कोटपूतली-बहरोड़ जिले का गठन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त करते हुए आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे और कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। गुर्जर ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। समारोह में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भी अपने विचार रखे और इंद्राज गुर्जर को जिले का नेतृत्व सौंपे जाने को संगठन के लिए सही निर्णय बताया। वक्ताओं ने कहा कि इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व में जिले में कांग्रेस और अधिक मजबूत होगी। कार्यक्रम के अंत में आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।समारोह में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 57 मरीजों की आंखों की जांच

## 11 का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन



जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** कस्बे में स्थित विद्या भारती संस्थान भवन में प्रतिमाह 29 तारीख को आयोजित होने वाले निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण नेत्र शिविर के तहत सोमवार को नेत्र रोगियों की जांच की गई। शिविर में कुल 57 मरीजों की आंखों की विस्तृत जांच की गई, जिनमें से 11 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। यह शिविर आई रिसर्च सेंटर व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के सौजन्य और सहाय हॉस्पिटल, जयपुर की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम की ओर से आयोजित किया गया। आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षणों के पश्चात चयनित मरीजों को ऑपरेशन के लिए जयपुर भेजा गया, जहां उनका लैंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किया जाएगा। प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष तुलसीराम राजस्थानी ने बताया कि चयनित मरीजों की जांच, ऑपरेशन, दवाइयां, आवास, भोजन तथा आने-जाने की समस्त सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क रहेंगी। उन्होंने बताया कि नेत्र रोगियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विद्या भारती संस्थान भवन में प्रत्येक माह की 29 तारीख को स्थाई रूप से नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। शिविर के दौरान प्रबंधन समिति के संरक्षक सत्यनारायण लढ़ा, अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, उपाध्यक्ष मदनलाल पीपलोदा, कोषाध्यक्ष तुलसीराम राजस्थानी व रामप्रसाद कुमावत उपस्थित रहे।

# उप जिला अस्पताल शहर सीमा में बनाने की मांग, युवा शक्ति आज देगी ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** नावा में प्रस्तावित उप जिला अस्पताल के निर्माण स्थल को लेकर एक बार फिर विरोध तेज हो गया है। नावा युवा शक्ति के बैनर तले बुधवार को दोपहर 1:15 बजे उपखंड कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी कि उप जिला अस्पताल नावा शहर से बाहर नहीं बल्कि नावा नगरपालिका क्षेत्र की सीमा में ही बनाया जाए। नावा युवा शक्ति के प्रतिनिधि विकास शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने आम बजट 2021-22 में नावा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने की घोषणा की थी। इसके लिए सरकार की ओर से 41 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति भी जारी की गई थी। यह परियोजना नावा क्षेत्र के हजारों नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार साबित हो सकती थी, लेकिन भूमि विवाद और न्यायालयीन प्रक्रियाओं के कारण पिछले तीन वर्षों से यह महत्वपूर्ण योजना अटकी हुई है। अब हाल ही में प्रशासन की ओर से नावा नगरपालिका के परिधि क्षेत्र में स्थित राजस्व ग्राम राजास में लगभग 3 हेक्टेयर सरकारी भूमि उप जिला अस्पताल के निर्माण के लिए आवंटित की गई है। यह भूमि नावा शहर की अंतिम आबादी सीमा से करीब 8 से 10 किलोमीटर दूर बताई जा रही है। नावा युवा शक्ति का कहना है कि यह स्थान आमजन की पहुंच से बाहर है। विकास शर्मा ने कहा कि यदि अस्पताल शहर से इतनी दूर बनाया जाता है तो बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और गंभीर रोगियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आपातकालीन स्थितियों में समय पर अस्पताल पहुंचना मुश्किल हो जाएगा, वहीं दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण परिवहन की भी पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी नुकसान उठाना पड़ेगा। नावा युवा शक्ति ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए उप जिला अस्पताल का निर्माण नावा शहर की सीमा के भीतर ही किया जाए, ताकि सभी वर्गों को सुलभ, सस्ती और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## जनसमस्याओं को लेकर प्रशासन से गुहार

# लोहराना चौराहे पर तेज रफ्तार का खतरा, पेयजल को तरसे लोग

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** शहर के ग्रामीण क्षेत्र लोहराना ग्राम में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए ज्ञापन सौपा है। युवा नेता जितेंद्र चौधरी ने बताया कि एक ओर जहां पुनियो की ढाणी व रामुबाबा की ढाणी में बीते तीन वर्षों से नियमित पेयजल आपूर्ति बाधित है, वहीं दूसरी ओर लोहराना चौराहे पर तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। जितेंद्र चौधरी ने बताया कि लगभग 700 की आबादी वाले इन ढाणियों में नलों से पानी नहीं आने के कारण मजबूरी में खारा पानी पीना पड़ रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। टैंकर से पानी मंगवाने पर प्रति टैंकर लगभग 700 रुपये खर्च करना पड़ता है, जो गरीब परिवारों के लिए संभव नहीं है। पूर्व में जल कनेक्शन के लिए 1250 रुपये की राशि जमा करवाने के बावजूद पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने जमा करवाई गई राशि वापस दिलाने और शीघ्र नियमित पेयजल व्यवस्था शुरू करवाने की मांग की है। साथ ही बताया कि काफी लोगो ने आसपास की ढाणियों में अवैध जल कनेक्शन लर रखे है जिससे हमारी ढाणियों में पानी की समस्या उतपन्न हो गई है। वहीं लोहराना चौराहे पर तीन तरफ से वहां आते है ,जयपुर, लूणवा की तरफ से ओर जाबदी नगर की ओर से आने वाले वाहनों की तेज गति के कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, ऐसे में ठेकेदार को निर्देश देकर दोनों ओर स्पीड ब्रेकर (स्लो ब्रेकर) लगवाए जाएं, ताकि हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। दोनों ही मामलों में ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी नावां से शीघ्र कार्रवाई कर राहत प्रदान करने की मांग की है। इस दौरान रामनिवास पुनिया, रामसुख कुमावत, मोतीराम ब्याज्या, बिरदीचंद, सुरेश कुमार, गोरधनलाल ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर ज्ञापन सौपा है।

# उप जिला अस्पताल जमीन आवंटन मामला फिर गर्माया: ट्रैक्टरों के काफिले के साथ नावा पहुंचे सैकड़ों ग्रामीण

## उप जिला अस्पताल राजास में ही बनाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर (निस)** डीडवाना- कुचामन जिले के नावा में उप जिला अस्पताल के निर्माण स्थल को लेकर एक बार फिर माहौल गरमा गया है। सोमवार को राजस्व ग्राम राजास के सैकड़ों ग्रामीण ट्रैक्टरों के काफिले के साथ उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिला कलेक्टर, डीडवाना-कुचामन के नाम ज्ञापन सौंपकर अस्पताल का निर्माण राजास में ही शुरू करने की जोरदार मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने अस्पताल की भूमि आवंटन प्रक्रिया के लिए प्रशासन और राज्य सरकार का आभार भी जताया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उप जिला अस्पताल राजास में बनता है तो नावा शहर के साथ-साथ आसपास की करीब 10 ग्राम पंचायतों और लगभग 70 गांवों की बड़ी आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। यह क्षेत्र नमक उद्योग, रीको औद्योगिक क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थानों और बड़ी संख्या में श्रमिकों का प्रमुख केंद्र है, जहां उन्नत चिकित्सा सुविधाओं की वर्षों से सख्त जरूरत महसूस की जा रही है।



### राजनीतिक दबाव में भूमि निरस्तीकरण का आरोप

प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव में राजास में आवंटित सरकारी भूमि को निरस्त किया गया, तो वे आंदोलन तेज करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि यह मामला केवल भूमि का नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के स्वास्थ्य अधिकार से जुड़ा हुआ है।

### 41 करोड़ की स्वीकृति, फिर भी निर्माण अटकाः


गौरतलब है कि राज्य बजट 2021-22 में नावा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने की घोषणा की गई थी और इसके लिए 41 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी जारी हुई। बावजूद इसके, भूमि विवाद और न्यायालयी प्रक्रियाओं के चलते अब तक अस्पताल का निर्माण शुरू नहीं हो सका है, जिससे क्षेत्रवासियों में निराशा और आक्रोश दोनों बढ़ते जा रहे हैं।

### राजास बनाम शहरी क्षेत्र–प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती

हाल ही में प्रशासन की ओर से नावा नगरपालिका क्षेत्र से 8 से 10 किलोमीटर दूर ग्राम राजास में 3 हेक्टेयर सरकारी भूमि आवंटित की गई है। वहीं दूसरी ओर, नावा शहरी क्षेत्र के निवासी और विभिन्न सामाजिक संगठनों का एक वर्ग अस्पताल को शहर की सीमा में ही बनाए जाने की मांग कर रहा है। सोमवार को शहरी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न समाजों ने भी अलग से ज्ञापन सौंपकर अपनी बात रखी।

### स्वास्थ्य सुविधा पर टिकी उम्मीदें:

एक ओर ग्रामीण राजास को अस्पताल के लिए उपयुक्त बताते हुए आंदोलनरत हैं, तो दूसरी ओर शहरी क्षेत्रवासी अपनी सुविधा को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऐसे में उप जिला अस्पताल का अंतिम स्थान तय करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। फिलहाल, पूरे मामले पर जिलेभर की नजरें टिकी हैं और आमजन को उम्मीद है कि जल्द ही कोई ठोस निर्णय लेकर वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजना को धरातल पर उतारा जाएगा।



## धुरंधर की सफलता के बीच अक्षय खन्ना ने छोड़ी दृश्यम 3

बॉलीवुड के मंझे हुए अभिनेता अक्षय खन्ना इन दिनों धुरंधर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में रिलीज हुई स्पाई थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई कर न सिर्फ निर्माताओं को मालामाल किया, बल्कि अक्षय खन्ना को भी एक बार फिर इंडस्ट्री के सबसे दमदार कलाकारों की कतार में खड़ा कर दिया। रणवीर सिंह जैसे सुपरस्टार्स के बीच भी अक्षय का किरदार चर्चा का केंद्र बना हुआ है। फिल्म में उनके एंट्री सीन से लेकर उनके अंदाज और स्क्रीन प्रेजेंस तक सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।

दरअसल एक्स पर बॉलीवुड मशीन नाम के पेज ने दावा किया है कि अक्षय ने दृश्यम 3 छोड़ दी है जिसकी वजह है उनको मिलने वाला पैसा और अपने किरदार को लेकर मतभेद। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'धुरंधर' की जबरदस्त सफलता के बाद अक्षय खन्ना ने अपनी फीस में बढ़ोतरी की मांग की थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने किरदार के लुक को लेकर भी कुछ अहम बदलाव चाहें। माना जा रहा है कि इन्हीं मांगों को लेकर निर्माता पक्ष के साथ बातचीत अटक गई और बात यहां तक पहुंच गई कि एक्टर ने फिल्म से दूरी बना ली।

इस खबर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कई लोगों ने अक्षय खन्ना के फैसले को सही ठहराया। उनका कहना है कि जिस अभिनेता ने हालिया ब्लॉकबस्टर में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराई हो, उसकी वैल्यू बढ़ना स्वाभाविक है। वहीं कुछ फैंस इस खबर से मायूस भी नजर आए, क्योंकि वे 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में अक्षय खन्ना को एक बार फिर देखना चाहते थे। कई यूजर्स ने यह भी लिखा कि अक्षय जैसे कलाकार को और ज्यादा मजबूत और चुनौतीपूर्ण किरदार मिलने चाहिए। दिलचस्प बात यह है कि सूत्रों के अनुसार, बातचीत अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। मेकर्स और अक्षय खन्ना के बीच चर्चा जारी बताई जा रही है। ऐसे में यह कहना जल्दबाजी होगी कि अभिनेता वाकई 'दृश्यम 3' से बाहर हो चुके हैं या आने वाले दिनों में कोई बीच का रास्ता निकल आएगा।



## प्रतीक बब्बर के साथ स्क्रीन शेयर करना मजेदार रहा



पॉपुलर वेब सीरीज फोर मोर शॉट्स प्लीज के चौथे और अंतिम सीजन में एक्ट्रेस प्रिया बनर्जी ने अपने पति प्रतीक बब्बर के साथ स्पेशल कैमियो किया है। यह शादी के बाद कपल का पहला ऑन-स्क्रीन कोलैबोरेशन है। प्रिया ने बात करते हुए इस अनुभव को मजेदार बताया। प्रिया ने कहा, प्रतीक के साथ जिंदगी का नया चैप्टर शुरू करने के बाद स्क्रीन शेयर करना काफी खास लगा। शादी की तस्वीरें वायरल होने के बाद मेकर्स ने इस छोटे कैमियो के लिए उनसे संपर्क किया था। प्रिया ने बताया, प्रतीक चाहता था कि मैं यह प्रोजेक्ट करूं, क्योंकि यह उनके सबसे पसंदीदा शो में से एक है। यह फैसला भी मैंने अचानक से लिया। मैंने सच में यह सिर्फ मजे और उनके साथ उस पल को स्क्रीन पर शेयर करने की खुशी के लिए किया। फोर मोर शॉट्स प्लीज का चौथा सीजन हाल ही में प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ है, जो सीरीज का फाइनल सीजन है। इसमें मुख्य किरदारों के साथ प्रतीक अहम भूमिका में हैं, जबकि प्रिया का कैमियो दर्शकों के लिए सरप्राइज है। यह सीरीज चार महिलाओं की जिंदगी, दोस्ती, प्यार और चुनौतियों पर आधारित है।

प्रिया इससे पहले भी प्रतीक के साथ काम कर चुकी हैं। इसी साल अक्टूबर में प्रतीक और प्रिया ने एक फैशन इवेंट में शानदार सफेद आउटफिट्स में साथ रैंप वॉक किया था। जब उनसे पूछा गया कि पत्नी के साथ या किसी दूसरी एक्ट्रेस के साथ रैंप वॉक ज्यादा मजेदार लगता है, तो प्रतीक ने बताया था कि प्रिया के साथ रैंप पर चलना उन्हें आत्मविश्वास के साथ खुशी भी देता है, जो किसी और के साथ नहीं मिलती। प्रिया और प्रतीक ने 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे पर करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में घर पर शादी की थी। कपल ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट कर प्रशंसकों को जानकारी दी थी।



## सलमान खान के साथ काम करने पर बोलीं चित्रांगदा सिंह




नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई रात अकेली है- द बंसल मर्डर्स सोशल मीडिया पर छा चुकी है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सिंह की एक्टिंग को बहुत सराहा जा रहा है। अब अभिनेत्री ने फिल्म में अपने किरदार और सलमान खान के साथ आने वाली फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर भी जानकारी शेयर की है। अपने किरदार और फिल्म पर बात करते हुए चित्रांगदा सिंह ने कहा कि फिल्म में उनके किरदार में दुख है, टेंशन है, सस्पेंस है, और पावर भी है। एक ही समय पर एक किरदार अलग-अलग इमोशंस से जूझ रहा है, और मेरे लिए एक एक्ट्रेस होने के नाते, मुझे इस किरदार के जरिए अपनी कला को दिखाने का मौका मिला है।

अपनी फिल्म को मिल रही तारीफ को लेकर अभिनेत्री ने कहा कि ये दर्शकों का प्यार और हमारी टीम की मेहनत है, जहां दर्शकों ने हर किरदार को प्यार दिया है। मैं सबसे ज्यादा श्रेय राइटर्स को दूंगी, क्योंकि उन्होंने एक-एक लाइन को ऐसा लिखा है कि कुछ बदलाव करने की जरूरत ही नहीं थी और फिल्म थ्रिलर थी, तो किरदार के साथ एक्सपेरिमेंट भी नहीं कर सकते हैं। राइटर्स ने एक-एक डायलॉग को बहुत अच्छे से लिखा है, जिसने कहानी को अच्छे से आगे बढ़ाया है। हाउसफुल 5 और रात अकेली है की शूटिंग करते वक्त अपने इमोशंस और किरदार पर पकड़ बनाने के सवाल पर अभिनेत्री ने कहा कि ये हो जाता है, क्योंकि सेट पर जो वाइब होती है, वह आपको किरदार में ढलने में मदद करती है और इससे परफॉर्मेंस पर भी फर्क पड़ता है। मुझे बहुत मजा आ रहा था कि एक साथ दो अलग-अलग किरदार निभाने का मौका मिला।

सलमान खान के साथ फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में काम करने के अनुभव पर अभिनेत्री ने कहा, गलवान फिल्म सिर्फ फिल्म नहीं है, ये एक इमोशन है क्योंकि फिल्म में मसाला देखने को नहीं मिलेगा। फिल्म में कई ऐसे सीन्स हैं जो आपको इमोशनल कर देंगे। ये एक कमर्शियल फिल्म है और उम्मीद है कि इससे मेरा करियर और बेहतर होगा। उन्होंने ये भी बताया कि वे गलवान के साथ-साथ एक स्पोर्ट्स बायोपिक को भी प्रोड्यूस कर रही हैं, लेकिन फिल्म के नाम का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है।

## फिल्म बॉर्डर 2 के लिए अहान शेट्टी ने जमकर बहाया पसीना



फिल्म बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज हो चुका है और इसके रिलीज के बाद से ही अहान शेट्टी चर्चा के केंद्र में हैं। फिल्म के टीजर से यह साफ है कि यह फिल्म सिर्फ एक सीक्वल नहीं, बल्कि एक नए दौर के एक्शन हीरो की दस्तक है। इसमें अहान शेट्टी की मौजूदगी पहली ही झलक में असर डालती है।

फिल्म के टीजर में उनकी लंबी कद-काठी, भारी आवाज और स्क्रीन पर ठहराव से वो दर्शकों को प्रभावित करते हुए नजर आ रहे हैं, हालांकि ये सिर्फ लुक्स का नतीजा नहीं है। बॉर्डर 2 के लिए अहान ने महीनों तक सख्त अनुशासन में खुद को ढाला। उन्होंने फंक्शनल स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, खेलों के जरिए स्टैमिना बढ़ाया और आधुनिक रिकवरी तकनीकों को अपनाया। फिल्म में सैनिक का किरदार निभाने के लिए अहान ने कड़ी ट्रेनिंग का सहारा लिया है। फिल्म में अपने किरदार पर बात करते हुए अहान ने कहा, सेना की वर्दी पहनना सिर्फ एक रोल नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। उनके लिए 'बॉर्डर 2' किसी करियर माइलस्टोन से ज्यादा, उन असली सैनिकों को सलाम है जो देश के लिए यह वर्दी पहनते हैं। अहान की फिल्म के टीजर में दमदार स्क्रीन प्रेजेंस ने न सिर्फ दर्शकों का ध्यान खींचा है, बल्कि यह साफ कर दिया है कि बॉलीवुड की एक्शन थ्रिलर के नए सुपरस्टार अब आ चुके हैं।

## धुरंधर में अपने भयानक किरदार को लेकर क्या सोचते हैं अर्जुन



आदित्य धर की फिल्म धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। यह इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल हो चुकी है। रणवीर सिंह की अदाकारी वाली इस फिल्म में अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन जैसे दमदार कलाकार नजर आ रहे हैं। अपनी मजबूत कहानी, जबरदस्त अभिनय और बेहतरीन म्यूजिक की वजह से इसे पूरे देश में दर्शकों का प्यार मिल रहा है।

### धुरंधर में अर्जुन रामपाल की भूमिका

फिल्म में अर्जुन रामपाल ने मेजर इकबाल का किरदार निभाया है, जो एक निर्दयी आईएसआई मास्टरमाइंड है। उनके इस रोल को लेकर काफी तारीफ हो रही है। ग्रेजिया इंडिया से बातचीत में अर्जुन रामपाल ने बताया कि इस तरह का किरदार निभाना उनके लिए भावनात्मक रूप से काफी मुश्किल था। वह शूटिंग खत्म होते ही इस रोल से बाहर आना चाहते थे।

### किरदार से बाहर आना चाहते थे अर्जुन रामपाल

अर्जुन रामपाल ने कहा मैं इस किरदार से जितनी जल्दी हो सके बाहर निकलना चाहता था। यह फिल्म करना इसलिए भी जरूरी था क्योंकि यह एक अहम कहानी पर बनी है। किसी घटना को बाहर से देखना अलग बात है, लेकिन पर्दे के पीछे क्या हुआ, उसे दिखाना ज्यादा रोमांचक होता है। शूटिंग के दौरान मुझे बहुत बुरा लगता था क्योंकि मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं, लेकिन यही एक अभिनेता का काम होता है और उसे उस किरदार में पूरी तरह उतरना पड़ता है।

## गिफ्ट के नाम पर मुझे तलाक का नोटिस मिला



**बीते दिनों जब सेलिना जेटली भारत लौटी, तो उन्होंने कहा, मैंने खुद को, अपने सम्मान और स्वाभिमान को बचाया था। साल 2010 में उनकी शादी हुई थी और उसके बाद से ही वह ऑस्ट्रिया में रह रही थीं, अब निजी जिंदगी के बुरे अनुभव के बाद वह मुंबई लौटी हैं। उन्होंने अपने पति पीटर हाग के खिलाफ घरेलू हिंसा का केस दर्ज करवाया है। इसके अलावा वह 2024 से ही काफी परेशानियों का सामना कर रही हैं।**

**आप सोशल मीडिया पर अपने बच्चों विंस्टन, विराज, आर्थर के साथ मजेदार विडियो शेयर करती थीं। हालांकि अब लगता है कि कहानी उतनी अच्छी नहीं है। आपने हाल ही में माना था कि सालों से आपकी शादीशुदा जिंदगी में दरार थी। आप कितने समय से इस नाखुश शादी में जी रही हैं?**

सोशल मीडिया पर जो नजर आता है वो असल जिंदगी का सिर्फ एक छोटा सा हिस्सा होता है। दुनिया को पता चलने से पहले ही मैं कई सालों से इस खराब शादी से जूझ रही थी। बाकी महिलाओं की तरह ही मैंने भी अपने बच्चों की वजह से चीजों को सामान्य बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन निजी तौर पर मैं बहुत मुश्किल चीजों का सामना कर रही थी।

**क्या आपको इस बात का पछतावा होता है कि आप इतने साल तक इस बुरे रिश्ते में क्यों थीं, और क्या आपको लगता है कि आपको पहले ही भारत वापस आ जाना चाहिए था?**

मुझे अपने परिवार को एक साथ रखने की किसी भी कोशिश का कोई पछतावा नहीं है। अपने माता-पिता को खोने के बाद, दूर जाने या खुद के लिए खड़े होना, जैसी चीजों के लिए भी मैं असुरक्षित महसूस करने लगी थी। मैं पहले ही अपने भावनात्मक रूप से सहारा देने वाले अपने करीबी लोगों को खो चुकी थी, और मुझे सब कुछ खोने का डर रहता था, खासतौर पर अपनी फाइनेंशियल आजादी और अपने बच्चे। मुझे अपने बच्चों को अपना एक घर देना था, जिस कल्चर में वह पले-बढ़े थे, उसका सम्मान बरकरार रखना था। इसके साथ ही मुझे ये जिम्मेदारी भी महसूस हुई कि उन्हें अचानक से ऐसे माहौल से दूर ना किया जाए जहां वह घर जैसा फील करते थे, जिनमें उनका स्कूल, रूटीन और उनकी पूरी दुनिया बसी हुई थी। मुझे खुद को सुरक्षित करने के बारे में तभी सोच सकती थी, जब मैं खुद को इन सब चीजों से सिक्योर कर पाती।

**आपके भाई मेजर (सेवानिवृत्त) विक्रांत कुमार जेटली, सितंबर से अबू धाबी में हिरासत में हैं। क्या उन्हें वहां से निकालने की इस लड़ाई में आप अकेली रही हैं? इस मामले में क्या कुछ चल रहा है? आपने आखिरी बार उनसे कब बात की थी?**

मैं पूरी तरह से अकेली नहीं हूं, लेकिन मैं कानूनी और कूटनीतिक रास्ते को लेकर लगातार हर संभव कोशिश कर रही हूं। मामला काफी सेंसटिव है, और अभी भी चल ही रहा है और इस बारे में जानकारी को लेकर भी मुझे सतर्क रहना होगा। मेरे भाई के साथ मुझे संपर्क करने की पूरी आजादी न होना, मेरे लिए सबसे तकलीफ देने वाले पहलुओं में से एक है।

**क्या आप भारत में एक नई जिंदगी की शुरुआत करने के लिए आई हैं?**

मेरा भारत आना कोई विकल्प नहीं था, बल्कि मेरे लिए जरूरी था। मैं खुद को, अपने सम्मान और स्वाभिमान को बचाना चाहती थी। गिफ्ट के नाम पर मुझे तलाक का नोटिस मिलने के बाद, मुझे ये जानकर गहरा सदमा लगा कि शादी होने के बाद भी मेरी आजादी को छीने जाने की और कोशिशें की जा रही थीं। अपने होम ग्राउंड पर वापसी से मुझे मजबूती से खड़े होने, सिर ऊंचा करके लड़ाई लड़ने और अपनी आवाज को वापस पाने का मौका मिला है।

**क्या आप एक्टिंग में कमबैक का प्लान बना रही हैं?**

मेरा काम सिर्फ एक प्रोफेशन नहीं है, यह एक्सप्रेशन का एक तरीका है। मेरा काम ही है जो मुझ इमोशनली, फाइनेंशियली, साइकोलॉजिकली और दूसरे कई तरीकों से बचा रहा है। इसके लिए मैं शुक्रगुजार हूं। यह मेरे काम और मकसद को जिंदा रखता है।

**आप पिछले कुछ साल से मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। इन अनुभवों ने कैसे आपके अंदर छुपी ताकत और खुद की कीमत पहचानने जैसी चीजों के लिए समझ को कैसे बदला है?**

पिछले कुछ साल ने मुझसे वो सब छीन लिया जो बाहर से दिखता था। मुझे यह देखने के लिए मजबूर किया कि मैं असल में कौन हूं। मैंने सीखा है कि अंदर की ताकत शांत और बनी रहती है, वो दिखावा नहीं करती। आज मेरी अपनी खुद की वैल्यू ये है कि मैं अपने लिए, अपने बच्चों और परिवार की वैल्यूज के लिए तब भी खड़ी रहूं, जब बहुत वहां खड़ा होना मुश्किल और डरावना हो।

# अरावली आस्था और जीवनरेखा, बिना संरक्षण भविष्य सुरक्षित नहीं: मेवाड़ा

## किरवा से खरोकड़ा तक 6 किमी पैदल मार्च निकाला



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में अरावली बचाओ अभियान के तहत पैदल मार्च निकालकर जनजागरण किया। पैदल मार्च कांग्रेस नेता हरिशंकर मेवाड़ा के नेतृत्व में निकाला गया जो किरवा से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए 6 किलोमीटर दुरी तय कर खरोकड़ा तक पहुंचा। पैदल मार्च में शामिल कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर अरावली बचाओ-भविष्य बचाओ और खनन माफिया होश में आओ जैसे नारे लगाए। खरोकड़ा पहुंचने पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा के सामने सभा आयोजित की गई, जहां वक्ताओं ने अरावली क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन और पर्यावरण क्षरण पर चिंता जताई। कांग्रेस नेता हरिशंकर मेवाड़ा ने सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए अरावली पर्वतमाला का दोहन कर रही है, जिससे पर्यावरण असंतुलन बढ़ रहा है और आमजन को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि अरावली केवल पहाड़ नहीं, बल्कि हमारी आस्था और जीवनरेखा है। इसके संरक्षण के बिना भविष्य सुरक्षित नहीं रह सकता। अरावली क्षेत्र में हो रहा अवैध खनन पर्यावरण के लिए घातक साबित हो रहा है। इससे जलस्तर गिर रहा है और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने सरकार से अवैध खनन पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। सभा में वक्ताओं ने कहा कि यदि समय रहते अरावली के संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इसके गंभीर दुष्परिणाम पूरे क्षेत्र को भुगतने पड़ेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आमजन से भी अरावली बचाओ अभियान में जुड़ने की अपील की। पैदल मार्च में सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हठेला, गणेशराम चौधरी (ब्लॉक अध्यक्ष पाली देहात), नेपाल सिंह पावा (ब्लॉक अध्यक्ष सुमेरपुर), मुकेश बारोलिया (पूर्व जिला सचिव कांग्रेस कमेटी पाली), जेठू सिंह राजपुरोहित (मंडल अध्यक्ष खौड़), हरिप्रसाद मीणा (मंडल अध्यक्ष गुन्दोज), आनंद सिंह देवड़ा (मंडल अध्यक्ष धणा), पाबूसिंह राणावत (पूर्व प्रधान रानी), अमसा मंडली सहित खीमाराम गर्ग (चांगवा), मूलसिंह राणावत (खरोकड़ा), मांगीलाल (खरोकड़ा), दुर्गाराम नायक, भगताराम देवासी, तेजपुरी गोस्वामी, प्रमोद बारोलिया, सुमेर सिंह उदावत,मानसिंह, राजेन्द्र सिंह, हंसमुख, कमलेश चौहान, चतराराम मेघवाल, जसवंत बलवना व प्रमोद दिनकर सहित कई कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और अरावली संरक्षण के समर्थन में एकजुटता दिखाई।

## अरावली के संरक्षण व मनरेगा को लेकर निकाली रैली




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से जन जागरण अभियान के तहत अरावली पर्वतमाला के संरक्षण व मनरेगा को लेकर सभा आयोजित की गई। साथ ही जन जागरण रैली निकाली गई। रैली को संबोधित करते हुए मांडलगढ़ विधानसभा प्रभारी मुरली गुर्जर ने कहा कि अरावली केवल पहाड़ नहीं बल्कि राजस्थान की जीवन रेखा हैं। जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा का नाम बदलकर महात्मा गांधी का तिरस्कार कर रही हैं। रैली उपखंड कार्यालय पहुंची जहां उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी मुरली गुर्जर, जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, मंडल अध्यक्ष अनिल राव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामफूल धाकड़, विक्रम सोनी, शक्ति नारायण शर्मा, सत्यनारायण मेवाड़ा, राहुल सेठिया, रणजीत सिंह कानावत, मुकेश खटीक, विशाल तिवारी, अकरम हुसैन, किशन खटीक, सुधीर कोतवाल, रामेश्वर सेन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुकेश चितौडा बने वैश्य चितौडा महासभा के अध्यक्ष




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** श्री वैश्य चित्तौड़ा महासभा संस्था राजस्थान के द्विवार्षिक चुनाव चित्तौड़ा उत्सव भवन में संपन्न हुए। अध्यक्ष- मुकेश चित्तौड़ा, उपाध्यक्ष - सुरेश चन्द्र चित्तौड़ा, महासचिव - मथुरेश चित्तौडा, कोषाध्यक्ष - योगेश चित्तौड़ा, सह सचिव- उमाशंकर चित्तौड़ा, अंकेक्षक - सीए सुमित चित्तौड़ा चुने गए। जिले से 25 कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। चुनाव अधिकारी शिव प्रसाद चित्तौड़ा ने पद, गोपनीयता व समाज हित में कार्य करने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात आगामी बसंत पंचमी महोत्सव के आयोजन पर चर्चा की गई

## शेरगढ़ किले के पास 50 फीट गहरे गड्ढे में एक युवक का शव मिला



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में शेरगढ़ किले के पास 50 फीट गहरे गड्ढे में एक युवक का शव मिला है। युवक दो दिन पहले घर से लापता हुआ था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने सैंपऊ थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे हत्या का मामला मान रही है। मृतक की पहचान दौनारी निवासी रविकांत (34) पुत्र सोरन सिंह के रूप में हुई है। रविकांत के चचेरे भाई संजय कुमार पुत्र लाल सिंह ने सैंपऊ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया था कि रविकांत 27 दिसंबर को अपने गांव से बाजार जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। उसका फोन भी उसी दिन से बंद आ रहा था। लापता होने के बाद से ही पुलिस और परिजन रविकांत की तलाश कर रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, परिजन जब शेरगढ़ किले के पास पहुंचे, तो उन्हें वहां खून से सना एक पत्थर और चुनरी मिली। आसपास तलाशी के दौरान, उन्हें 50 फीट गहरे गड्ढे में रविकांत का शव पड़ा मिला। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को गड्ढे से निकालने का प्रयास शुरू कर दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। शव निकालने के बाद आगे की जांच की जाएगी।

## खाद्य सुरक्षा में अपात्रों को अंतिम मौका

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में से अपात्रों के नाम हटाने के लिए संपूर्ण राज्य में गिव अप अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अपात्रों को अंतिम मौका देते हुए योजना से नाम हटवाने के लिए 31 दिसम्बर तक समय दिया है, जिसमें अपात्र सक्षम लोग अपना नाम हटवाने के लिए खाद्य विभाग की वेबसाइट, पोर्टल पर अपने मोबाइल फोन, ई-मित्र, राशन डीलर अथवा स्वयं गिव अप फॉर्म भरकर जमा करा सकते है। राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार ऐसे लोग जो सरकारी, अर्द्धसरकारी, स्वायतशाशी संस्था के कार्मिक, 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक आय, चारपहिया वाहन धारक, आयकर रिटर्न भरने वाले, ग्रामीण क्षेत्र में दो हजार वर्गफीट और शहरी क्षेत्र में 1500 वर्गफीट से बड़ा मकान, लघु कृषक की सीमा से अधिक कृषि भूमि धारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र माना गया है। जिला रसद विभाग को विभाग से प्राप्त डाटा के अनुसार जिले में अभी तक लगभग 97 हजार लोगो के नाम योजना से हटाए गए है। इसके अलावा विभाग की ओर से फिल्ड में अपात्रों की छटनी कर जांच भी की जा रही है। अपात्र लोगों की ओर से योजना का अनुचित लाभ लिए जाने पर विभाग की ओर से उनसे न केवल गेंहू की रिकवरी की जायेगी बल्कि उनके विरूद्ध मुकदमा, रिपोर्ट भी दर्ज कराई जायेगी। इस प्रकार सरकार ने अपात्रों को हटाने के लिए 31 दिसम्बर तक अंतिम मौका दिया है। इसके बाद उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## लाडो बिटिया का हुनर' मंजिल शक्ति हुनर शक्ति फाउंडेशन




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में आत्मनिर्भर भारत संकल्प मे बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हुनर शक्ति फाउंडेशन संस्था व सहयोगी सेंटर तत्वावधान में 'लाडो बिटिया का हुनर' अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत लगभग 1500 बेटियों को सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों को रोजगारपरक कौशल से जोड़ना है, साथ ही राजकीय विद्यालयों की बच्चियों को शामिल करते हुए प्रशिक्षण कार्य किया जा रहा है ताकि वे अपने पैरों पर खड़ी होकर आत्मनिर्भर बन सकें। अपने हुनर को पहचान सके प्रशिक्षण के दौरान बेटियों को सिलाई-कढ़ाई, फैशन डिजाइनिंग की बुनियादी जानकारी के साथ-साथ ब्यूटी पार्लर से जुड़े आधुनिक तकनीकों का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हुनर शक्ति फाउंडेशन के संस्था सचिव नीरज झा ने बताया कि यह अभियान केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है। बल्कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद बेटियों को स्वरोजगार के लिए मार्गदर्शन और सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। इससे वे घर बैठे या स्वयं का छोटा व्यवसाय शुरू कर सकेंगी। कार्यक्रम में आई स्टार्ट अप के धौलपुर जिला कॉर्डिनेटर कौशल जैन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियानों से समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है और वे सम्मान के साथ जीवन यापन कर पाती हैं, इसमें सिलाई व गृह साज सज्जा में नवाचार कर आई स्टार्ट अप के माध्यम से लाखों रुपए की ग्रांट भी ले सकती हैं जो कि नॉन रिफंडेबल होती हैं। इस प्रकार से अपने हुनर के साथ आत्मनिर्भर बन सकते हैं। हुनर शक्ति फाउंडेशन के संस्था प्रमुख प्रशांत शर्मा ने बताया यह प्रयास न केवल बेटियों के भविष्य को सशक्त बना रहा है, बल्कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटी को हुनरमंद बनाओ' के संदेश को भी मजबूती प्रदान कर रहा है।

## धौलपुर में फुटबॉल का भविष्य स्वर्णिम: दिलीप सिंह शेखावत

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** इंदिरा गांधी स्टेडियम पर सिख समाज व खालसा क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित शहीद भगत सिंह फुटबॉल लीग के चौथे दिन राजस्थान फुटबाल संघ के प्रदेश सचिव दिलीप सिंह शेखावत धौलपुर पहुंचे जहां उन्होंने फुटबॉल खिलाड़ियों से परिचय प्रतिकार उन्हें शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि पूरे राजस्थान में फुटबॉल को लेकर प्रतिवर्ष डॉन आयोजन किए जाते हैं मगर जितना अनुशासित और व्यवस्थित धौलपुर का शहीद भगत सिंह फुटबॉल लीग किया जा रहा है वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि धौलपुर में फुटबॉल का भविष्य काफी स्वर्ण में है और धौलपुर से आने वाले दिनों में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने कहा कि सिक्ख समुदाय ने धौलपुर फुटबॉल खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफार्म दिया है जहां वह अपने खेल का प्रदर्शन कर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि खालसा क्लब ने छोटे-छोटे फुटबॉल के खिलाड़ियों को जो अवसर दिया है, उसे आने वाले दिनों में धौलपुर में फुटबॉल खिलाड़ियों की एक बहुत बड़ी टीम तैयार हो जाएगा। धौलपुर के हर गली में फुटबॉल का खिलाड़ी दिखाई देता है निश्चित रूप से यह फुटबॉल के लिए अच्छे संकेत हैं। पूर्व पार्षद अकील अहमद ने कहा कि शहीद भगत सिंह फुटबॉल लीग अपने आप में बहुत ही बेहतरीन आयोजन है जिसमें खिलाड़ी रंगीन रोशनी में अपने खेल का हुनर दिखा रहे हैं। इस अवसर पर अमर सिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। पूर्व शारीरिक शिक्षक हरी बाबू शर्मा ने कहा कि बदलते समय में धौलपुर में खेलों में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है और इसका सबसे ज्यादा असर फुटबॉल पर देखने को मिल रहा है, जहां खिलाड़ियों की बहुत बड़ी श्रृंखला तैयार हो गई है। भारतीय जनता पार्टी की महिला महिला मोर्चा जिला संयोजक कल्पना शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्रतिकार उन्हें बेहतर खेल के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में बालवीर वेंस, ओंमकार सिंह, अर्जुन सिंह, पूर्व शारीरिक शिक्षक हरीबाबू शर्मा आदि मौजूद रहे। जूनियर वर्ग में स्पाइसी फुटबॉल क्लब ने डॉलर फुटबॉल क्लब को 2-1 से सीनियर वर्ग में इंकलाब फुटबॉल क्लब ने डॉलर फुटबॉल क्लब को 2-1 से सीनियर वर्ग में बालाजी फुटबॉल क्लब ने डॉलर फुटबॉल क्लब को 2-1 से जूनियर वर्ग में स्पाइसी फुटबॉल क्लब ने भारत फुटबॉल क्लब को 1-0 से सीनियर स्पाइसी फुटबॉल क्लब ने तीन एक से जेबीबीसी को पराजित किया। प्रतियोगिता के रेफरी राजस्थान फुटबॉल संघ के ललिता चौधरी, अनुराधा बिलवाल, जावेद खान, दिनेश कुमार व जावेद अली रहे।

## इन्डो नेपाल इंटरनेशनल कांफ्रेंस का जयपुर में आयोजन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव बरड़ासर निवासी एवं क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता गणेशदास स्वामी को पर्यावरण एवं रक्तदान, अंगदान, देहदान के प्रेरक के रूप में उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में भारत नेपाल इंटरनेशनल समाज व पर्यावरण पर मंथन किया गया। वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण के लिए देशभर के पर्यावरणविद् तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए तथा पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। स्वामी पिछले 35 वर्षों से वृक्षारोपण, नशा उन्मूलन, रक्तदान, अंगदान देहदान जैसे कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में नेत्रदान जागरूकता के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। स्वामी को जयपुर में स्वाधीनता फाउंडेशन व जन अधिकार सेना तथा गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नरेन्द्र भूषण सिंह, डॉ सुनील कुमार शर्मा, डॉ अशोक सिंह शेखावत तथा डॉ तरन्नुम अजीज ने सम्मानित किया।

## शीत लहर का प्रकोप, एडवाइजरी जारी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले सहित समूचे उत्तर भारत में शीतलहर का प्रकोप जारी है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग ने आमजन के लिए शीतलहर से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि आमतौर शीतलहर दिसंबर और जनवरी में घटित होती है, जिसके चलते सर्द हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने के साथ-साथ यदा कदा जनहानि होने की आशंका भी रहती है। ऐसे में सतर्क रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ऐसे समय में कुछ छोटी छोटी सावधानी बरत कर शीतलहर से बचा जा सकता है।

### शीतलहर से होने वाले दुष्प्रभाव:

डॉ. मीणा ने बताया कि शीतलहर का नकारात्मक प्रभाव बुजुर्गों और छोटे बच्चों पर अधिक होता है। शीतलहर से प्रभावित रोगियों के लक्षण में शरीर का ठण्डा पड़ जाना, शरीर का सुन्न पड़ना, नाड़ी का धीमा व मन्द पड़ जाना, रोऐं खड़े हो जाना व श्वसन तेज चलना आदि होता है। रोगी की ओर से समय पर उपचार नहीं लेने पर रोगी की मृत्यू भी हो सकती है। दिव्यांग व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित रोगियों, खुले क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों के लिए भी शीत लहर के दौरान विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है। इसको दृष्टिगत रखते हुए आमजन को जागरूकता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए।

### शीतलहर से ऐसे करें बचाव:

उन्होंने बताया कि शीत लहर अथवा पाले से बचाव के लिए गर्म वस्त्र एवं कई परतों में कपड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए। जहां तक हो सके घर के बाहर कार्य के लिए दिन में निकले। स्वयं को व बच्चों को उपलब्ध ऊनी कपड़ो से ढ़कें। फुटपाथ पर रहने वाले भ्रमणशील जातियां जैसे भिखारी, गाड़िया लुहार आदि रात्रि में रैन बसेरा, सार्वजनिक भवन, धर्मशालाओं में रहें। खुले स्थान पर न सोए। रात्रि में बाहर कार्य करना अथवा रहना आवश्यक है तो अपने पास अंगीठी अथवा अलाव लगाकर तापने की व्यवस्था करें। शीतलहर में अधिकतर गर्म भोजन का सेवन करें और खाद्य पदार्थ जैसे गुड़, तिल, चिकनाई, चाय, कॉफी आदि का सेवन करें। शारीरिक श्रम अधिक करें हो सके तो सुबह व्यायाम करें। तेल की मालिश करें। जिस शीतलहर से प्रभावित व्यक्ति को कम्बल, रजाई आदि से ढ़कें। पास में अंगीठी, हीटर आदि जलायें। गर्म पेय पदार्थ गुड़, चाय, चिकनाई (घी), कॉफी, तेल का अधिक उपयोग करें ,गर्म पानी की थैली उपलब्ध होतो उससे सेक करें। बाद में पास के चिकित्सालय में दिखाऐं, जहां तक हो सके गर्म पानी से नहाए। शीतलहर से प्रभावित होने पर व्यक्ति को शीघ्र ही नजदीकी चिकित्सा संस्थान में उपचार के लिए ले जाए।

## रैन बसेरों व आश्रय स्थलों के इंतजाम दुरुस्त रखे:एडीएम

**धौलपुर(निस)।** बिजली, पानी व मौसमी बिमारियों को लेकर सप्ताहिक समीक्षा बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि अत्यधिक सर्दी के दृष्टिगत रैन बसेरों व आश्रय स्थलों के इंतजाम दुरुस्त रखे जाए जिससे निराश्रित लोग शरण लेकर अपना बचाव कर सकें। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग व नगर परिषद को संबंधित सड़कों पर पेचवर्क व दुरुस्तीकरण का कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे प्रकरणों, जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर दीर्घकाल से लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराया जाए, औसत निस्तारण समय में कमी की जाए व परिवादों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कर परिवादियों को राहत व संतुष्टि प्रदान की जाए। उन्होंने पीएचईडी को पेयजल की समय-समय पर गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त पेयजल आपूर्ति लाइनों की मरम्मत करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा कर अपेक्षित कार्यवाही के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बबली राम जाट सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजाखेड़ा में उपखंड अधिकारी ने राजकीय विभागों के उठाए उपस्थिति रजिस्टर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के अंदर उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा ने सोमवार सुबह 10 बजे से 11 बजे के बीच सुबह राजकीय चिकित्सालय विद्युत विभाग पंचायत समिति कृषि विभाग महिला व बाल विकास विभाग सार्वजनिक निर्माण विभाग तहसील का तहसील कार्यालय समाज कल्याण विभाग आदि सभी विभागों के उपस्थिति रजिस्टर करके अपने कार्यालय में आई जहां पर उन्होंने उपस्थित रजिस्टरों का अवलोकन किया वं उपखंड अधिकारी की इस कार्रवाई से विभागों के अंदर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया सभी कर्मचारी धीरे-धीरे उपखंड अधिकारी के कार्यालय आने लगे और अपनी मजबूरियां भी बताने लगे इसके बाद उपखंड अधिकारी ने दो विभागों के ताले भी लगे मिले बताए गए हैं जिनको नोटिस जारी किए गए हैं भाजपा की अन्य विभागों के कर्मचारियों अधिकारियों को हिदायत देकर के उपस्थित रजिस्टरो को वापस कर दिया गया है और अनुपस्थित पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उपखंड अधिकारी की कार्रवाई से राजाखेड़ा में राजकीय विभागों के कर्मचारियों अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

**आमेर विकास एवं प्रबन्धन प्राधिकरण**
पुरानी विधानसभा भवन, हवामहल के पास, जयपुर, टेलीफोन नम्बर - 0141-2600032
ई-मेल आई.डी. :- adma.jaipur@gmail.com
क्रमांक :- कार्य निदेशक/एडमा/लेखा/2025-26/1576 दिनांक :- 26/12/2025
**ई-बिड़ संख्या - 19/2025-26**
आमेर विकास एवं प्रबन्धन प्राधिकरण, जयपुर स्थित स्मारक/संग्रहालय में विद्युत एवं सिविल कार्यों हेतु राज्य सरकारों/केन्द्र सरकार/निगमों/बोर्ड कार्यालयों में सक्षम/निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से द्विभागीय खुली बिड ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है जिनका विस्तृत विवरण वेबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in** एवं **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है, जो देखी व पढ़ी जा सकती है।
(ई–बिड संख्या–19/2025–26 की कुल लागत राशि रूपये 70.32 लाख)
**NIB Code : ADA2526A0026**
बिड यू.बी.एन. नम्बर :– **ADA2526WSOB00073 To ADA2526WSOB00080**
राज.संवाद/सी/25/16588 कार्यकारी निदेशक (कार्य)

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर**
क्रमांक :-न.पा.फु/2025-26 /2501 दिनांक:- 20/12/28
**आपत्ति सूचना**
एतद् द्वारा हितबद्ध व्यक्ति विशेष आम खास को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने 69 के के तहत आवासीय पट्टे हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र.स. | प्रार्थी का नाम | प्रस्तावित भूखण्ड | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सन्तोष देवी पत्नि श्री मोहन लाल वर्मा | ढाणी कारीगरान श्रीरामनगर फुलेरा | 56.4 | 69 के आवासीय |
| 2 | श्रीमती सन्तोष देवी पत्नि श्री मोहन लाल वर्मा | ढाणी कारीगरान श्रीरामनगर फुलेरा | 56.4 | 69 के आवासीय |

किसी भी व्यक्ति को उपरोक्तानुसार 69 के के अन्तर्गत आवासीय पट्टा / ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्ता को प्रस्तुत करावे। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नही होगी।
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग नगर खण्ड- प्रथम, जयपुर**
कमांक :- 3314 दिनांक :- 24-12-25
**ई-निविदा सूचना संख्या - 85 / 2025-26 प्रकाशन बाबत् ।**
Bids for Building Construction / Maintenance works are invited from interested bidders upto 05.01.2026 (6.00 PM). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http//sppp.raj.nic.in and http// eproc.rajasthan.gov.in UBN No. PWD2526WSOB19429
**(जय प्रकाश यादव)**
**अधिशाषी अभियन्ता**
**सा.नि.वि. नगर खण्ड- प्रथम, जयपुर**
**मों - 9413971034**
DIPR/C/19127/2025

## रतनगढ़ मित्र मंडल ने मनाया वार्षिकोत्सव



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस)।** मित्र मंडल का 10वां वार्षिकोत्सव अंजनी माता मंदिर के पास मनाया गया। प्रधानाचार्या पद्मश्री शर्मा के सानिध्य में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ वीपी गोयल, विशिष्ट अतिथि डॉ सुखवीर कस्वां व राधेश्याम सारण रहे। इस दौरान डॉ गोयल ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में हम लोग काफी व्यस्त हो गए हैं, ऐसे में तनाव भी अधिक होता है। लेकिन मित्रों के मिलने से तनाव से मुक्ति मिलती है। तनावपूर्ण जिंदगी के लिए मित्रों के साथ समय अवश्य बिताना चाहिए। प्रधानाचार्या शर्मा ने कहा कि आधुनिक दौर पर मित्रों से मुलाकात केवल वर्चुअल रूप से होती है, लेकिन मित्र मंडल की ओर से लगातार 10 वर्षों से साल में एक दिन मिलना बहुत बड़ी बात है। डॉ कस्वा व सारण ने कहा कि मित्रों के साथ बैठने से स्कूली यादें ताजा हो जाती है और पुनः वह जीवन जीने का मौका मिलता है। वर्ष 2000-2001 के बैच में साथ पढ़े विद्यार्थियों की ओर से मित्र मंडल की स्थापना की गई थी, जो सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम को युवा नेता प्रहलाददान चारण, रेलवे अधिकारी अमित प्रजापत, प्रधानाचार्य नंदलाल स्वामी, प्रीतमसिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम संयोजक अनिरूद्ध दायमा ने आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंडल के काफी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## 78 वें आर्मी डे परेड में नेहा कुमावत भी निभाएगी भागीदारी

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)** नए साल में इस बार 15 जनवरी को जयपुर में 78 वां सेना दिवस समारोह मनाया जाएगा। इस समारोह में आयोजित होने वाले परेड में लक्ष्मणगढ़ कस्बे के वार्ड 37 निवासी केदारमल कुमावत की पुत्री नेहा कुमावत प्रतिभाग करेगी। जानकारी के अनुसार एनसीसी इकाई की सार्जेंट नेहा कुमावत परेड में शामिल होकर अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास को प्रदर्शित करते हुए राष्ट्रीय गौरव का हिस्सा बनेगी। नेहा ने कड़ी मेहनत और कठिन चयन प्रक्रिया से गुजर कर यह उपलब्धि पाई हैं। इस उपलब्धि पर नेहा को परिजनों, गुरुजनों व समाज के प्रबुद्ध जनों ने शुभकामनाएं भेंट की हैं।

## जालान क्रिकेट ट्रॉफीः झुंझुनूं और जयपुर सेमी फाइनल में



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** समाजसेवी संस्था दी यंग्स वेलफेयर सोसायटी की ओर से चूरू जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सेठ सूरजमल जालान ट्रस्ट कोलकाता के सौजन्य से आयोजित 39वीं सेठ मोहनलाल जालान मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी में सोमवार को हुए मैचों में बगड़ एकेडमी झुंझुनूं और नारायणा एकेडमी जयपुर ने अपने मैच जीतकर प्रतियोगिता के सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। आयोजन सचिव राकेश गहलोत ने बताया कि सुबह पहला मैच बगड़ एकेडमी झुंझुनूं और फ्रेंड्स क्लब रतनगढ़ के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बगड़ एकेडमी ने निर्धारित 15 ओवर में भवानी देव की 34 रनों की मदद से 10 विकेट खोकर 139 रन बनाए। इसके जवाब में फ्रेंड्स क्लब रतनगढ़ की पूरी टीम 107 रन पर आउट हो गई। बगड़ एकेडमी ने 32 रन से जीत हासिल की। बगड़ एकेडमी के विनय चौधरी को 25 रन बनाने और 3 विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच नारायणा एकेडमी जयपुर और राजगढ़ एकेडमी के मध्य खेला गया। नारायणा एकेडमी ने कप्तान विकास विश्नोई के शानदार नाबाद 62 रन की मदद से 15 ओवर में 149 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में राजगढ़ एकेडमी रोमांचक मैच में 7 विकेट खोकर 132 रन ही बना पाई। नारायणा एकेडमी ने 17 रन से विजय प्राप्त की। नारायणा एकेडमी के विकास विश्नोई को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मंगलवार को पहला सेमी फाइनल मैच बगड़ एकेडमी झुंझुनू और सिटी चैंप्स रतनगढ़ और दूसरा सेमी फाइनल मैच नारायणा एकेडमी जयपुर और स्पार्टन क्लब रतनगढ़ के मध्य खेला जाएगा। मैच का आंखों देखा हाल कॉमेंटेटर राकेश गहलोत, राकेश नायक, त्रिभुवन धरेंद्र, देवीसिंह पंवार ने सुनाया।

## जानलेवा चायनीज मांझे की रोकथाम की मांग, कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में जानलेवा चाइनीज मांझा की रोकथाम की मांग को लेकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के बैनर तले एसडीएम को ज्ञापन देकर चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में मकर संक्रांति पर्व पर पतंग बाजी का दौर शुरू होता है। जिसमें पतंगबाजी को लेकर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा की अवैध बिक्री दुकानदारों की ओर से की जाती है। चाइनीज मांझा के कारण पशु पक्षी, लोगों के पैदल चलना सहित वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है। चाइनीज मांझे के कारण कई बार लोग दुर्घटनाओं के शिकार भी हो गए हैं। हमारी मांग है कि चाइनीज मांझे की बिक्री व भंडारण पर रोक लगाकर बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ताकि चाइनीज मांझा क्षेत्र में पूरी तरह हट जाएं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा, जिला मंत्री राजकुमार गौड़, तहसील अध्यक्ष घनश्याम भोजक, गिरधारी लाल सैनी, गोपीचंद शर्मा, सांवरमल कम्मा, इंद्र चंद प्रजापत, मुकेश जोशी, सुरेंद्र जांगिड़, मदन सोनी आदि उपस्थित रहे।

# लक्ष्मणगढ़ में लेपर्ड को किया रेस्क्यू, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** क्षेत्र में करीब 10 से 12 दिनों से दहशत का कारण बने लेपर्ड को वन विभाग की टीम ने सोमवार को सनवाली गांव से सकुशल रेस्क्यू कर लिया। जयपुर से आई वन विभाग की विशेष टीम और लक्ष्मणगढ़ वन विभाग के संयुक्त प्रयास से दोपहर करीब 12 बजे लेपर्ड को ट्रेंक्यूलाइज कर पिंजरे में बंद किया गया। इसके बाद लेपर्ड को लक्ष्मणगढ़ वन विभाग कार्यालय ले जाया गया। वन विभाग के अनुसार, सोमवार सुबह से ही टीम लेपर्ड के पदचिन्हों का पीछा करती हुई सनवाली गांव पहुंची। एक खेत में लेपर्ड के छिपे होने की सूचना मिलने पर तत्काल खेत की घेराबंदी की



गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद टीम को सफलता मिली। लेपर्ड की पहली मौजूदगी 21 दिसंबर को नेछवा क्षेत्र की चारणों की ढाणी में सामने आई थी। उस समय सरसों के खेत में लेपर्ड को घेरा गया, लेकिन रात होने के कारण रेस्क्यू नहीं हो सका। इसके बाद पगमार्क के आधार पर कई गांवों में तलाश की गई, पर लेपर्ड लगातार स्थान बदलता रहा। शनिवार शाम को फतेहपुर उपखंड के जेठवा का बास तथा रविवार को लक्ष्मणगढ़ के बनाई गांव में भी लेपर्ड की गतिविधि देखी गई। बनाई गांव में लेपर्ड ने एक जोहड़े में गधे का शिकार किया और सरसों के खेत में छिप गया।

### किसानों पर किया हमलाः

बनाई गांव में लेपर्ड ने खेत में काम कर रहे किसान भागीरथ धायल और मुकुन्दाराम मेघवाल पर हमला कर दिया। हमले में भागीरथ के हाथ और मुकुन्दाराम के पैर में चोट आई। दोनों को जिला अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### रात में रोका अभियान, सुबह मिली सफलताः

रविवार को सूचना मिलने के बाद लक्ष्मणगढ़ रेंजर दुर्गा हुड्डा टीम के साथ मौके पर पहुंचीं, लेकिन ट्रेंक्यूलाइज टीम के देर से पहुंचने और अंधेरा हो जाने के कारण रेस्क्यू अभियान रोकना पड़ा। एहतियातन खेत के आसपास पिंजरे लगाए गए और टीम रातभर गांव में डटी रही। सोमवार सुबह दोबारा अभियान शुरू किया गया और दोपहर में लेपर्ड को पकड़ लिया गया। लेपर्ड के रेस्क्यू के बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग के अनुसार, लेपर्ड को आगे की प्रक्रिया के तहत सुरक्षित स्थान पर भेजा जाएगा।रेस्क्यू के दौरान वन विभाग के एसीएफ सौरभ कुमार, रेंजर दुर्गा हुड्डा, फतेहपुर वन रक्षक नरेंद्र शेखावत, सीकर के हरलाल खीचड़ का विशेष प्रयास रहा।

## अभिनेष महर्षि ने पेयजल समस्या के निराकरण के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने सोमवार को शहर के वार्ड नं 16 में पेयजल आपूर्ति में आ रही परेशानी को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर मौका निरीक्षण किया। वार्डवासियों को पेयजल आपूर्ति में आ रही परेशानी से निजात दिलवाने के लिए नई पाइपलाइन डलवा कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए। इसके साथ ही वार्ड नं 42 में नई सड़क निर्माण के कार्य का भी शुभारंभ किया। श्रीकृष्णा गौशाला से लधासर तक बनाई जाने वाली सड़क का निरीक्षण कर अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवम तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व विधायक महर्षि ने कहा कि विकास कार्य करवाने के लिए हर समय प्रयासरत हूँ। क्षेत्रवासियों के सुख दुख में साथ खड़े रहने के साथ ही विकास कार्य करवाने का संकल्प ही सच्चे जनसेवक की निशानी है। इसके लिए मैं हमेशा से संघर्षरत हूँ। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता महेंद्र कांटीवाल, एईएन विकाश यादव, जेईएन रेखा गौड़, गजानंद चोटिया, निरंजन रूंथला, हेमन्त पंवार, विनोद कुमार भातडा, गोपी मंगलहारा, राजेश सेवदा, मनीष जोशी, ललित जोशी, सीमांत जोशी, रामकृष्ण चोटिया, महावीर सेवदा, श्याम सुंदर मंगलहारा, महाबीर प्रसाद शर्मा, सम्पत शर्मा, गोपाल जिग्नाडिया, रघुराज सिंह राठौड़, कालूराम माली, उपेंद्र नायक, जुगल सिंह राठौड़, बाबू खान, सादिक तेली, मोटाराम सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुस्लिम तेली महापंचायत ने किया प्रतिभाओं का सम्मान




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** बाड़ी तेलियान चूरू में राजस्थान प्रांतीय मुस्लिम तेली महापंचायत चूरू मुस्लिम तेली समाज को शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में पधारे प्रांतीय अध्यक्ष अब्दुल लतीफ आरको ने इस अवसर पर कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर करे, शादी ब्याह में फिजूल खर्ची रोके ओर बच्चों को स्कूल जाने को प्रोत्साहित करे। प्रांतीय संरक्षक पूर्व राज्यमंत्री अशरफ अली खलिज़ी ने कहा कि आज समाज को आगे बढ़ाना है विकसित करना है तो बच्चों को शिक्षा के रास्ते पर लाना होगा तभी हम आगे बढ़ सकते है। समारोह के विशिष्ट अतिथि शहर इमाम पीर अनवार अहमद कादरी साहब ने कहा के आज की युवा पीढ़ी शुरूआती शिक्षा तो ले रही है पर टेक्निकली ओर प्रतियोगी परीक्षाओं से वंचित रह जाती है जिसके लिए युवाओं ओर पढ़ने वाले बच्चों की काउंसलिंग करते रहना चाहिए तभी समाज मुख्यधारा में शामिल होगा।। समारोह में डॉ फखरूल हसन गौरी , रफीक चौहान, मोहम्मद हुसैन निर्बान, जुमर दिन, इस्माइल चौहान आदि ने भी विचार रखे। महापंचायत की ओर से मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर छात्र छात्राओं में पढ़ने को लेकर प्रतिस्पर्धा की भावना पनपाने के उद्देश्य से सम्मानित किया ताकि वंचित छात्र भी कड़ी मेहनत कर शिक्षित बन सके। आयोजन समिति के गुलाम हुसैन गौरी ने बताया कि अब्दुल लतीफ आरको ने चूरू के साजिद तुगलक को राजस्थान कमेटी मे उपाध्यक्ष बनाया है। इस अवसर पर कमेटी मुश्ताक चौहान, मंगतू भाटी, गुलाम हुसैन गौरी, हारून गौरी, इस्माइल भाटी,अकबर निर्वाण, साजिद तुगलक, सलीम चौहान, याकूब राजगढ़िया, वजीरदीन भाटी, सलीम PA, इब्राहिम गौरी, इमरान मलनस, अकरम एडवोकेट, आदि ने मेहमानों का स्वागत सत्कार किया और समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रफीक चौहान ने कियाताक चौहान, मंगतू भाटी, लाल मोहम्मद चौहान, इमामुदीन मलनस, हारून गौरी, अनवर चौहान, इस्माइल भाटी,अकबर निर्वाण, साजिद तुगलक, सलीम चौहान, याकूब राजगढ़िया, वजीरदीन भाटी, सलीम PA, इब्राहिम गौरी, इमरान मलनस, अकरम एडवोकेट, असगर चौहान असलम सीकरिया, युसुफ चौहान, बाबू सोलंकी, अकबर निरबाण, इस्माइल चौहान शौकत चौहान आदि और समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रफीक चौहान ने किया।

## सारसर को पुनः स्वतंत्र ग्राम पंचायत घोषित करने की मांग, एसडीएम को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील क्षेत्र में पंचायत समिति वार सूची में सम्मिलित ग्राम सारसर को ब्लॉक वार अंतिम सूची से हटाए जाने के मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में ग्रामवासियों की ओर से उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर पुनर्विचार की मांग की गई है। किसान नेता रूपचंद सारण ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से चल रही ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन व परिसीमन प्रक्रिया के तहत पंचायत समिति सरदारशहर की जो सूची पहले प्रकाशित की गई थी। उसमें ग्राम सारसर को पृथक ग्राम पंचायत के रूप में क्रमांक 14 पर शामिल किया गया था। लेकिन बाद में जारी की गई ब्लॉक वार अंतिम सूची में ग्राम सारसर को हटाकर पुनः ग्राम देराजसर के साथ जोड़ दिया गया। जिससे ग्रामवासियों में असंतोष और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसे में ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हैं। वहीं गांव के मामराज सारण ने बताया कि ग्राम सारसर वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 3054 की जनसंख्या के साथ ग्राम पंचायत गठन के सभी निर्धारित मापदंडों को पूर्ण करता है। इसके बावजूद अंतिम सूची में उसका नाम हटाया जाना न केवल पंचायत समिति स्तर पर जारी पूर्व सूची के विपरीत है बल्कि प्रशासनिक दृष्टि से भी अव्यवहारिक है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम देराजसर से दूरी अधिक होने के कारण उन्हें विभिन्न प्रशासनिक कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि ग्राम सारसर को स्वतंत्र ग्राम पंचायत का दर्जा दिया जाता है तो स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों और प्रशासनिक सुविधाओं में काफी सुधार होगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि पंचायत समिति वार सूची में ग्राम सारसर को दिए गए स्वतंत्र ग्राम पंचायत के दर्जे को यथावत रखा जाए और ब्लॉक वार सूची में हुई त्रुटि को सुधारते हुए ग्राम सारसर को अलग ग्राम पंचायत घोषित किया जाए। साथ ही इस संबंध में जिला प्रशासन को आवश्यक संस्तुति भेजने की भी अपील की गई है। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी नेता धीरेन्द्र सैनी, मामराज सारण, अर्जुन लाल कम्मा, सोनू कुमार, रूपाराम मेघवाल, शीशराम सारण, इमिलाल नाई आदि मौजूद रहे।

## आंध्रप्रदेश के चिकित्सा सचिव ने सीएचसी सालासर का निरीक्षण किया

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** आंध्रप्रदेश के चिकित्सा सचिव सौरभ गौड ने सोमवार को सीएचसी सालासर का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि चिकित्सा सचिव सौरभ गौड ने राजस्थान चिकित्सा संस्थान पर चल रहे आईएचएमएस व औषधि साफ्वेयर की जानकारी ली। उन्होंने आभा आईडी व ओपीडी पर्ची बार कोड स्कैन से बुक करने की जानकारी ली। उन्होंने तकनीकी सहायक एनजीओ खुशी बेबी के स्टेट प्रबंधक राजीव धाकड़ से मातृत्व स्वास्थ्य व परिवार नियोजन व एनसीडी कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग के डाटा तथा टीबी रोगियों के लिए साफ्वेयर में अपडेशन की जानकारी दी । इस दौरान चिकित्सा सचिव ने सीएचसी पर निशुल्क दवा योजना व लैबर वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कम्प्यूटर कक्ष में सभी आनलाइन साफ्वेयर के डैशबोर्ड चालू कर पूरी प्रक्रिया को समझा। सुजानगढ बीसीएमओ डॉ भूपेन्द्र मेघवाल ने बताया कि चिकित्सा सचिव ने औषधि व आईएचएमएस साफ्वेयर लागू करने में आ रही परेशानियों पर चर्चा की। सीएचसी पर सभी चिकित्सा अधिकारीयों व नर्सिंग आफिसर व पैरामेडिकल स्टाफ से चर्चा कर चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विस्तार से वार्ता की। इससे पहले प्रमुख सचिव ने सालासर बालाजी के दर्शन किए। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा, डीपीएम आशीष खण्डेलवाल, डीपीसी प्रेमशंकर शर्मा, डॉ शिवानी, नर्सिग अधीक्षक प्रवीण कुमार, कमलेश कुमार, दीपक प्रजापत, विनोद शर्मा, आंनंद कुमारी, रमेश कुमार, अनिल प्रकाश मेघवाल, नर्सिंग ऑफिसर प्रियंका, सम्पत, कैलाश व आंनंद शर्मा सहित कई कार्मिक मौजूद रहे।

## चूरू खाद्य व्यापार संघ ने किया पंकज गुप्ता का अभिनंदन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय मोचीवाड़ा स्थित अग्रसेन भवन में चौथी बार भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष बनने पर पंकज गुप्ता का खाद्य व्यापार संघ चूरू की ओर से भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गौरीशंकर मण्डावेवाला, खाद्य व्यापार संघ के अध्यक्ष हरिप्रसाद भालेरीवाला, उघोगपति पवन बगड़िया, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एमएल श्यामसुखा, डॉ. पी.पी. गोयल व व्यापार संघ के विमल सारस्वत मंचस्थ अतिथि रहे। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि गुप्ता को पार्टी ने चौथी बार प्रदेश कोषाध्यक्ष का दायित्व देने पर चूरू का प्रत्येक नागरिक व कार्यकर्ता अपने आप को सम्मानित महसूस कर रहा है क्योंकि पंकज गुप्ता ने चूरू जिले में संगठन के लिए अनेक



पदों पर कुशलता पूर्वक दायित्व का निर्वहन किया और जिस प्रकार उन्होंने कार्यकर्ताओं का निर्माण किया। सहारण ने कहा कि पंकज गुप्ता को हमने कभी आक्रोशित नहीं देखा, पार्टी नेतृत्व ने उनकी लगन व निष्ठा को देखकर ही उन्हें यह पद प्रदान किया। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चूरू की धरती व यहां के लोगों की ओर से दिए संस्कार का ही परिणाम है कि मैं सफलतापूर्वक इस दायित्व का निर्वहन कर पा रहा हूं। उन्होंने लघु उद्योग के विकास की चर्चा करते हुए कहा कि चूरू में उद्योग धंधों के लिए काफी संभावनाएं है और शीघ्र ही हमारे जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में हम इस कार्य को करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 2047 तक देश को विश्व गुरू बनाने के लिए शिक्षा का प्रसार आवश्यक है। इस अवसर पर पवन बगड़िया ने कहा कि पंकज गुप्ता का इस पद पर आना चूरू के व्यापार जगत के लिए गौरव की बात है क्योंकि वे एक कुशल संगठनकर्ता व सभी को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष गोरीशंकर मण्डावेवाला ने उन्हें एक ईमानदार कार्यकर्ता बताया। कार्यक्रम में संघ के मंत्री विनित बजाज ने प्रशस्ति-पत्र का वाचन भेंट किया। इस अवसर पर मुरलीधर उंटवालिया, सुशील बजाज, सुरेश कुमार बजाज, मनोज भालेरीवाला, रामनिवास सरोठिया, मनोज महनसरिया, रमेश मेहरीवाल, महेन्द्र राजगढ़िया, बालचन्द सातड़ेवाला, जगदीश गोयनका, मुन्ना सरोठिया, सुनील सातड़ेवाला, धनश्याम सरोठिया, रामावतार लोहिया, भीखराज बगड़िया, नरेन्द्र क्याल, विजय जालान, पवन जालान, नरेश दुधवेवाला, गुरूमुख राजपाल, अमरचन्द सिंधी, देवकीनन्दन चौधरी, संजय सरावगी, सुरेश सर्राफ, लिलाधर मेहरीवाला, सुरेश किल्ला, हुकमीचन्द लोहिया, काशीराम क्याल, धनश्याम राजगढ़िया, रामरतन बजाज, सुनील भाऊवाला, दलीप गोयनका, विनोद सरावगी, शेरू गोयनका, शिव कुमार गोयनका, संजय बजाज, चन्द्रप्रकाश खत्री, कलपेश सर्राफ, बनवारीलाल चोटिया, हरदत्त सहारण, नवरतन शर्मा, विवेक गोयन्का, वल्लभ मण्डावेवाला, कैलाश भालेरीवाला, शिवकुमार गोयंका, महेन्द्र चौबे, विश्वनाथ राजगुरू, सुशील शर्मा, नरेन्द्र काछवाल, कमल बुढ़ाढरा सहित चूरू के व्यापारी और अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी ने किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# चाइनीज मांझा नहीं बेचने की शपथ पर व्यापारी का सम्मान, कंपेन अगेंस्ट चाइनीज मांझा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में जानलेवा चाइनीज मांझे के ख़िलाफ़ चल रहे कंपेन अगेंस्ट चाइनीज मांझा अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायी पहल सामने आई है। अभियान के तहत निर्मल सेवदा की ओर से अपनी दुकान पर चाइनीज मांझा न बेचने की शपथ लेने पर शहर के जागरूक युवाओं व प्रबुद्ध नागरिकों की ओर से माल्यार्पण कर व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि चाइनीज मांझा मानव जीवन, पक्षियों एवं पर्यावरण के लिए अत्यंत घातक है। हर वर्ष इससे अनेक निर्दोष लोग गंभीर रूप से घायल होते हैं और कई की असमय मौत तक हो जाती है। ऐसे में निर्मल सेवदा का यह संकल्प केवल एक व्यापारी का निर्णय नहीं, बल्कि समाज के प्रति कर्तव्य निभाने का सशक्त उदाहरण है। वक्ताओं ने सभी दुकानदारों, नागरिकों व युवाओं से इस अभियान से जुड़कर चाइनीज मांझे के पूर्ण बहिष्कार की अपील की। इस अवसर पर हुलासमल व्यास, महावीर माली, सुभाष शर्मा, अमित शर्मा, बाबूलाल स्वामी, प्रदीप कुमार खेड़ीवाल, प्रवीण कुमार शर्मा, भानु प्रकाश दानोदिया, हरिराम सारण, लाल बहादुर सेवदा, अरुण शर्मा, रोहित सोनी, मुकेश सेवदा, मांगीलाल भांभू, राजेश जाड़ीवाल, मुकेश माली, मनोज चोटिया, नारायण, नटराज दीक्षित, नरेन्द्र कुमार शर्मा सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। यह आयोजन समाज के लिए एक सख़्त चेतावनी और सकारात्मक संदेश है कि यदि व्यापारी वर्ग ठान ले तो चाइनीज मांझा स्वतः ही बाज़ार से समाप्त हो सकता है। अब आवश्यकता है कि हर नागरिक इस अभियान का हिस्सा बने और इस जानलेवा मांझे के ख़िलाफ़ निर्णायक लड़ाई लड़े।

## जन समस्याओं का समाधान करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कस्बे के निकटवर्ती गांव खालियां के लोगों ने ग्राम पंचायत की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपखंड कार्यालय में नायब तहसीलदार असलम खां कायमखानी को ज्ञापन सौंपा है। सागर मेघवाल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम पंचायत खालियां में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। इसी प्रकार गांव के सभी गुवाड़ में गंदे पानी की समस्या भी कई बार आती है, जिसका समाधान किया जाए। आस-पास की ढ़ाणियों का राजस्व अभिलेख ग्राम पंचायत खालियां किया जाए, ताकि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। इसी प्रकार पंचायत में ओवर हैड टेंक निर्माण करवाए जाने की मांग भी की गई है। ज्ञापन सौंपते वक्त वार्ड पंच बिजूराम नायक, शेराराम कालेर, गोपाल नायक, भंवरलाल नायक, राकेश कांटीवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## जरूरत मंद की सेवा करना ही संस्था का मुख्य उदेश्यः खेमका



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पीपुल यूनिटी संस्था की ओर से सोमवार को संस्था अध्यक्ष रघुनाथ खेमका, सचिव इंजी. सुरेश शर्मा व अभिताभ सरावगी कोलकाता के सहयोग से मुख्यमंत्री पुनर्वास ग्रह चूरू में रहने वाले व्यक्तियों को सर्दी के बचाव के लिए स्वेटर वितरण किए गए। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष रघुनाथ खेमका ने कहा कि संस्था का मुख्य उदेश्य जरूरत मंद की सेवा करना है। कोई भी व्यक्ति इस कड़ाके की ठंड में कपड़ों से वंचित नहीं रहे। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र सिंह, सत्यवीर बेनीवाल, मुकेश शर्मा, व्यवस्थापक घासीराम, विजय कुमार सहित संस्था के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का अधिकारी सम्पर्क अभियान

### शिक्षक समस्याओं से करवाया अवगत



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा के कार्यकताओं ने वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश प्रसाद जोशी के नेतृत्व में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अधिकारियों से सम्पर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सहारण, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष सोनगरा और बाबूलाल शास्त्री को शिक्षक संघ राष्ट्रीय की डायरी व कैलेंडर भेट किया गया। शिक्षक समस्याओं से अवगत करवाया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान का विश्वास दिलाया। जिला सभाध्यक्ष विकास पारीक ने अधिकारियों के सामने गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त रखने की मांग रखी। सम्पर्क अभियान में जिला सभाध्यक्ष विकास पारीक, जिला मंत्री मनोज गौड़, जिला कोषाध्यक्ष विनोद मीणा, जिला उपाध्यक्ष मनोज जोशी, जिला कार्यकारिणी सदस्य गंगाराम सुथार, सुशील गोस्वामी, चिरंजी जाखड़, शंकरलाल शर्मा, छगनलाल शर्मा, परमानंद स्वामी, मनोज सैन, कालू सैन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पंकज गुप्ता का अभिनंदन किया



जयपुर टाइम्स

चूरू(निस)। शहर के वार्ड 36 स्थित हनुमान चौक पर रविवार को पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंकज गुप्ता का अभिनंदन किया गया। श्याम लाल गोग्यान परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता का भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान वैद्य श्याम लाल शर्मा, गौड़ ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष, सुधाकर सहल मंचस्थ अतिथि थे। इस अवसर पर बाल किशन बावलिया, शंकर लाल शर्मा, प्रमोद गोग्यान, सुशील गोग्यान, योगेश गोग्यान, विष्णु, सुनील, योगेश गौड़, पिंटु, मंगल, विनित चोटिया, गीगराज, नीरज शर्मा, भास्कर शर्मा, शिव कुमार शर्मा (शिव सेना), राज कुमार शर्मा, पियुष लाटा, विजय कोठारी, दिनेश धर्ड, नवीन शर्मा, नव रतन शर्मा, मनमोहन महर्षि, केप्टन कृष्ण कुमार शर्मा, सतीश शास्त्री, बाबू पाटिल आदि उपस्थित रहे।

## चने की फसल का बीमा करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिला कलक्टर चूरू को एक किसान ने ज्ञापन भेजा है और मनमानी करने वाले बैंक कार्मिक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। भागीरथ पुत्र लिखमाराम जाट निवासी सुजानगढ़ की ओर से तहसीलदार को जिला कलक्टर के नाम दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि मेरे पिताजी के नाम से बड़ोदा राजस्थान ग्रामीण बैंक में केसीसी बनवा रखी है। जिसमें चने की फसल का प्रीमियम जमा करवाने के लिए मैं बैंक शाखा गया, तो वहां पर चंचल मैडम ने कहा कि 24 दिसम्बर लास्ट तारीख थी, अब प्रीमियम जमा नहीं होगा। जबकि बीमा की अंतिम तारीख 31 दिसम्बर है। इस प्रकार सरकार की गाईडलाइन के बावजूद भी बीमा नहीं किया गया। ज्ञापन में किसान ने 8 हैक्टेयर चने की फसल का बीमा करवाकर न्याय दिलवाए जाने की मांग की गई है।

## संभाग स्तरीय युवा महोत्सव में चूरू के युवाओं ने दिखाया दमखम



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** बीकानेर संभाग स्तरीय युवा महोत्सव 2025 में चूरू के दल ने अपना परचम लहराया। चूरू जिले में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतियोगियों ने बीकानेर संभाग स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लिया। संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक बीकानेर की ओर से दयानंद पब्लिक स्कूल बीकानेर के सभागार में आयोजित किया गया। जिले से नियुक्त प्रभारी सुभाष शर्मा व इंदुबाला वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिताओं में सामूहिक लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, हस्तकला व मांडणा में चूरू विजेता रहा। कविता लेखन, कहानी लेखन, भाषण, टेक्सटाइल, सामूहिक लोक गायन में चूरू द्वितीय स्थान पर रहा। चित्रकला व एकल गायन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीडीईओ संतोष कुमार महर्षि, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक किशनलाल गहनोलिया, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ओमप्रकाश प्रजापत, एडीईओ डॉ. कमल कुमार शर्मा व बृजेंद्र दाधीच एडी प्रमेंद्र शर्मा ने विजेता टीम को बधाई दी। संभाग स्तर पर विजेता रहे प्रतिभागी राज्य स्तर पर आयोजित युवा महोत्सव में बीकानेर संभाग का नेतृत्व करेंगे। सामूहिक लोक नृत्य में चेतना समूह, एकल लोक नृत्य में दिव्या भोजक , हस्तकला में गोविंद राम, मांडणा में सुनीता, पार्वती व कंचन विजेता रहीं।


## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र सुजानगढ़, जिला चूरू, राज.

क्रमांक : का.प्रा.अधि.न.क्षे.सुजा./2025/9871 दिनांक 29–12–2025

प्ररूप–10
(नि.यम 6(7) देखिए)
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़

**लोक सूचना**

निम्न आवेदक ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर–कृषिक फार्म हाउस प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन किया है, अर्थात :–

| क. सं. | आवेदक का नाम | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा न. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सृष्टि वर्मा पुत्री ओमप्रकाश | जिला चूरू, तह. सुजानगढ़ | दुलिया | 721/718 | 0.418 है. (सम्पूर्ण) 418 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90–क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने की और अभिधृति के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशसन के 7 दिन के भीतर–भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियम समय के भीतर–भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 29–12–2025 को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरीय क्षेत्र न.प. सुजानगढ

## कार्यालय ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्,

### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः- ग्रा.पं../खु.नि./2025-26/61-66 दिनांकः 29-12-2025

**खुली-निविदा सूचना संख्या- 06/2025-26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हाणी स्वामियान् पंचायत समिति बीदासर (चूरू) में स्वीकृत निम्नकार्यो को सम्पादित कराने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एक वर्ष की डिफ़ेक्टिव लाइब्लिटिजके साथ उपर्युक्त श्रेणी राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से खुली निविदा प्रक्रिया द्वारा निर्धारित प्रपत्र / फार्म में दिनांक 29.12.2025 समय दोपहर 12:00 पी. एम. बजे से निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 01. | रा.प्रा.वि. में छत पर टाइल लगाने का कार्य हृपाणा जोह्ड रामदेवरा | 343708 | 6875 |
| 02. | रा.प्रा.वि.में टिन शेड कार्य हृपाणा जोह्ड रामदेवरा | 450000 | 9000 |

उक्त कार्यों के इच्छुक निविदादाताओं द्वारा निर्धारित शुल्क कार्यालय में जमा करवाकर दिनांक 05.01.2026समय 11:00 ए.एम. बजे तक निविदा फार्म एवं शर्तों की प्रति प्राप्त की जा सकती है। भरी हुई एवं सीलबन्द निविदाऐं दिनांक 05.01.2026 समय 12:00 पी. एम. बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। धरोहर राशि निविदा आवेदन-पत्र के साथ संलग्न शर्तों अनुसार स्थानीय बीदासर बैंक शाखापर देय बैंक डी0डी0 / बैंकर्स चेक द्वारा जमा कराई जा सकेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 05.01.2026 को दोपहर 02:00 बजे से गठित क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी । निविदा शुल्क प्रत्येक कार्य का रूपये 200/- जमा करवाना होगा। उक्त से संबन्धित अन्य विस्तृत शर्ते कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है। उक्त से संबन्धित अन्यविस्तृतविवरण http// sppp.rajasthan.gov.in पर NIBNoZCR2526A1165 UBNN :- ZCR2526WSOB02012 To ZCR2526WSOB02013 तक पर से Download कर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्,**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्,**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्,

### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं ढाणी स्वामियान् / 2025-26/67-71 दिनांकः 29.12.2025

**निविदा सूचना संख्या 07 / 2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | जल होज मय पाईप लाईन डालने का कार्य लदानिया तलाई में नलकूप से बीरडो की ढाणी की ओर रामदेवरा | 717008 | 14350 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 29.12.2025 प्रात 10.00 बजे से 05.01.2026दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैंकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 05.01.2026 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 05.01.2026 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1166 UBN No. ZCR 2526 WSOB 02014 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्,**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत ढाणी स्वामियान्,**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**


## वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

**रतनगढ़(निस)।** नाबार्ड की ओर से वित्त पोषित और आर बी आई के सहयोग से आरोह फाउंडेशन के तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता प्रोग्राम और जन सुरक्षा अभियान के तहत रतनगढ़ ब्लॉक के असिस्टेंट फाइनेंशियल काउंसलर इंद्राज प्रजापत ने गांव हामूसर में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम में नाबार्ड से AGM G L निर्वाण सर और BOB चूरू से LDM राहुल कुमार सर हामूसर पंचायत के सरपंच बाबू खान व सैकड़ों ग्रामीण जन उपस्थित रहे, जिसके अंतर्गत लोगों को बैंकों में चल रहे अभियान, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के बारे में बताया गया।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि एक वाहन संख्या आरजे 02 आरजी 4551 जो कि हिंदुजा लिलैण्ड फाइनेंस लि.से फाइनेंस पर राजूराम पुत्र हनुमान रावत निवासी वार्ड न.2 हनुमान मंदिर के सामने तुराना नयाबास,बानसूर अलवर ने लिया था। वाहन धारक ने समय पर वाहन की किस्त अदा नही की है इसलिए कंपनी ने उक्त वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है और अब कंपनी उक्त वाहन को अपने नाम हस्तांतरण करा रही है अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस के अन्दर जिला परिवहन अधिकारी अलवर कार्यालय पर उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराएं- सूचित कर्ता -हिंदुजा लिलैण्ड फाइनेंस लि.

## कार्यालय ग्राम पंचायत बडाबर प.स. सुजानगढ़ (चुरू)

क्रमांक ग्रापब/2025/87 दिनांक 29/12/2025

**आपत्ति नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बडाबर पंचायत समिति सुजानगढ़ द्वारा निम्नाकिंत प्रार्थियों के कब्जासुदा भूमि के आवासीय पट्टे जारी किये जा रहे हैं। इस संबंध में किसी भी निकट पड़ोसीए रिश्तेदार, भाई बंधु को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो ग्राम पंचायत में स्वंय उपस्थित होकर या रजिस्टर डाक द्वारा आपत्ति आगामी 30 दिवस में दर्ज करवा सकता है। मियाद समय पुरा होने के उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्र.स | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | जाति | ग्राम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मंजू कंवर | भागुसिंह | राजपूत | जिन्दरासर |
| 2. | भंवरी कंवर | भंवरसिंह | राजपूत | जिन्दरासर |
| 3. | प्रहलाद सिंह | मगसिंह | राजपूत | जिन्दरासर |
| 4. | रेंवतराम | पूर्णाराम | नाई | जिन्दरासर |

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बडाबर**
**प.स. सुजानगढ़ (चुरू)**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत बडाबर**
**पं. स. सुजानगढ़ (चूरू)**

राजस्थान सरकार

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु

ई-44 अग्रसेन नगर
चूरू

E-mail- cemhchuru@yahoo.com
फोन नं. 01562-254670

क्रमांकः प.01 ()/ चि. स्वा. / खण्ड - चूरु / 2025-26 / 870 दिनांक :-19.12.2025

**निविदा सूचना संख्या :- 21 / 2025-26**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु के अन्तर्गत जिला चूरू के उप जिला अस्पातल राजगढ़ में फायर सिस्टम, लिफ्ट एवं एयर कंडिशनिंग एवं प्रा. स्वा. केन्द्रों पर आन्तरिक विधुतीकरण कार्य का कार्य राशि रु. 243.00 लाख तक के कार्य के लिए निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org,http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

UBN No. 1. NRH2526WSRC01967

DIPR/C/19165/2025

**अधिषाशी अभियन्ता**
**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खण्ड चूरू**

## सूचनार्थ

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक RJ / 25 / SEAC3/MIN/EC/0177 Jaipur Dated 26/12/2025 के द्वारा श्रीमान पदमाराम चौधरी पुत्र श्री नैनाराम चौधरी, पता- चरली, तहसील- आहोर, जिला- जालौर, राजस्थान - 343041 को निकट ग्राम थावला एवं मादड़ी, तहसील- आहोर, जिला- जालौर राज. में स्थित बजरी खनन, प्लाट नं. 21, खसरा नम्बर 01 ( थाँवला), एवं खसरा नम्बर 668/669,668 व 668 / 670 (ग्राम मादड़ी) क्षेत्रफल 69.2112 वास्ते खनिज बजरी खनन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति स्‍धद्ध एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण के लिये उपलब्ध है।

**- श्रीमान पदमाराम चौधरी**

## सूचनार्थ

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक RJ/25/SEAC3/MIN/EC/0178 Jaipur दिनांक 26/12/2025 के द्वारा श्रीमान संपत सिंह जरीये सलिल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. पता - स्ट्रीट नं. 02, जागृति स्कूल के पास, वार्ड नं. 03, पिलानी, जिला झुंझुनू (राज.) को निकट ग्राम सांकरणा तहसील आहोर जिला जालौर राजस्थान में स्थित बजरी खनन हेतु प्लाट नं. 06, क्षेत्रफल एरिया 56.41 हेक्टेयर खसरा संख्या 928 वास्ते खनिज बजरी खनन के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण के लिये उपलब्ध है।

**सलिल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लिः**

## कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है:-

| क्र. सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पकालीन खुली बोली सूचना 32/2025-26 | Galvanized Weld mesh size 5 inch X 5 inch Gap, Height 1.5 Mtr, Wire Dia 2 mm 33290 कि.ग्रा | 28.30 लाख | FOR 2526 GLO 04090 |

अल्पकालीन खुली बोली सूचना सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.Sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

**उप वन संरक्षक,**
**चूरू**

DIPR/C/19159/2025

राजस्थान सरकार

## कार्यालय प्राचार्य, स्वामी गोपालदास राजकीय कन्या महाविद्यालय, चूरू

E-mail- girlscollegechuru@gmail.com, Ph.No. 01562-252261

File/Bid No.- 10/2025-26 Date - 22-12-2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for Man Power Hire (One Computer and Two Class 4 Employee) invited from interested bidders up to 03:00 PM Dated 05-01-2026. Other particulars for the bid may be viewed on the procurement portal (http//sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is RS. 4.00 lacs.
UBN- ECD2526SSOB00418
NIB CODE- ECD2526A0399

**(Dr. Champa Lal Verma)**
**Principal/Chairman**
**Development Committee**
**Govt. Girls College, Churu**

DIPR/C/19104/2025

## गन्दे पानी की निकासी के लिए ईओ को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड न017 स्थित प्रजापति जीणमाता मंदिर व बाल भारती विद्या निकेतन के पास चौराहे पर नालियों के गन्दे पानी से हुए जल भराव के निस्तारण के लिए भारत की जनवादी नौजवान सभा के एडवोकेट गोवर्धन प्रजापति व गौहर खान के नेतृत्व में नगरपालिका अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। पूर्व में भी इस पानी निकासी के लिए एसड़ीएम मंडावा व अधिशाषी अधिकारी को समस्या समाधान के लिए लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है । इसका समाधान ना होने से शाला में पढ़ने वाले नन्हे मुन्ने बच्चे व मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं व आने जाने वाले आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर मांगेराम दहिया, राजेन्द्र सनोदिया, नारायण प्रसाद मारवाल, बाबूलाल पेंशिया, सुभाषचंद्र मारवाल, मंगलचन्द सनोदिया, राकेश सनोदिया, राकेश महरिया, राजेशकुमार व प्रतापसिंह आदि मौजूद रहे।

## एनएसएस के विशेष शिविर का समापन

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सातवाँ, अंतिम व समापन दिवस गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत वन्देमातरम गीत और राष्ट्रीय एकता की ताली के साथ की गई। वॉलेंटियर्स ने नशामुक्ति की शपथ के साथ ही समाज में स्वच्छता, अनुशासन, सेवा भावना व अपने कर्तव्यों के सजग रहने का संकल्प लिया। शिविर के सात दिन और वर्षपर्यंत आयोजित शैक्षणिक, सह शैक्षणिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वॉलिंटियर्स में से बी ए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा आयुषी कुमावत को इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ वॉलेंटियर चुना गया। पुरस्कार वितरण के माध्यम से विद्यार्थियों के उत्साह, प्रतिभा व सहभागिता को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी सहायक आचार्य अविनाश कुमार मील ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। मील ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन व टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने वॉलिंटियर्स की ओर से सात दिनों तक किए गए सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया।




## ग्राम विकास अधिकारी सिद्दार्थ खीचड़ की सेवा समाप्त

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** ग्राम विकास अधिकारी सिद्दार्थ खीचड़ की ग्राम विकास अधिकारी पद की सेवाओं को समाप्त कर दिया है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि सिद्दार्थ खीचड़ ग्राम पंचायत पातुसरी व नयासर पंचायत समिति झुंझुनूं में पदस्थापित रहते हुए पत्नी व अन्य रिश्तेदारो के खातो में रूपये 46,86,889 /- व 55,92,600/- अनाधिकृत रूप से राशि हस्तानान्तरण करना एवं नकद रूपये 66,940/- का गबन के आरोप जॉच में प्रमाणित पाए गए। कार्मिक की ओर से परिवीक्षाकाल में इतनी बड़ी राजकीय राशि को पत्नी व रिश्तेदारो के खातो में हस्तान्तरित करना अत्यन्त गम्भीर दुराचरण व वित्तीय अनियमितता करने और परीविक्षाकाल में ही उक्त प्रकार का कृत्य करने को गम्भीर मानते हुए डॉ. अरूण गर्ग जिला कलक्टर व प्रशासक जिला परिषद झुंझुनूं की अध्यक्षता में 29 दिसम्बर को आयोजित जिला स्थापना समिति की बैठक में ग्राम विकास अधिकारी पद की सेवाओं की समाप्ति किए जाने का निर्णय लिया गया।

## श्रीराम राज्याभिषेक के साथ कथा का समापन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के कंदोई बग़ीची में आयोजित श्रीराम कथा के नवम दिवस पर कथा स्थल श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से सराबोर नजर आया।व्यासपीठ से कथावाचक पं. आचार्य बालकृष्ण कौशिक ने राम-रावण युद्ध और श्रीराम राज्याभिषेक प्रसंग का अत्यंत ओजस्वी, भावपूर्ण और प्रेरणादायी वर्णन सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा में बताया गया कि धर्म और अधर्म के महासंग्राम में भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर असत्य, अहंकार और अधर्म का अंत किया। राम-रावण युद्ध का वर्णन करते हुए कथावाचक ने कहा कि यह युद्ध केवल अस्त्र-शस्त्र का नहीं, बल्कि सद्गुणों और दुर्गुणों के बीच संघर्ष का प्रतीक है। प्रभु श्रीराम की मर्यादा, संयम और करुणा ने यह संदेश दिया कि अंततः धर्म की ही विजय होती है। रावण वध के उपरांत अयोध्या लौटने पर श्रीराम के राज्याभिषेक का भव्य प्रसंग प्रस्तुत किया गया। राज्याभिषेक के समय अयोध्या की प्रसन्नता, पुष्प वर्षा और जन-जन के हर्षोल्लास का जीवंत चित्रण किया गया। कथावाचक ने कहा कि रामराज्य का अर्थ केवल सत्ता नहीं बल्कि न्याय, समता, सेवा और लोककल्याण की स्थापना है। जहां प्रजा सुखी और सुरक्षित रहती है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारों के साथ भावविभोर नजर आए। नवम दिवस की रामकथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जिन्होंने कथा श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। कथा में संत दयानाथ जी महाराज उदासर आश्रम, राजगढ पूर्व जिला प्रमुख कमला कस्वां, मोहर सिंह पोटलिया, इंद्राज सारण, मोतीलाल जाखड, प्रकाश सर्राफ, गोविंदराम भालेरीवाला, भंवरलाल जैसनसरीया, रामरतन मित्तल सुनील सर्राफ, मानकचंद भाटी, बृजमोहन सर्राफ, सुनील मिश्र, पार्षद शोभाकांत स्वामी, मनोज भालेरीवाला, नरेश कंदोई, पवन पोद्दार, संजय कंदोई, गौरीशंकर कंदोई, पवन कंदोई, संदीप कंदोई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ओबीसी आरक्षण निर्धारण को लेकर ओबीसी आयोग सदस्य पवन सैनी मावंडिया व एड. गोपाल कृष्ण शर्मा ने किया जन संवाद

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग की ओर से झूंझुनू जिला मुख्यालय पर 29 दिसंबर को जनसंवाद व परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ओबीसी आयोग की जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि सूचना केंद्र सभागार, झुंझुनूं में राज्य ओबीसी (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग सदस्य के रूप में पवन सैनी मावंडिया एवं एडवोकेट गोपाल कृष्ण शर्मा उपस्थित रहे। परिचर्चा कार्यक्रम में ओबीसी श्रेणी के भीतर वर्गीकरण किए जाने, जनसंख्या के अनुपात में सीटों का निर्धारण करने, पिछड़ी एवं अतिपिछड़ी जातियों को आरक्षण का पूर्ण लाभ दिलाने तथा वर्तमान 21 प्रतिशत



ओबीसी आरक्षण को बढ़ाकर 27 प्रतिशत किए जाने की मांग झुंझुनूं में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उठी। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने इन विषयों पर अपने विचार साझा किए। परिचर्चा के दौरान जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन ने पंचायती राज व नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण के निर्धारण को लेकर आयोग के समक्ष अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने कहा कि न्यायसंगत आरक्षण व्यवस्था से ही सामाजिक संतुलन और वास्तविक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सकता है।

### राजनीतिक व सामाजिक संगठनों की रही सक्रिय भागीदारीः

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी कैलाश यादव, जिला सूचना व जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, बुहाना के पूर्व प्रधान चौधरी हरपाल सिंह, नेशनल जन मंडल पार्टी के अध्यक्ष दौलत राम पेंसिया, जिला माली सैनी समाज के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री, कुम्हार कर्मचारी सेवा समिति के जिलाध्यक्ष हरिराम दादरवाल, भाजपा नेता इंद्राज सैनी, कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष संतोष सैनी, मेहरा समाज के प्रदेशाध्यक्ष सीताराम मेहरा, सैन समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. बी.एल. वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मदन लाल सैनी, माकपा जिला सचिव महिपाल पूनिया, भाजपा जिला मंत्री नीता यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य बजरंग लाल जांगीड, एडवोकेट रतन लाल मोरवाल, राजेश जांगीड, डॉ. श्रवण सैनी, डॉ. सोमदत्त यादव, नरेश सोनी, देवीदत्त भार्गव सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। जन संवाद में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने ओबीसी वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुदृढ़ करने तथा सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपने सुझाव आयोग के समक्ष रखे। आयोग सदस्यों ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें अभिलेख में दर्ज करने का आश्वासन दिया।

## वाल्मीकि समाज की कार्यकारिणी गठित, कैलाश लोहारा अध्यक्ष बने

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** कस्बे के मण्डावा कॉलेज के पीछे, डाक घर के निकट वाल्मीकि समाज की बैठक गोपालराम चावरिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान कैलाश कुमार लाहोरा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। बैठक में समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने, युवाओं को रोजगार से जोड़ने और सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का निर्णय लिया गया है और समाज को संगठित किया जाने व शैक्षणिक आधार पर भावी पीढ़ी को दिशा व मार्गदर्शन दिया जाएगा। सभी सदस्यों ने समाजहित में एकजुट होकर सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि बैठक में सर्वसम्मति से वाल्मीकि समाज विकास संस्थान के अध्यक्ष पद पर कैलाश किशन लाहोरा को चुना गया। इसके अलावा कमलकिशोर चन्देलिया, उपाध्यक्ष , विजयकुमार चन्देलिया महासचिव, कैलाश चन्द्र झाझोट सचिव, कालीदास उर्फ राजू चन्देलिया को कोषाध्यक्ष के पद पर चुने गए है। गोपालराम चांवरिया व मोतीलाल अठवाल संस्थान के संरक्षक होगे और वाल्मीकि समाज के प्रति घर प्रति व्यक्ति को सदस्य नियुक्त किया गया है। बैठक में बाल्मिकी समाज के सभी लोग उपस्थित रहे।

## मण्डावा : बांग्लादेश के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन सौपा

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मंडावा में सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ एसडीएम ज्ञापन से पहले मंडावा सुभाष चौक पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और रैली का शुभारंभ किया। रैली में बैनर व तख्तियां थीं,सनातन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव ओम मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष विनोद प्रजापति तथा सीकर संभाग प्रभारी मनोज सहल के निर्देशानुसार मंडावा तहसील अध्यक्ष जुगल किशोर शास्त्री पाटोदा, उपाध्यक्ष राहुल मिश्रा की ओर से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जुगल किशोर शास्त्री ने कहा कि सनातन सेवा न्यास मंडावा प्रधानमंत्री से आग्रह करता है कि बांग्लादेश के खिलाफ कड़े कदम उठाकर हिंदू अल्पसंख्यकों को न्याय दिलाए। इस अवसर पर युवा नेता अमित मीणा, राहुल सैनी, सुमित सैनी, चेतन शास्त्री, रामस्वरूप जी भूतिया, सुमित, छगन, संदीप सैनी आर्यन और दीनदयाल सैनी, विजय कुमार देवड़ा, पवन पत्रकार सहित बड़ी संख्या में मंडावा के लोग और समूह के सदस्य शामिल रहे, रैली के दौरान बांग्लादेश मुर्दाबाद, दीपू चंद्र दास को न्याय मिले आदि नारे लगाए गए। इसके बाद एसडीएम कार्यालय में एसडीएम मुनेष कुमारी ने सनातन सेवा न्यास की बात प्रधानमंत्री महोदय तक पहुंचाने की बात कही और अंत में सनातन सेवा न्यास तहसील अध्यक्ष जुगल किशोर शास्त्री की तरफ से सभी का धन्यवाद ज्ञात किया गया।

## अग्रवाल युवा मंडल तसीमों के अध्यक्ष बने विवेक मित्तल, संयोजक बने महावीर प्रसाद

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर/सैंपऊ(निस)।** अग्रोहा में संपन्न हुई जिला अग्रवाल महासमिति धौलपुर की दो दिवसीय कार्यकारिणी बैठक में तसीमों अग्रवाल समाज समिति तसीमों अध्यक्ष विजय मित्तल, महामंत्री दीपचंद मित्तल, उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद मित्तल, की अभिशंसा पर अग्रवाल महासमिति धौलपुर जिलाध्यक्ष ऋषि मित्तल, मंत्री मुकेश बंसल कोर्ट और अग्रवाल युवा महासंघ धौलपुर जिलाध्यक्ष अविनाश गर्ग की ओर से अग्रवाल नवयुवक मंडल तसीमों के अध्यक्ष पद पर विवेक मित्तल को नियुक्त किया गया है। जिस पर सभी ने विवेक मित्तल को तसीमों अग्रवाल युवा अध्यक्ष बनने पर बधाइयां दी। वहीं विवेक मित्तल की ओर से सर्व सहमति से कार्यकारिणी विस्तार करते हुए मुख्य संरक्षक पद कर अंकुर मित्तल, महामंत्री पद पर पुष्पेंद्र मित्तल, उपाध्यक्ष पद पर प्रदीप मित्तल, कोषाध्यक्ष पद पर भोला उर्फ विजय मित्तल, संगठन मंत्री रवि मित्तल, मुख्य सलाहकार अजय मित्तल आदि को नियुक्त किया गया। वहीं जिलाध्यक्ष ऋषि मित्तल ने तसीमों में निर्माणाधीन अग्रवाल धर्मशाला के निर्माण के लिए महावीर प्रसाद मित्तल को संयोजक नियुक्त किया गया। जिन्होंने विनोद कुमार मित्तल, विजय मित्तल, मुरारीलाल मित्तल, दीपचंद मित्तल, अनूप सिंघल, दीपेंद्र कुमार मित्तल, अंकुर मित्तल, ब्रजमोहन मित्तल, विवेक मित्तल के साथ धर्मशाला निर्माण कमेटी का गठन किया। जो कि धर्मशाला का अधूरा कार्य धर्मशाला कमेटी कमेटी की ओर से किया जाएगा।

## बड़ा गांव में पौषबड़ा महोत्सव आयोजित

**बड़ागांव/ झुन्झनू(निस)।** गौ माता मंदिर बड़गांव में पोश बड़ा प्रसाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। गौ माता मंदिर बड़गांव में पौषबड़ा प्रसाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित सज्जन मोरोलिया के सानिध्य में सुंदर काण्ड का पाठ श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। अवसर पर पंडित सज्जन मोरोलिया के सानिध्य में सुंदर काण्ड का पाठ श्रद्धालुओं की ओर से किया गया। मंदिर की सभी व्यवस्थाएं परमेश्वरी देवी इनके दामाद डॉ महेश अग्रवाल, ऊषा गोयल पुत्री पुरूषोतम लाल गोयल की ओर से संचालित होती है। सभी सदस्य गौ सेवा समर्पित भाव से करते है। प्रसाद कार्यक्रम में प्रसाद का भोग भगवान को अर्पित कर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।

## नव मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए कलस्टर कैम्प लगाया



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** पंचायत समिति में निर्वाचन आयोग भारत सरकार के निर्देशानुसार समाज के वंचित वर्गों व समाज की मूलधारा में जुड़ने से शेष वर्गों पर विशेष जोर देते हुए मतदाता सूंची में 18 आयु के विशेष योग्यजन पात्र नव मतदाताओं के पंजीकरण के लिए ऑनलाइन/ ऑफलाइन आवेदन करवाने के लिए कलस्टर कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान नोडल ब्लॉक दिव्यांग मतदाता प्रकोष्ठ प्रभारी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी युद्धवीर सिंह ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया जिसके तहत राजपुरा बूथ संख्या 216 के बीएलओ विक्रम सिंह के माध्यम से मौ.तोफिक पुत्र घीसु मोहम्मद व भालेरी बूथ संख्या 102 के बीएलओ अनिल स्वामी के माध्यम से अफरीना पुत्री जब्बीर का मौके पर ही फॉर्म नं 06 व डिक्लेरेशन फॉर्म भरकर नवमाता के रूप में पंजीकृत कर लाभान्वित किया गया। निर्वाचक रजीस्ट्रीकरण पदाधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) राजेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार दिव्यांग नवमतदाता पंजीकरण के अभियान में कुल 21 विशेष योग्यजन नवमतदाताओं को रजिस्टर्ड किया गया।

# प्रजापति समाज का दो दिवसीय त्रिजिलास्तरीय युवक युवती व विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** प्रजापति वेलफेयर संस्थान सुमेरपुर के तत्वावधान में महामंडलेश्वर श्री सेवानंद गिरिजी दाहोद की प्रेरणा से दो दिवसीय त्रिजिलास्तरीय जालौर,सिरोही, पाली का युवक युवती परिचय व प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह भीनमाल शहर में सोमवार को शंकरभाई प्रजापति वाटिका में आयोजित हुआ। संस्थान के उपाध्यक्ष एडवोकेट महेन्द्र कुमार राठौड़ जालौर ने बताया कि कार्यक्रम का आगाज प्रजापत समाज की आराध्य देवी श्रीयादे माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुरू हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस परिचय सम्मेलन में संपूर्ण क्षेत्र से लगभग 50 युवक युवतियों ने भाग लिया, इन सभी को मंच प्रदान किया गया। संस्थान के कार्यकर्ताओं की ओर से इनका दुपट्टा पहना कर स्वागत अभिनंदन किया। युवक युवतियों की ओर से अपना संक्षिप्त विवरण मंच के माध्यम से प्रस्तुत किया और समाज में हो रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में अपने-अपने सुझाव दिया। संस्थान के उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार राठौड़ ने कहा कि ऐसे







आयोजन से समाज में सगाई व परिचय में जो बाधाएं आ रही है उसका निराकरण होगा। साथ ही पहले के जमाने में जब किसी के घर में या सामाजिक आयोजन होता था। तब लोगों का मिलन होता था आपस में बातचीत होती थी और मुलाकात होती थी जिसे संबंध गहरे होते थे व भाईचारा बढ़ता था। संबंध को लेकर जो आज की दुविधा बनी हुई है उस समय ऐसी परिस्थिति नहीं थी । कार्यक्रम में शिवगंज के पूर्व प्रधान जीवाराम आर्य ने भी अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन गणेश प्रजापति उदयपुर ने किया । कार्यक्रम के दूसरे दिवस पर समाज की 500 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर ईश्वर प्रजापति वरिष्ठ वैज्ञानिक अहमदाबाद, पुखराज प्रजापत सेवानिवृत्ति उप प्रधानाचार्य, चेलाराम प्रजापति उप प्राचार्य लियादरा, मफतलाल प्रजापति पूर्व अध्यक्ष मारू प्रजापति छात्रावास सांचौर, किशनाराम आहोर उपस्थित रहे।

### शिक्षा और संस्कार समाज में जरूरीः

इस अवसर पर गोविंद वल्लभदास जी महाराज श्रीपतिधाम नंदनवन सिरोही का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में भामाशाह बाबूराम, विरमाराम, जगराम, अशोक भागल, चुनाराम, गोपाराम मोदरान, जोगाराम, लालाराम, गोदाराम भादरड़ा, हिमतराम, सुरेश नाराणराम, निंबावास, वीराराम, लखन देलवाड़ा, वगताराम सरथला, भीनमाल सुपर मार्केट रूपाराम, बगदाराम भागल, जोमतराम, निंबावास, सांवलाराम, मोहनलाल सरथला, खेखी देवी जुंजाणी, सोपाराम, मंजुदेवी नरता, कालूराम, वसनाराम सरथला, रामचंद्र रोहिट का साफा माला से बहुमान किया गया। संस्थान के संयोजक एडवोकेट ललित मेड़तिया सुमेरपुर ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों को मिटाना, शिक्षा, आरोग्य को बढ़ावा देते हुए सामाजिक एकरूपता का उदाहरण स्थापित करना मूल बिंदु है। गोविंद वल्लभदास ने कहा कि शिक्षा तो हर कोई प्राप्त कर रहा है लेकिन संस्कार युक्त शिक्षा मूल है जो धीरे-धीरे कहीं ना कहीं विलुप्त होती जा रही है। पुराने समय में शिक्षा के लिए गुरुकुल की स्थापना होती थी वरन वर्तमान में इन गुरुकुल का अस्तित्व समाप्त होता दिखाई दे रहा है। साथ ही समाज के युवा नशे की लत में पड़ रहे हैं, उन युवाओं व अभिभावकों से निवेदन किया कि नशे को संपूर्ण रूप से समाप्त करना है और संस्कार के साथ बालक बालिकाओं को अपने जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देनी है। कार्यक्रम में राजस्थान, गुजरात, दक्षिणी भारत सहित हजारों की संख्या में समाज बंधु शामिल हुए और अंत में भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट कैलाश मंडोरा भादूंद, उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार राठौड़ जालौर, कोषाध्यक्ष प्रकाश जालोरा सचिव रमेश मुलेवा, दिनेश ओसवाल जालोर, राजेश मालवीया, विष्णु टांक, अर्जुन प्रजापति, अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भंवरलाल पॉटर, महेन्द्र मावर ,विक्रम प्रजापत, दुदाराम प्रजापत, प्रशांत प्रजापत भीनमाल, कानाराम ऐनिया, चेतन रानीवाड़ा, रमेश सांचौर, मूंगाराम, कन्हैयालाल चांदना, बाबूलाल कुम्हार, सोमाराम रामसीन, राजू सोलंकी दक्ष प्रजापति अध्यक्ष चंपालाल चांदोरा सुमेरपुर, नरपत आर्य, बाबूलाल प्रजापत, गलबाराम आर्य, फूलाराम सहित कई पाली, जालौर, सिरोही के सामाजिक कार्यकर्ता व पंच पटेल ने अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में संस्थान ने अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन महेन्द्र राठौड़, गणेश प्रजापति उदयपुर ने किया गया।